# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 19 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 330 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




प. बंगाल के मानबाजार विधानसभा से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी संध्या रानी टुडू के पक्ष में चुनावी सभा के दौरान झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन

### महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने वाला विधेयक लोकसभा में पारित न हो पाने के बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को किया संबोधित

# नारी शक्ति वंदन संशोधन समय की मांग : मोदी

## विपक्ष को जरूर मिलेगी उसके पाप की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि आज मैं अपनी बहनों और बेटियों से बात करने के लिए आया हूं। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि नारी के दुख में मैं भी दुखी हूं। वो ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वो उनकी मंशा भाप रही हैं और सच्चाई भी भलीभांति जान चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में कहा कि महिलाओं को अधिकार देने वाला यह संशोधन, जो 40 वर्षों से लंबित था, उन्हें 2029 के लोकसभा चुनावों से ही यह अधिकार प्रदान करने के बारे में था। पीएम ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन 21वीं सदी के भारत की महिलाओं को नए अवसर प्रदान करने, उन्हें नई उड़ान देने और उनके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए किया गया एक भव्य यज्ञ था। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। वे इस तरह विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं। क्योंकि बांटो और राज करो, कांग्रेस यह राजनीति अंग्रेजों से विरासत में सीख कर आई है और उसी के सहारे आज भी चल रही है। कांग्रेस ने हमेशा देश में दरार पैदा करने वाली भावनाओं को हवा दी है। इसलिए यह झूठ फैलाया गया कि परिसीमन से कुछ राज्यों को नुकसान होगा जबकि सरकार ने पहले दिन से स्पष्ट किया है कि न किसी राज्य की भागीदारी का अनुपात बदलेगा न किसी का प्रतिनिधित्व कम होगा बल्कि सभी राज्यों की सीटें समान अनुपात में बढ़ेंगी। फिर भी कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और सपा जैसे दल इसे मानने के लिए तैयार नहीं हुए। यह संशोधन विधेयक सभी दलों के लिए एक मौका था। अगर यह पारित होता तो तमिलनाडु, बंगाल, यूपी सभी राज्यों की सीटें बढ़तीं लेकिन अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए इन राज्यों ने अपने लोगों को भी धोखा दे दिया। डीएमके के पास मौका था कि वह और ज्यादा तमिल लोगों को सांसद बना सकती थी और तमिल लोगों की आवाज मजबूत कर सकती थी।



टीएमसी के पास भी बंगाल के लोगों को आगे बढ़ाने का मौका था लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। सपा के पास भी मौका था कि वह महिला विरोधी होने के दाग को धो सके लेकिन उसने भी मौका गंवा दिया। सपा पहले ही लोहिया जी को भूल चुकी है लेकिन अब नारी शक्ति विधेयक का विरोध कर के उसने लोहिया जी के सपनों को पैरों तले रौंद दिया है। यह यूपी और देश की महिलाएं कभी नहीं भूलेंगी। आज महिलाएं जिस तरह आगे बढ़कर लोकसभा-विधानसभाओं में आना चाहती हैं। परिवारवादियों के अंदर उनसे असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद कहीं महिलाओं के पास ज्यादा सीटें होंगी, उनका कद बढ़ेगा, इसलिए इन दलों ने नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध किया है। नारी शक्ति कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को इसके लिए कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है। और इसके पीछे की वजह भी जान चुका है। नारी शक्ति वंदन विधेयक के विरोध की एक बड़ी वजह है इन परिवारवादी पार्टियों का डर। इन्हें डर है है कि अगर महिलाएं सशक्त हो गईं तो इनका नेतृत्व खतरे में पड़ जाएगा। यह कभी नहीं चाहेंगे कि इनके परिवार के बाहर की महिलाएं आगे बढ़ें। मुझे व्यक्तिगत तौर पर आशा थी कि कांग्रेस अपनी दशकों पुरानी गलती सुधारेगी। कांग्रेस अपने पापों का प्रायश्चित करेगी लेकिन कांग्रेस ने इतिहास रचने का, महिलाओं के पक्ष में खड़े होने का अवसर खो दिया। कांग्रेस खुद देश के अधिकांश विषयों में अपना वजूद खो चुकी है। कांग्रेस परजीवी की तरह क्षेत्रीय दलों की पीठ पर सवार होकर खुद को जिंदा रखे हुए है लेकिन कांग्रेस यह भी नहीं चाहती कि क्षेत्रीय दलों की ताकत बढ़े। इसलिए कांग्रेस ने इस संशोधन का विरोध करवाकर अनेक क्षेत्रीय दलों के भविष्य को अंधकार में धकेलने का षड़ंयत्र किया है। कांग्रेस महिला शक्ति के नारे से ही नफरत करती है। वह हमेशा से ही महिला सशक्तीकरण को रोकने के षड़यंत्र करती रही है। हर बार कांग्रेस ने इसमें रोड़े अटकाएं हैं। इस बार भी कांग्रेस और (शेष पृष्ठ 3 पर)

## मेयर संजीव सिंह के समर्थक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के सोनारडीह थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों ने घर में घुसकर जनता मजदूर संघ के नेता और मेयर संजीव सिंह के समर्थक शुभम यादव को गोली मार दी। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने शुभम को तीन गोलियां मारीं और वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में शुभम को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के समय शुभम अपने दादा-दादी के साथ घर पर मौजूद था। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल शुभम को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गये। हालत नाजुक होने पर उसे अशर्फी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मेयर संजीव सिंह अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। वहीं उनके समर्थकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कपिल और नगर पुलिस अधीक्षक ऋत्विक श्रीवास्तव भी अस्पताल पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार मृतक शुभम यादव का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज थे। फिलहाल पूरे इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं मेयर संजीव सिंह ने कहा कि शुभम यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई है। उसे गोली मारी गई थी। पुलिस से जांच पड़ताल करने की मांग की है। पुलिस इस मामले का जल्द खुलासा करेगी।

## 17 आइएएस एवं 46 आइपीएस अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फ़ेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने एक साथ 17 आईएएस एवं 46 आइपीएस अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन करते हुए कई जिलों में नए उपायुक्तों की नियुक्ति की है। इस फैसले को शासन-प्रशासन में कसावट और विकास कार्यों में तेजी लाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कुछ अधिकारियों को सचिवालय, आयोग, जेएसएलपीएस, कॉरपोरेशन, पर्षद से हटाकर जिलों की कमान दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार राजीव रंजन को जमशेदपुर, संदीप कुमार को लातेहार, अनन्य मित्तल को गढ़वा, कर्ण सत्यार्थी को गुमला और मेधा भारद्वाज को पाकुड़ का उपायुक्त बनाया गया है। वहीं लोकेश मिश्रा को गोड्डा, शशि प्रकाश सिंह को देवघर, उत्कर्ष गुप्ता को कोडरमा और हेमंत सती को हजारीबाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार मनीष कुमार को चाईबासा, ऋतुराज को रामगढ़, रवि आनंद को चतरा और दीपक कुमार दुबे को साहिबगंज का उपायुक्त बनाया गया है। वहीं, दिलीप प्रताप सिंह को पलामू, सौरभ कुमार भुवानिया को खूंटी, संदीप कुमार मीणा को लोहरदगा और आलोक कुमार को जामताड़ा का नया उपायुक्त नियुक्त किया गया है। सरकार के इस व्यापक फ़ेरबदल से प्रशासनिक ढांचे में नई ऊर्जा आने की उम्मीद जताई जा रही है। माना जा रहा है कि नए अधिकारियों की तैनाती से जिलों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और आम जनता को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिल सकेंगी। वहीं झारखंड सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा फ़ेरबदल करते हुए 46 आइपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार देर रात तबादले की अधिसूचना जारी की है। तबादले की लिस्ट में एडीजी से लेकर एएसपी तक का तबादला किया गया है। झारखंड पुलिस में बड़ा बदलाव किया गया है। लगभग एक दर्जन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को बदल दिया गया है। इस बड़े हाई-लेवल तबादले से प्रदेश के करीब एक दर्जन जिलों के एसपी बदल गए हैं। कई अधिकारियों को नई पोस्टिंग के साथ-साथ महत्वपूर्ण अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार एडीजी सीआईडी मनोज कौशिक को मुख्यालय एडीजी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एमडी पंकज कम्बोज को आईजी मानवाधिकार का अतिरिक्त प्रभार मिला है। आईजी निगरानी-सह-सुरक्षा नरेंद्र कुमार सिंह को पलामू में आईजी अभियान के साथ पलामू जोन के आईजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ऋषभ कुमार झा को जेएपी-4 के साथ एसआईएसएफ कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। वहीं निधि द्विवेदी को सरायकेला-खरसावां, आशुतोष शेखर को गढ़वा, नाथू सिंह मीणा को बोकारो, अनुदीप सिंह को पाकुड़, प्रवीण पुष्कर को देवघर, मुकेश कुमार लुनायत को रामगढ़, अनिमेष नैथानी को चतरा, अमन कुमार को हजारीबाग, कुमार शिवाशीष को कोडरमा, कपिल चौधरी को पलामू, शंभू कुमार सिंह को जामताड़ा, ऋषभ गर्ग को खूंटी का एसपी, एस. मोहम्मद याकूब को धनबाद ग्रामीण गौरव गोस्वामी को रांची ग्रामीण शुभम कुमार खंडेवाल को जमशेदपुर ग्रामीण का एसपी जबकि ललित मीणा को जमशेदपुर का सिटी एसपी बनाया गया है। इसी प्रकार शैलेंद्र कुमार सिन्हा को बोकारो का आईजी, क्रांति कुमार गेड़िदेशी को आईजी निगरानी-सह-सुरक्षा, माइकल राज एस को आईजी रेल, सुनील भास्कर को जेएपी आईजी, आनंद प्रकाश को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। वहीं प्रशांत आनंद (प्रतीक्षारत) को एसपी संचार एवं तकनीकी सेवा, सुमित कुमार अग्रवाल को एसपी विशेष शाखा, अजय कुमार को एसपी एसीबी, मनीष टोप्पो को एसपी एससीआरबी, दीपक कुमार पांडेय को एआईजी-सह डीजी के विशेष सहायक दीपक कुमार शर्मा को एसपी अभियान बनाया गया है जबकि अंजनी अंजन (जेएपी-5), रीष्मा रमेशन (जेएपी-9), कुसुम पुनिया (जेएपी-8), मूमल राजपुरोहित (रेल एसपी धनबाद), दीपक कुमार (आईआरबी-1 जामताड़ा), राजकुमार मेहता (एटीएस एसपी) हरविंदर सिंह को (एसपी विशेष शाखा) में तैनात किया किया है। वहीं निखिल राय को रांची कोतवाली एएसपी, ऋषभ त्रिवेदी को एएसपी मुख्यालय-01, श्रुति को एसडीपीओ चैनपुर, प्रशिक्षणरत दिव्यांश शुक्ला को एसडीपीओ हुसैनाबाद, नागरगोजे शुभम भाउसाहेब को एसडीपीओ सिमरिया, राघवेंद्र शर्मा को एसडीपीओ पतरातू और सैयद मुस्तफा हासमी को एसडीपीओ चक्रधरपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### संक्षिप्त समाचार

#### आदिवासी लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** लातेहार थाना क्षेत्र के एक गांव में आयोजित शादी समारोह में आई लड़की के साथ रात में ही गांव के पांच लड़कों द्वारा अगवा कर जंगल में ले जाने के बाद उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपित युवकों ने लड़की को धमकी देकर जंगल में ही छोड़ दिया। इस घटना के बाद देर रात जब लड़की वापस अपने रिश्तेदारों के घर पहुंची तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद शनिवार को लड़की अपने परिजनों के साथ थाना पहुंची और घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस फ्प्र आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी आरंभ कर दिया है।

## इलाके को अपराध मुक्त बनाने पर होगा काम : गौरव गोस्वामी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के नए ग्रामीण एसपी के तौर पर आईपीएस अधिकारी गौरव गोस्वामी ने शनिवार को अपना कार्यभर संभाला। इससे पूर्व गौरव गोस्वामी रामगढ़ के पतरातू में एसडीपीओ के पद पर तैनात थे। शनिवार को समाहरणालय स्थित ग्रामीण एसपी कार्यालय में गौरव गोस्वामी ने अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद ग्रामीण एसपी ने बताया कि रांची के ग्रामीण क्षेत्र में किस तरह के आपराधिक वारदात होते हैं, उसका विश्लेषण करने के बाद सभी तरह के हॉटस्पॉट को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी जिससे ग्रामीण इलाके को हर तरह के अपराध से मुक्त किया जा सके। ग्रामीण एसपी ने बताया कि राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध का ग्राफ किस तरह का है, इसका संपूर्ण विश्लेषण किया जाएगा। राजधानी की पुलिसिंग को बेहतर करने के लिए ग्रामीण इलाके को सुरक्षित करना बेहद आवश्यक होता है। आईपीएस गौरव गोस्वामी ने बताया कि पूर्व ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर के द्वारा बेहतरीन काम किया गया था, उन सभी कामों को वह आगे बढ़ाएंगे। गौरतलब है कि शुक्रवार की देर रात झारखंड के पुलिस महकमे में फ़ेरबदल करते हुए एक साथ 46 आईपीएस अफसरों का तबादला किया गया है। रांची के ग्रामीण एसपी रहे प्रवीन पुष्कर को देवघर का नया एसपी बनाया गया है।

## हजारीबाग में प्रेमी जोड़े ने दी जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के कुद गांव में शुक्रवार देर रात एक प्रेमी जोड़े ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान कुद गांव निवासी धीरज कुमार और हुडहूडू निवासी जया कुमारी के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, धीरज और जया के बीच कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार देर रात दोनों एक कमरे में फंदे से लटके मिले। परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें नीचे उतारा और तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक धीरज कुमार के भाई नीरज यादव ने बताया कि उन्हें धीरज और जया के प्रेम प्रसंग की जानकारी थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस विषय पर अपने भाई से बात भी की थी और स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच उन्हें यह खबर मिली कि दोनों ने यह कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही कटकमदाग थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग के कारण आत्महत्या का प्रतीत होता है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो पाएगी। पुलिस फिलहाल मृतकों के मोबाइल फोन और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की सटीक वजहों का पता लगाया जा सके। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## नाबालिग छात्रा ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नेहा पूर्ति नामक यह छात्रा 10वीं कक्षा में पढ़ती थी और बड़बिल मुखिया टोली की निवासी थी। उसके पिता बाबूराम पूर्ति जमशेदपुर में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। यह घटना शनिवार तड़के सुबह की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, नेहा ने रात में परिवार के साथ सामान्य रूप से खाना खाया और अपने कमरे में सोने चली गई थी। सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली, तो उसकी मां उसे जगाने गईं। कमरे में नेहा रस्सी के सहारे फंदे से लटकी मिली। इस दृश्य को देखकर घर में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। घटना की खबर पूरे गांव में तेजी से फैल गई, जिससे इलाके में शोक और सनसनी का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्काल गांव के मुंडा को सूचित किया जिसके बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस को खबर दी गई।

## कार ने चार को कुचला, एक की मौत, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** सड़क किनारे बैठे चार ग्रामीणों को एक कार ने कुचल डाला। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन चालक को बंधक बना लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क को जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को भारी फजीहत का सामान करना पड़ा। यह पूरी घटना गावां-सतगावां मुख्य सड़क पर जोड़ासिमर के पास की है। दरअसल शनिवार को जोड़ासिमर में कुछ गांव वाले सड़क के किनारे बैठे थे। इसी बीच सड़क से गुजर रही कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बैठे चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में 50 वर्षीय सरयू सिंह की मौत हो गई जबकि 28 वर्षीय श्रीकांत सिंह, 35 वर्षीय निरंजन सिंह और 60 वर्षीय भीम राजवंशी घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी। रफ्तार के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया। रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि धक्का लगते ही दो लोग उसी कार में फंस गए। वहीं कार कई मीटर दूर जाकर केले के पौधे से टकरा कर रुकी तभी दोनों को निकाला जा सका। हादसा होते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने पहले घायलों को निकाला फिर चालक को बाहर निकाला गया। चालक को बंधक बनाकर एक कमरे में रख दिया गया जबकि सड़क को भी जाम कर दिया। इस बीच गावां थाना प्रभारी जेपी सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस को देख लोग और आक्रोशित हो गए और पुलिस की वाहन पर ही पथराव कर दिया। लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस को खुद के बचाव में पसीना बहाना पड़ा।

## गैस रिसाव और भू-धंसान क्षेत्र का डालसा की टीम ने किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के केंदुआडीह कोलियरी इलाके में जारी भू-धंसान और जहरीली गैस के रिसाव से लोगों की जिंदगी खतरे में है। इस बीच शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की न्याय रथ टीम प्रभावित क्षेत्र में पहुंची और हालात का जायजा लेते हुए लोगों को सहायता का भरोसा दिया। केंदुआडीह के भू-धंसान प्रभावित इलाकों में डालसा की विशेष टीम ने पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की। टीम की अगुआई अवर न्यायाधीश सह सचिव मयंक तुषार टोपनो कर रहे थे। उनके साथ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। टीम ने प्रभावित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें कानूनी सहायता के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



साथ ही सुरक्षा के उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। डालसा की ओर से आश्वस्त किया गया कि प्रभावितों को हरसंभव कानूनी मदद दी जाएगी और उनके पुनर्वास की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। टीम द्वारा तैयार रिपोर्ट जिला प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन के साथ साझा कर समन्वय के जरिए समाधान निकालने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित यह विशेष टीम लगातार क्षेत्र का दौरा कर स्थिति की निगरानी करेगी और पीड़ितों को सरकारी सुविधाओं से जोड़ने का काम करेगी। डालसा की इस पहल से प्रभावित लोगों में उम्मीद जगी है कि अब उनकी समस्या पर गंभीरता से काम होगा और जल्द ही कोई स्थायी समाधान सामने आएगा।


**भारतीय स्टेट बैंक**

**क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, बोकारो, झारखण्ड**

**सिटी सेंटर, सेक्टर-4, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो-827004**

**स्थानांतरण सूचना**

हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमारे पेटरवार शाखा का स्थानांतरण एक अधिक सुविधाजनक और विशाल स्थान पर, पेटरवार में ही किया जा रहा है। यह स्थानांतरण 22/06/2026 से प्रभावी होगा। हमारा नया पता होगा :

**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पेटरवार शाखा**

**ग्राउंड फ्लोर, शांति विलाश, एनएच-23, मेन रोड, पेटरवार**

**बोकारो, झारखंड, पिन-829121**

हमारे टेलीफोन नंबर रहेंगे-

शाखा प्रबंधक-पेटरवार-शाखा 7667985237

हम आपको नए स्थान से बेहतर सेवा देने की आशा करते हैं।

आदेशानुसार

क्षेत्रीय प्रबन्धक

क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, बोकारो

स्थान : बोकारो

दिनांकः 19.04.2026

## संक्षिप्त समाचार

### हरनौत के मुढ़ारी गांव में निकाली गई कलश शोभा यात्रा

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के मुढ़ारी गांव स्थित फोरलेन सड़क किनारे नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में श्री श्री 108 श्री बजरंगबली जी की प्राण-प्रतिष्ठा एवं अखंड कीर्तन को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान 201 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने जलबोझी कर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से सुरक्षित वाहन के माध्यम से बख्तियारपुर के ग्यासपुर स्थित गंगा नदी तट पहुंची, जहां आचार्य अरविंद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक कलश में जल भरवाया। इसके बाद शोभा यात्रा पुनः वाहन से हरनौत पहुंची। हरनौत बाजार में नेशनल हाईवे-20 पर फ्लाईओवर के नीचे स्थित पेट्रोल पंप से कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर डीजे की धुन पर मुख्य बाजार, रूपसपुर चौराहा स्थित सरदार पटेल चौक, बीआरसी, जीडीएम कॉलेज होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पदयात्रा की। पूरे मार्ग में ह्लजय श्री रामह्व और ह्लजय हनुमानह्व के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम स्थल पर विद्वानों द्वारा विधिवत यज्ञशाला में कलश की स्थापना कराई गई। आसपास के बड़ी मुढ़ारी, छोटी मुढ़ारी, मानपुर, साहवाजपुर, रूपसपुर समेत कई गांवों में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। विद्वानों ने बताया कि मंदिर परिसर में यज्ञशाला का निर्माण किया गया है। बताया गया कि रविवार को वेदी पूजन एवं मंडप पूजन होगा, 20 अप्रैल को भगवान बजरंगबली की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा। वहीं 21 अप्रैल से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू होगा, जिसका समापन 22 अप्रैल को पूणार्हुति एवं हवन के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर सुगंबर यादव, नंदू यादव, जितेंद्र यादव, सिंघे यादव, सोनू, नितिश, लनीन, कमलेश, बब्लू, पप्पू, गुड्डू, सुनील, मनीष समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### राजगीर मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर ब्रह्मकुंड परिसर स्थित मंदिर एवं पवित्र कुंड के रंग-रोगन, मरम्मत एवं समग्र सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने मलमास मेले के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि ब्रह्मकुंड परिसर को श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक, स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने का भी सुनहरा अवसर है। समीक्षा के दौरान मंदिर परिसर की दीवारों के रंग-रोगन, कुंड की सफाई एवं मरम्मत, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शौचालय व्यवस्था तथा अन्य यात्री सुविधाओं को मजबूत करने के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मिस्ट कूलर, पंखे, पानी के फव्वारे, आपातकालीन प्रवेश एवं निकास द्वार, भीड़ नियंत्रण के लिए जिग-जैग बैरिकेडिंग, आकर्षक लाइटिंग, दीदी की रसोई, मेडिकल टीम, नियंत्रण कक्ष और क्लॉक रूम जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही गई। डीएम ने बताया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और साप्ताहिक समीक्षा के माध्यम से प्रगति पर नजर रखी जाएगी, ताकि सभी तैयारियां समय पर पूरी हो सकें। उन्होंने भरोसा जताया कि मलमास मेला 2026 को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे जिले की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और मजबूती मिलेगी। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, पर्यटन निगम के महाप्रबंधक चंदन चौहान, कार्यपालक अभियंता रामानुज प्रसाद, होटल एवं लीज प्रबंधक गौरव कुमार, रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार, सहायक अभियंता शेष राम वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत 2000 से अधिक छात्रों को मिली विशेषज्ञों की सलाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के बड़ा रमना स्थित प्रेक्षागृह में सामाजिक युवा संगठन संकल्प 95 द्वारा एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के करीब 2000 छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आईआरएस अधिकारी युद्धस्थ कुमार सिंह, अध्यक्ष सौरव कुमार एवं अन्य गणमान्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व बैज देकर किया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत संगठन की गतिविधियों पर आधारित एक वीडियो प्रस्तुति से हुई। पहले सत्र में युद्धस्थ कुमार सिंह ने सिविल सेवा की तैयारी, रणनीति और लक्ष्य निर्धारण पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं इंटेलिजेंस ब्यूरो से जुड़े सौरव कुमार ने भी करियर चयन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के डॉ. संजीव कुमार ने इंजीनियरिंग, जबकि डॉ. कुमार राजकुमार सिंह ने मैनेजमेंट के क्षेत्र में अवसरों पर प्रकाश डाला। प्रेरक वक्ता अभिनव सिंह ने सफलता के मूल मंत्र साझा किए। संगठन के संयोजक डॉ. मदन बनिक ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सही समय पर सही दिशा देना है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। संचालन विशाल कमल व आशीष कुमार ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस का रुख महिलाओं के सम्मान के खिलाफ : राजकुमार राज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** राजकुमार राज, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध करने वाले कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इन दलों का महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से कोई वास्तविक सरोकार नहीं है राजकुमार राज ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 2026 में महिला आरक्षण के क्रियान्वयन का न केवल विरोध किया, बल्कि इसे रोकने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का पुराना रवैया रहा है। इतिहास का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 1996 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के समय महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया था, लेकिन कांग्रेस के समर्थन के बावजूद इसे पारित नहीं होने दिया गया उन्होंने आगे कहा कि 1998, 1999, 2002 और 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने चार बार इस विधेयक को लाने का प्रयास किया, लेकिन हर बार कांग्रेस के समर्थन के अभाव में यह पारित नहीं हो सका राजकुमार राज ने कहा कि वर्ष 2010 में, इस इतिहास के बावजूद, भाजपा ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार को राज्यसभा में विधेयक पारित कराने में समर्थन दिया, लेकिन लोकसभा में कांग्रेस पीछे हट गई और विधेयक पेश ही नहीं किया गया।उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने स्पष्ट बहुमत के बल पर महिला आरक्षण विधेयक पारित कराया, जिसके कारण कांग्रेस के पास समर्थन देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर 2026 में ऐसा क्या बदल गया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इसका विरोध करने लगे राजकुमार राज ने कहा कि 2023 के कानून में जनगणना और परिसीमन के बाद इसे लागू करने का प्रावधान है, जिससे इसके लागू होने में 2034 या उससे अधिक समय लग सकता है। उनका आरोप है कि कांग्रेस को यह व्यवस्था स्वीकार नहीं थी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल महिलाओं के हित में बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जब वास्तविक अधिकार देने की बात आती है तो उनका ह्लचाल, चरित्र और चेहराह्व सामने आ जाता है। उन्होंने महिला मतदाताओं और महिला नेताओं से अपील की कि वे इन दलों के भ्रामक बयानों को समझें और केंद्र सरकार के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करें। अंत में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी शुरू से ही महिला आरक्षण की समर्थक रही है और आगे भी महिलाओं के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# तालाब में डूबने से बुजुर्ग महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के पेशौढ़ गांव में शनिवार को तालाब में डूबने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान माफी गांव निवासी 70 वर्षीय गिरिजा देवी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गिरिजा देवी रोज की तरह सुबह स्नान के लिए घर से निकली थीं। उनके पुत्र जितेंद्र पासवान ने बताया कि तालाब किनारे पहले उन्होंने कपड़े धोए और फिर बालों में मिट्टी लगाकर नहाने के लिए पानी में उतरीं। इसी दौरान वह अनजाने में गहरे पानी में चली गईं और डूब गईं। घटना की जानकारी करीब तीन घंटे बाद परिजनों को मिली। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से महिला को पानी से बाहर निकाला गया। हालांकि तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सदर अस्पताल परिसर में लगी आग, अफरा-तफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल परिसर में शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब पुराने पेइंग वार्ड के पीछे जमा कचरे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे परिसर में धुआं फैल गया, जिससे मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल कर्मियों में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुराने पेइंग वार्ड के पीछे लंबे समय से कचरा जमा था। इसी कचरे में अचानक आग लग गई और कुछ ही देर में लपटें तेज हो गईं। आग से उठता धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। जिससे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद इमरान ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। आशंका है कि कचरे के ढेर में किसी चिंगारी के कारण आग भड़क गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और न ही किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने परिसर की सफाई व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने की बात कही है।

# पन्द्रह वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के लहसुना थाना स्थित एक गांव से बीते शुक्रवार की दोपहर एक पन्द्रह वषीर्या किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में किशोरी के पिता ने लहसुना थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराते हुये गांव के ही सुबोध पासवान के पुत्र अनिरुद्ध पासवान के अलावे घर के अन्य सदस्यों को आरोपित किया है। इधर थानाध्यक्ष खुश्बु खातून ने बताया कि मामला संज्ञान मे आया है।

पुलिस इसे गहनता से देख रही है. घटना के विषय मे बताया जाता है कि किशोरी शुक्रवार की दोपहर गांव की दुकान से कुछ खरीदने गयी थी, देर शाम तक वापस नही लौटी। बाद मे किशोरी के परिजन जब उसे ढूंढने लगे तो पता चला कि नामजद आरोपित अपने परिजनों के सहयोग से उसका अपहरण कर अपने साथ लेकर चले गये है। आरोप है कि जब किशोरी के परिजन आरोपित के घर पूछने गये तो वे उन्हे गाली गलौज करते हुये भगा दिया और एस सी एसटी केश मे फंसा देने की धमकी दी। इधर थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोरी व आरोपित का एक विडियो आया है जिसमे दोनों शादी कर लेने की बात कह रही है. उन्होने बताया कि दोनो के सदस्य जिम्मेवार पद पर है। बाबजूद किशोरी को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है.उन्होने बताया कि किशोरी नाबालिग है।

# अमन कुमार बने एसपी और हेमंत सती ने संभाली उपायुक्त की जिम्मेदारी





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग जिले में प्रशासनिक स्तर पर अहम बदलाव हुआ है। अमन कुमार ने जिले के नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में पदभार ग्रहण किया, वहीं हेमंत सती ने नए उपायुक्त (डीसी) के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाली। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी अमन कुमार ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को प्राथमिकता बताया। वहीं उपायुक्त हेमंत सती ने विकास कार्यों को गति देने, सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और प्रशासन में पारदर्शिता लाने की बात कही। दोनों अधिकारियों के पदभार ग्रहण करने पर जिले के अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनका स्वागत किया और बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का भरोसा जताया। जिलेवासियों को भी नए प्रशासनिक नेतृत्व से बेहतर कानून-व्यवस्था और विकास की उम्मीद है।

# डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की जागरूकता प्रभातफेरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार ।** जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से मिटाने के लिए शनिवार को जिला प्रशासन पूरी तरह सख्त रहने का संदेश दिया है। आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाह जैसी घटनाओ के रोकथाम तथा व्यापक प्रचार -प्रसार को लेकर शनिवार को जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में प्रभात फेरी के रुप स्थानीय लोगों का बरबस ध्यान आकृष्ट कर रहा था ।रैली के समापन पर समाहरणालय परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।जिसमें किशोरियों के बीच मेंस्ट्रुअल हाइजीन मैनेजमेंट किट का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम बाल विवाह रोकने के साथ किशोरियों के स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति उन्हें जागरूक करने को लेकर जिला प्रशासन की संवेदनशीलता की गवाही दे रहा था।पदाधिकारियों ने



में जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से न केवल कुप्रथाओं पर प्रहार किया गया, बल्कि समाज को बेटियों की शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया।रैली में किशोरियों शामिल रहीं।जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने झंडी दिखाकर रैली को विदा किया। बल्कि वे स्वयं अपर समाहर्ता डा. बिनोद कुमार के साथ रैली का हिस्सा भी बने। पदाधिकारी द्वय किशोरियों की रैली के साथ अम्बेडकर चौक से हनुमान मंदिर होते हुए समाहरणालय परिसर तक पैदल मार्च किया।

प्रशासन के आला अधिकारियों को रैली में अपने साथ पाकर किशोरियों का उत्साह दोगुना नजर आया। इस दौरान वातावरण में बाल विवाह-बंद करो, बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ, सशक्त नारी- सशक्त समाज जैसे नारा गूंजते रहे।रैली की ओर राहगीरों और अपने संबोधन में किशोरियों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए स्वच्छता और शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। महत्वपूर्ण हथियार हैं। डीएम ने कहा कि बाल विवाह एक अक्षम्य सामाजिक बुराई है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, अभिभावकों और धर्मगुरुओं से अपील की कि वे इस कुप्रथा को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बाल विवाह की सूचना तुरत जिला प्रशासन के संज्ञान में देने की अपील की। ताकि समय रहते उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके।कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुल चंद्र चौधरी,महिला एवं बाल विकास निगम के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक और जिला मिशन समन्वयक समेत कई अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

# केरेडारी-टंडवा मार्ग पर कोल वाहनों का कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड से टंडवा को जोड़ने वाली मुख्य पब्लिक सड़क पर कोयला ढुलाई में लगे भारी वाहनों के दबाव ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सड़क पर ट्रकों की लंबी कतारें और लगातार जाम की स्थिति के कारण राहगीरों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग पर पैदल चलना और दोपहिया वाहन से गुजरना बेहद जोखिम भरा हो गया है। आए दिन हो रहे सड़क हादसों ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोग मजबूरी में जान जोखिम में डालकर सफर करने को विवश हैं।



बताया जाता है कि इस पब्लिक सड़क का उपयोग से जुड़ी कोयला ढुलाई के लिए किया जा रहा है, जिससे भारी वाहनों की संख्या अनियंत्रित रूप से बढ़ गई है। सार्वजनिक मार्ग पर इस तरह का दबाव सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

केरेडारी के उपप्रमुख अमेरिका महतो ने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ह्लजनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन को चाहिए कि अविलंब इस समस्या का समाधान निकाले। कोयला ढुलाई के लिए अलग मार्ग की व्यवस्था की जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि लगातार हो रही दुर्घटनाएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या पर तत्काल हस्तक्षेप कर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की जाए और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है।

# शिकारपुर थाना में 500 लीटर जब्त शराब का हुआ विनष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरकटियागंज।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने और जब्त खेप के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने शनिवार को थाना परिसर में न्यायालय के आदेशानुसार, मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में लगभग 500 लीटर जब्त अंग्रेजी शराब को जेसीबी से कुचलकर विनष्ट कर दिया गया। उत्पाद विभाग की देखरेख में पूरी प्रक्रिया को अत्यंत पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया।

उत्पाद निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न छापेमारी और विशेष अभियानों के दौरान बरामद शराब को साक्ष्य के तौर पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय से विनष्टीकरण का आदेश प्राप्त होने के बाद नियमानुसार यह कदम उठाया गया है।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि विनष्ट की गई शराब में तीन अलग-अलग मामलों की खेप शामिल थी। इसमें एक ट्रक से बरामद भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ-साथ दो अन्य मामलों में जब्त की गई बोतलें भी शामिल थीं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शराब तस्करों और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और भविष्य में भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### 700 लीटर महुआ शराब, दो टेम्पो एक बाइक के साथ तस्कर पुलिस गिरफ्त में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फतुहा ।** नदी थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सबलपुर सिक्स लेन पुल के नीचे छापेमारी कर एक सीएनजी टैम्पू से 340 लीटर देशी महुआ शराब बरामद कर चालक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा ग्राम बांसतल स्थित पुरानी एनएच-30 के पास एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से 360 लीटर महुआ शराब बरामद करते हुए एक अन्य तस्कर को भी गिरफ्तार किया. साथ ही वाहन चेकिंग में एक चोरी का सीएनजी टैम्पू भी बरामद किया. इस प्रकार कुल 700 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई है।

# नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत सामुदायिक शौचालय निर्माण का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया ।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड-34 अंतर्गत गोनौली दलित बस्ती में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए कायार्देश जारी होने के बाद महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने स्थल निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि स्थानीय लोगों की उनसे मांग यह योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ही इसकी योजना एसबीएम-2.0 अर्थात स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वीकृत की गई। कायार्देश के अनुसार,चयनित संवेदक को तीन माह की निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने का



निर्देश दिया गया है। महापौर ने बताया कि योजना की कुल प्राक्कलित राशि लगभग 10.81 लाख निर्धारित की गई है। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संवेदक को सभी निर्माण मानकों और तकनीकी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता साथ ही, कार्य पूर्ण होने के बाद मापी पुस्तिका के आधार पर भुगतान किया जाएगा। इसकी निगरानी आप लाभुक समाज की जिम्मेदारी है। कायार्देश में भी स्पष्ट किया गया है कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मजदूरों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी देना भी अनिवार्य किया गया है। नगर आयुक्त के निर्देशार्नुसार, कार्य प्रारंभ से पूर्व एवं पूर्ण होने के बाद स्थल का फोटोग्राफिक साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। गुणवत्ता जांच के उपरांत ही अंतिम भुगतान किया जाएगा। महापौर ने बताया कि इस योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई गई है।

# देश के लिए रोल मॉडल बना रांची सदर अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत झारखंड ने पूरे देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर एक नया इतिहास रच दिया है। महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के चिंतन शिविर में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राज्य को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए आज सम्मानित किया गया। झारखंड को यह सम्मान, गुणवत्ता पूर्ण दावों के सफल निष्पादन, पारदर्शिता और बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए प्रदान किया गया है, जो राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में हो रहे सकारात्मक बदलाव का स्पष्ट प्रमाण है। झारखंड को मिली इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने




कहा कि यह सफलता निरंतर मेहनत, प्रतिबद्धता और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब मेहनत रंग लाती है तो मनोबल कई गुना बढ़ और जाता है। झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार बेहतर कर रहा है। मंत्री ने कहा कि हमने जो वादा किया था, उसे निभाकर दिखाया है और आगे भी जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने विशेष रूप से रांची सदर अस्पताल की सराहना करते हुए कहा कि यह अस्पताल आज देशभर में आयुष्मान भारत योजना के तहत नंबर वन बनकर एक आदर्श मॉडल के रूप में उभरा है। उन्होंने इसे पूरे झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र की सामूहिक सफलता बताया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि मुझे थोड़ा समय दीजिए, मैं व्यवस्था बदलकर दिखाऊंगा। आज मिला यह राष्ट्रीय सम्मान उसी संकल्प और ठोस कार्यों का परिणाम है। राज्य के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, अजय कुमार सिंह ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि राज्य की बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, पारदर्शिता एवं टीमवर्क का परिणाम है।

## अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची सहित राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तेज धूप और पछुआ हवा के प्रभाव से तापमान बढ़ा है। इस तपिश भरी गर्मी की वजह से बड़ी संख्या में लोग बीमार होने लगे हैं। रांची के सदर अस्पताल और रिम्स के ओपीडी में सामान्य दिनों की अपेक्षा डेढ़ गुणा मरीजों की संख्या बढ़ी है। रांची सदर अस्पताल के मेडिसिन विभाग के डॉक्टर लक्ष्मीकांत साय ने बताया कि ज्यादातर लोग तेज गर्मी और धूप की वजह से बीमार पड़ कर अस्पताल पहुंच रहे हैं। डॉ लक्ष्मीकांत साय ने कहा कि जो मरीज पहुंच रहे हैं, उसमें से ज्यादा लोग बुखार, शरीर में दर्द, सुस्ती, डायरिया जैसी शिकायत के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी को लेकर लोगों को विशेष सावधानी बरतने और खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है।

## एक नजर

### कार सवार तस्कर ने ऑटो में मारी ठोकर, पांच जख्मी, कार से शराब बरामद

**ओबरा।** ओबरा थाना क्षेत्र के राघे बिगहा मोड़ से पुलिस ने उजला रंग के एक स्विफ्ट कार के साथ 275 लीटर शराब बरामद किया है। साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर की पहचान गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामनगर अबिला देवी स्थान निवासी रॉकी कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि स्विफ्ट कार से शराब ले जा रहे तस्कर को जैसे ही पुलिस की भनक लगी वह कार का स्पीड तेज कर दिया जिससे कार अनियंत्रित होकर एक ऑटो से टकरा गया जिसमें 4-5 व्यक्ति जख्मी हो गए। सभी जख्मी को इलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तलाशी में कार से 275.2 लिटर शराब बरामद किया गया। बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई के बाद तस्कर को जेल भेज दिया गया। वहीं घटना में जख्मियों का इलाज करवाया गया।

### बच्चों में बांटी गई लेखन सामग्री, जल्द बनेगी लाइब्रेरी

**औरंगाबाद।** कुटुम्बा प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कंचनपुर में वरीय अधिवक्ता एवं शिक्षाविद स्वर्गीय किरण प्रसाद की पंचम पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं बीएसएल के सेवानिवृत्त कर्मी विश्वनाथ प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों और ग्रामीणों ने स्वर्गीय किरण प्रसाद के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूली बच्चों के बीच लेखन सामग्री का वितरण रहा, जिससे बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने स्व. किरण प्रसाद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण, सरल, शालीन और समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उनकी जीवनशैली और सेवा भावना आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं, उनके छोटे पुत्र एवं "स्टडी विथ रमण" के निदेशक रमण किरण ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि वे शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम मानते थे। उन्होंने जीवनभर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की, जिसके परिणामस्वरूप कई छात्र आज देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस मौके पर परिवार के सदस्य रौशन किरण, संतोष सिन्हा, उज्ज्वल, प्रांजल, मिथलेश सिंह, वरुण सिंहा, विपुल सिंहा, रामजी सिन्हा, शिक्षक रामपुकार मेहता, रामबचन तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बाल संसद का हुआ गठन, सुहानी कुमारी बनी प्रधानमंत्री




**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय करसांव के प्रांगण में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के निमित बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित बाल संसद का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से किया गया जिसमें कक्षा 6,7, 8 के विद्यार्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया किया। तत्पश्चात मतदान को तकनीकी रूप से सशक्त एवं रोचक बनाने के उद्देश्य से मोबाइल के वोटिंग मशीन नामक मोबाइल ऐप का उपयोग किया गया। मतदान में सभी विद्यार्थियों ने विशेष सहभागिता निभाते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पर्यवेक्षक के देखरेख में मतगणना की शुरुआत की गई। मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रधानमंत्री आठवीं क्लास की छात्रा सुहानी कुमारी, शिक्षा मंत्री वर्ग सात के छात्र प्रिंस कुमार, स्वच्छता मंत्री वर्ग सात की छात्रा तान्या कुमारी, पर्यावरण एवं विज्ञान मंत्री वर्ग 6 की छात्रा अमृता कुमारी, सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री वर्ग 6 की छात्रा संध्या कुमारी, जल एवं पर्यावरण मंत्री वर्ग सात के छात्र रोहित निर्वाचित हुए। सभी शिक्षकों ने बाल संसद में निर्वाचित होने वाले सदस्यों को बधाई दी प्रधानाध्यापक ने बताया कि इसके माध्यम से बच्चे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में जानते हैं। साथी ही साथ उन्हें विद्यार्थी जीवन से ही मतदान को किस प्रकार से करना है इसके बारे में जानकारी मिल जाती है। मौके पर सतीश कुमार, नारायण कुमार, अमित कुमार, सुशांत पांडेय, भोला कुमार, विशाल कुमार, अनिल कुमार, रजनीश कुमार, मोहम्मद कलीमुद्दीन, मोहम्मद अरशद अली, मोहन ठाकुर, आशा किरण, सिंधु यादव, प्रियंका कुमारी, शंकर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# मूक बधिर क्रिकेटरों का होगा धनबाद में जुटान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कोयलांचल में खेल जगत का एक बेहद खास और प्रेरणादायक आयोजन होने जा रहा है। यहां ऐसे खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा, जो न सुन सकते हैं और न ही बोल सकते हैं। लेकिन अपने खेल से सबका दिल जीतने का जज्बा रखते हैं। झारखंड मूक बधिर क्रिकेट संघ की ओर से भारत और नेपाल की टीमों के बीच यह मुकाबला आयोजित किया जा रहा है। झारखंड बधिर क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंडर-19 मूक-बधिर खिलाड़ियों के बीच भारत और नेपाल की टीमों के बीच मुकाबला खेला जाएगा। आयोजकों के अनुसार, यह मैच 20 और 21 अप्रैल को जामाडोबा स्थित जयलगोरा स्टेडियम में खेले जाएंगे। जबकि फाइनल मुकाबला 22 अप्रैल को धनबाद के रेलवे स्टेडियम में आयोजित होगा। इस आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजक रवि शेखर ने बताया कि भारतीय टीम में देश के छह राज्यों के खिलाड़ी शामिल होंगे। जिनमें झारखंड के दो खिलाड़ी भी जगह बना चुके हैं। खास बात यह है कि इनमें एक खिलाड़ी धनबाद का भी है। जिससे स्थानीय लोगों में गर्व और उत्साह है।

# सोशल मीडिया पर जैक बोर्ड मैट्रिक रिजल्ट की खबर भ्रामक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** जैक बोर्ड मैट्रिक-इंटर रिजल्ट को लेकर आज शनिवार दिनभर चर्चा बनी रही। झारखंड एकेडमिक काउंसिल की बेबसाइट पर अचानक रिजल्ट आने की खबर के बाद सोशल मीडिया में छात्रों के मार्कसीट भी जारी होने लगे।

रिजल्ट घोषित होने की खबर के बाद जैक कार्यालय में मोबाइल की घंटी भी बजनी शुरू हो गई कि आखिर हो क्या रहा है। बगैर पूर्व सूचना के जैक ने कैसे अपने वेबसाइट पर रिजल्ट जारी कर दिया। जितनी मूंह उतनी बातें, यहां तक कुछ मीडिया हाउस ने भी समाचार जारी कर दी हालांकि जैक के द्वारा खंडन किए जाने के बाद खबर भ्रामक निकली।




रिजल्ट को लेकर उड़ी अफवाह पर जैक सचिव जयंत मिश्रा ने सफाई देते हुए कहा है कि माध्यमिक परीक्षा के परीक्षा फल तैयार करने की प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है जैक द्वारा अभी तक परीक्षा फल घोषित नहीं किया गया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहां है कि यह भ्रामक है और छात्र अभिभावक से अनुरोध है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही ऐसी किसी भी असत्य खबरों पर ध्यान ना दें।

परीक्षाफल प्रशासन की तिथि एवं समय के संबंध में परिषद द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति के माध्यम से समाचार पत्रों एवं परिषद की वेबसाइट पर सूचना दी जाएगी। परीक्षाफल का प्रकाशन परिषद के आधिकारिक वेबसाइट एवं डिजिलॉकर पर किया जाएगा। अन्य किसी स्रोत पर परीक्षाफल का प्रकाशन परिषद द्वारा नहीं किया जाएगा और ना ही परिषद इसके लिए जिम्मेदार होगी। झारखंड अधिविध परिषद आम जनता से अपील करती है कि अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही विश्वास करें। राज्य में इस साल 3 फरवरी से हुए जैक बोर्ड की परीक्षा का परिणाम जल्द ही आएगा। जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक-इंटर परीक्षा का रिजल्ट अगले सप्ताह आने की संभावना है। रिजल्ट जैक के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा और विद्यार्थी डिजीलॉकर से भी देख सकते हैं।

# जमुई पुलिस ने मुख्यालय स्तर पर चलाया जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में बरहट प्रखंड अंतर्गत मलयपुर थाना क्षेत्र के पतनेश्वर धाम एनएच पर शुक्रवार रात्रि को व्यापक जांच अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान जिला मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल के नेतृत्व में संचालित किया गया,जिसमें जिलेभर के लॉज,होटलों,संदिग्ध स्थलों दुकानों एवं वाहनों की सघन जांच की गई।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एनएच पर गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी ली। साथ ही आसपास स्थित लॉज एवं ठहरने के स्थानों पर भी विशेष नजर रखी गई।ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। पुलिस द्वारा शराब,अवैध सामग्री एवं अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं की जांच को लेकर भी सख्ती बरती गई। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से इस तरह के विशेष जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### युवा कवयित्री ने की डीएम से मुलाकात



**खैरा।** स्थानीय प्रखंड की कहरडीह निवासी युवा कवयित्री श्रेशी श्री ने शनिवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें अपनी लिखित किताब "दर्शनः जमुई जिला की एक झलक" भेंट की। जिलाधिकारी ने युवा कवयित्री को किताब प्रकाशन की ढेर सारी शुभकामनायें देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंजनी कुमार सिन्हा व पूनम बाला प्रसाद की मँझली पुत्री श्रेशी श्री का रुझान बचपन से ही कविता लेखन में है। उनकी अब तक दो पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें "जा कबूतर जा" और "दर्शनः जमुई जिला की एक झलक" शामिल है। दर्शनः जमुई जिला की एक झलक" पुस्तक में जमुई के इतिहास-भूगोल

# कोयला और बालू तस्करी पर प्रशासन शीघ्र लगाए रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद,निरसा।** विधायक अरूप चटर्जी ने कोयला चोरी, बालू तस्करी, लोहा चोरी, पशु तस्करी सहित कई अवैध गतिविधियों को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन पर निशाना साधा है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि धनबाद में दिनदहाड़े कोयला की अवैध तस्करी हो रही है और पुलिस-प्रशासन इस पर रोक लगाने में विफल है। उन्होंने कहा कि निरसा विधानसभा क्षेत्र में रविवार तक यदि ये अवैध कारोबार नहीं रुके तो सोमवार से वह जनता के साथ सड़क पर उतरेंगे।



विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि निरसा विधानसभा क्षेत्र में करीब 30 भट्ठों के माध्यम से कोयला का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है, जहां से रोजाना प्रत्येक भट्ठे से 18 से 20 गाड़ियों के जरिए कोयला की अवैध ढुलाई की जा रही है।

**पशु तस्करी और अवैध लॉटरी का भी मामला उठाया**

साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित मांगुर मछली और पशु तस्करी भी इलाके में धड़ल्ले से हो रही है। इसके अलावा निरसा अवैध लॉटरी का भी केंद्र बनता जा रहा है। लोहा चोरी के साथ-साथ जलापूर्ति के लिए बिछाए गए लोहे के पाइप को भी काटकर चोर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये अवैध गतिविधियां बगैर पुलिस प्रशासन के मिलीभगत से संभव नहीं है। इस दौरान निरसा विधायक ने बालू की तस्करी का भी मामला उठाया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को जो बालू 1200 रुपये में मिलना चाहिए, वह अवैध कारोबार के चलते 3000 रुपये में मिल रहा है। इससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

# संविधान संशोधन विधेयक गिर जाने को कांग्रेस ने बताया लोकतंत्र की बड़ी जीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** संसद के विशेष सत्र के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित तीन संविधान संशोधन विधेयक गिर जाने को झारखंड कांग्रेस ने लोकतंत्र की बड़ी जीत करार दिया है। बाबूलाल मरांडी द्वारा किए गए पोस्ट को सत्य से परे बताते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि विपक्षी दल ने पहरेदार की भूमिका निभाते हुए लोकतंत्र को कलंकित होने से बचा लिया।



कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की बजाय उसमें संशोधन के नाम पर परिसीमन विधेयक को पारित कराना सरकार की प्राथमिकता सूची में थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को धोखा देना चाहती थी, क्योंकि अगर मोदी सरकार की मंशा साफ होती तो वर्तमान 543 लोकसभा सीटों पर ही 2024 के चुनाव में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर सकती थी। जिससे लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 180 हो जाती, लेकिन भाजपा की नीयत में ही खोट है।

वर्ष 2023 में पहले जनगणना फिर परिसीमन और महिला आरक्षण 2029 में लागू करने का विधेयक केंद्र सरकार द्वारा लाया गया था। जिसे कांग्रेस समेत विपक्ष ने पूरी तरह से समर्थन दिया था, लेकिन आखिर क्या कारण है कि हड़बड़ी में पुनः बिल लाया गया इसपर बाबूलाल मरांडी को जवाब देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी लाख चाहें, लेकिन महिलाएं भाजपा के झांसे में नहीं आएंगी।

# नोएडा हिंसा भड़काने का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/नोएडा।** श्रमिक आंदोलन के दौरान 13 अप्रैल को हुए हिंसक प्रदर्शन मामले में नोएडा पुलिस और यूपी एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुख्य साजिशकर्ता आदित्य आनंद को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर नोएडा लाया जा रहा है। इस मामले में उसके दो सहयोगियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों को संगठित करने और हिंसा को बढ़ावा देने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका थी। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से प्रदर्शन को उग्र रूप देने की साजिश रची थी। इसी वजह से वह पूरे प्रकरण में मुख्य साजिशकर्ता के रूप में चिन्हित किया गया। घटना के संबंध में थाना फेस-2 में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। वारदात के बाद से ही वह लगातार फरार था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि आदित्य आनंद की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी किया गया था। प्रारंभिक जांच में उसके दिल्ली में छिपे होने की आशंका जताई गई थी, जिसके चलते वहां भी पुलिस टीमों ने दबिश दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए यूपी एसटीएफ और नोएडा पुलिस की कई टीमें अलग-अलग राज्यों में सक्रिय थी। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, तकनीकी विश्लेषण और खुफिया इनपुट के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रैक की। इसी क्रम में उसकी मौजूदगी तमिलनाडु में चिन्हित हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी के समय वह भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे होने की संभावना है। जांच एजेंसियां अब उसके नेटवर्क, सहयोगियों और संभावित फंडिंग स्रोतों की गहन पड़ताल कर रही हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने इस संबंध में ये भी कहा कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने और हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती है।

## पेज 1 का शेष

पेज 1 का शेष

### नारी शक्ति वंदन संशोधन...

उसके साथियों ने महिला आरक्षण को रोकने के लिए एक के बाद एक नए झूठ का सहारा लिया। कभी संख्या को लेकर, कभी किसी और तरीके से। कांग्रेस और उसके साथियों ने देश को गुमराह करने की कोशिश की। ऐसा कर के इन दलों ने भारत की नारी शक्ति के सामने अपना असली चेहरा सामने ला दिया है। अपना मुखौटा उतार दिया है। यह उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम सभी राज्यों की हर राज्य की शक्ति में समान वृद्धि का प्रयास था। यह संसद में सभी राज्यों की आवाज को अधिक शक्ति देने का प्रयास था। राज्य छोटा हो, बड़ा हो, राज्य की आबादी कम हो, ज्यादा हो। सबकी समान अनुपात में शक्ति बढ़ाने की कोशिश थी, लेकिन इस ईमानदार प्रयास की, कांग्रेस और उसके साथियों ने सदन में पूरे देश के सामने भ्रूण हत्या कर दी है। ये कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, डीएमके जैसे दल इस भ्रूण हत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। ये देश की नारी शक्ति के अपराधी हैं। पीएम मोदी ने कहा सदन में नारी शक्ति वंदन संशोधन किसी से भी कुछ छीनने का नहीं था। यह हर किसी को कुछ न कुछ देने का था। देने के लिए यह संशोधन था। 4० साल से लटकी हुई नारी के हक को 2०29 के अगले लोकसभा चुनाव से उसका हक देने का संशोधन था। नारी शक्ति वंदन संशोधन 21वीं सदी के भारत की नारी को नया अवसर देने, नई उड़ान देने, उसके सामने से बाधाएं हटाने का महायज्ञ था। देश की 5० फीसदी यानी आधी आबादी को उसका अधिकार देने का साफ नीयत के साथ, ईमानदारी के साथ किया गया, एक पवित्र प्रयास था। नारियों को भारत की विकास यात्रा में सहयात्री बनाने और सबकुछ जोड़ने का प्रयास था। नारी शक्ति वंदन संशोधन समय की मांग है। पीएम मोदी ने हा कि कल नारी शक्ति वंदन विधेयक का जिन लोगों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को फॉर ग्रांटेड ले रहे हैं। वे ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वह उनकी मंशा भांप रही है और सच्चाई भी भली-भांति जान चुकी है। महिला आरक्षण विधेयक का विरोध कर के विपक्ष ने जो पाप किया है, उसकी सजा उन्हें जरूर मिलेगी। इन दलों ने संविधान निर्माता की भावनाओं का भी अपमान किया है। और जनता द्वारा इसकी सजा से भी वे बच नहीं पाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्मसम्मान पर चोट थी। और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी तो वह याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था, खुशियां मनाईं थीं। जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है। तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। इस बार भी यही हुआ है। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे।

# निशांत फ्रांस के टूलूज़ इंडियन फ़िल्म फ़ेस्टिवल में चयनित

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर निवासी युवा सिनेमैटोग्राफर निशांत कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। सत्यजीत रे फ़िल्म एंड टेलीविज़न इंस्टिट्यूट के छात्र निशांत की शॉर्ट फ़िल्म "एक दिन का मेहमान" का चयन फ्रांस के प्रतिष्ठित टूलूज़ इंडियन फ़िल्म फ़ेस्टिवल के एशिया कनेक्शन सेक्शन में हुआ है। इस फ़िल्म की स्क्रीनिंग 23 अप्रैल को होगी, जो इसकी पहली अंतरराष्ट्रीय स्क्रीनिंग होगी। यह फ़िल्म संस्थान के शॉर्ट फ़िल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसमें निर्देशन रोहित पाटीदार ने किया




है, जबकि सिनेमैटोग्राफी निशांत कुमार ने की है। फ़िल्म का साउंड देबाशीष ने दिया है, एडिटिंग हितेश पंवार ने की है और निर्माता प्रणय सिंह सोलंकी हैं। निशांत ने बताया कि फ्रांस के टूलूज़ शहर में आयोजित होने वाला यह फ़िल्म महोत्सव भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए



जाना जाता है। इसमें भारत, नेपाल और बांग्लादेश की फीचर, शॉर्ट, डॉक्यूमेंट्री और एनीमेशन फ़िल्मों का प्रदर्शन किया जाता है। यह मंच विशेष रूप से स्वतंत्र और उभरते फिल्मकारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाता है। निशांत कुमार ने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे भविष्य में अपनी मातृभाषा में फिल्में बनाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और दोस्तों को दिया है, जिनके सहयोग और समर्थन से वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। निशांत कुमार की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके संस्थान, बल्कि बिहार और औरंगाबाद जिले का भी नाम रोशन हुआ है। आखिरकार किसी भी फ़िल्म में सिनेमेटोग्राफी का अपना महत्व होता है।

# पटना से पूर्णिया जा रही कोशी एक्सप्रेस के डब्बे में लगी आग

- यात्रियों के बीच मची भगदड़
- आधे घंटे खड़ी रही ट्रेन
- रेलकर्मियों ने दिखायी तत्परता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के मधेपुरा जिले के दीनापट्टी के समीप शुक्रवार की देर रात पटना से पूर्णिया कोर्ट जा रही कोसी एक्सप्रेस के एक जनरल कोच में अचानक आग लगने से यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। घटना रात करीब 11:20 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ट्रेन के जनरल कोच संख्या एस-5 के नीचे की ओर से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ, जिसे देख यात्रियों में घबराहट फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुरूआत में जब कोच के नीचे से धुआं उठता दिखाई दिया तो कुछ सतर्क यात्रियों ने शोर मचाकर अन्य लोगों को आगाह किया, लेकिन शुरूआती क्षणों में कई यात्रियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

इसी बीच ट्रेन कुछ दूरी तक आगे बढ़ती रही, लेकिन देखते ही देखते धुआं तेज होकर आग की लपटों में बदल गया। हालात बिगड़ते देख यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए कोच से उतरने लगे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ट्रेन को तुरंत रोका गया। रेलवे कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान ट्रेन लगभग आधे घंटे तक घटनास्थल पर खड़ी रही, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग बुझने के बाद ट्रेन को फिर से अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। रेलवे प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## जविप्र दुकानदारों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में जनगणना कार्य की तैयारी को लेकर प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों का प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जनगणना कार्य को सुचारू और सफल बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुधीर कुमार ने कहा कि जनगणना देश का एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें हर व्यक्ति की सही जानकारी दर्ज करना अत्यंत आवश्यक है। एमओ नूरजहां ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि सभी जविप्र विक्रेताओं को जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी डीलर अपने-अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करें और सरकार के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। इस मौके पर डीलर संघ के अध्यक्ष पवन सिंह, प्रदीप सिंह, सुनील चौधरी, राम विनोद प्रसाद, गौरीकांत मंडल, ब्रह्मदेव मंडल, शिवचंद यादव, शिवकुमारी देवी, बैजनाथ पूर्व, रामटहल मंडल एवं रामचरित्र मंडल सहित प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित रहे।

# भूदान आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ पर सेमिनार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल,लोक समिति ,गांधी विचार मंच के संयुक्त तत्वाधान में सदाकत आश्रम पटना में भूदान दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन चंद्र भूषण की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

सेमिनार को संबोधित करते हुए बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि आज भूदान दिवस के अवसर पर संत विनोबा जी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते है,उन्होंने बताया कि भूदान की शुरूआत बाबा विनोबा के द्वारा 1951में तेलंगाना के पाचन पल्ली से शुरूआत हुई थी,बाबा विनोबा को सबसे पहले रामचंद्र रेड्डी के द्वारा भड़की जमीन दान में मिली।

बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि भूदान अहिंसक क्रांति का प्रतीक है,दुनिया को बाबा विनोबा ने दुनिया को दिखाया जमीन का बटवारा बंदूक या सरकार के बिना भी हो सकता है,करुणा और अपील के माध्यम से देश में बड़ा कार्य किया जा सकता है।

लोक समिति के रामनाथ ठाकुर ने कहा कि ग्राम स्वराज्य का नींव भूदान है,भूदान के माध्यम से बिहार में करीब 4लाख भूदान किसानों को जमीन बीवी मिली,वे आज भूमिहीन नहीं भूदान किसान है,भूदान के बच्चों को शिक्षा का संदेश देना भूदान की पहली प्राथमिकता है।

विनोबा जी ने कहा कि भूदान का मतलब सिर्फ जमीन देना नहीं है ,इसमें जमीन दान ,श्रम दान, वृद्धि दान,संपत्ति दान,जीवन दान आदि शामिल है,सेमिनार में संजीव श्रीवास्तव, विश्वजीत, मंटू कुमार,राजेश रंजन,प्रेम प्रकाश आदि शामिल हुए।

# बिजली की आंख मिचौली से शहरवासी परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार ही नहीं बल्कि देश में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने वाले शहरों में शुमार गयाजी में इस भीषण गर्मी में प्रत्येक घंटा में 10 से 15 मिनट बिजली कट यानी 24 घंटा में 4 से 6 घंटा बिजली नहीं रहने से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष दामोदर गोस्वामी, महासचिव टिंकू गिरी, विपिन बिहारी सिन्हा, प्रद्युम्न दुबे, राकेश यादव, रूपेश चौधरी, अशोक राम आदि ने कहा कि 40 से 42 डिग्री गर्मी अप्रैल माह से ही रहने के कारण लोग गर्मी से बेहाल है, तो दुसरी ओर घंटे- घंटे बिजली कट होने से परेशानी और दुगुनी हो जा रही है ।

नेताओं ने कहा कि दक्षिण बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेसन लिमिटेड के आला अधिकारी इसे स्थानीय फॉल्ट और मेंटेनेंस बता कर अपना पल्लू झाड़ लेते हैं। परंतु स्थानीय फॉल्ट और मेंटेनेंस की समस्या आखिर कब दूर होगी ऐसी बातें विगत कई वर्षो से कहीं जा रही है।

नेताओं ने सरकार एवं स्थानीय प्रशासन, साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कॉर्पोरेसन लिमिटेड के आला अधिकारियों से इस भीषण गर्मी में गयाजी शहर सहित देहात में 24 घंटे निर्वाध बिजली देने तथा घंटे-घन्टे बिजली कट की समस्या को अविलंब दूर करने की मांग की है।

## चाकू घोंपकर युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** बीती रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीएमसीएच) बेतिया ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

## 24 को सीएम की अग्निपरीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 24 अप्रैल को विश्वासमत हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली राजनीतिक परीक्षा होगी, जिसे औपचारिक माना जा रहा है। इस संबंध में विधानसभा सचिव राजीव कुमार ने सभी विधायकों को पत्र भेजकर जानकारी दी है। पत्र में बताया गया है कि विधानसभा के द्वितीय सत्र की विशेष बैठक 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे से बुलाई गई है।

सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। गौरतलब है कि 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है।

ऐसे में विश्वासमत महज औपचारिकता माना जा रहा है। हालांकि सबकी नजरें अब 24 अप्रैल पर टिक गई हैं। इससे सियासी गहमागहमी बढ़ गई है।

# जयमाला के दौरान वर एवं वधू पक्ष में मारपीट, चलीं कुर्सियां

### थाने में घंटों बैठी पंचायत, शादी रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली।** जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के कुतुबपुर में जन्दाहा से आई बारात में जयमाला के दौरान बड़ा बवाल हो गया। वर पक्ष और वधु पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गए। इस दौरान कई गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए गए। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दूल्हा समेत बाराती मौके से भाग खड़े हुए। बाद में दोनों पक्ष के लोग थाने पहुंचे और घंटों तक समझौते की कोशिश होती रही। अंत में यह तय हुआ कि शादी नहीं होगी और लड़की वालों को पैसा वापस किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार, जन्दाहा थाना क्षेत्र के अरनिया गांव निवासी रामचंद्र राम के बेटे कुंदन कुमार की शादी कुतुबपुर निवासी विजय राम की पुत्री मौसम कुमारी से तय हुई थी। शादी समारोह बिदुपुर थाना क्षेत्र के कुतुबपुर स्थित राधे कृष्ण बैंक्वेट हॉल में आयोजित था, जहां करीब ढाई सौ बारातियों के साथ वर पक्ष पहुंचा था। कन्या पक्ष के लोग भी सपरिवार मौजूद थे और सब कुछ सामान्य रूप से चल रहा था। जयमाला का कार्यक्रम भी संपन्न हो गया था।

इसी बीच दो बाराती युवक अचानक दुल्हन के कमरे में घुस गए। बार-बार मना करने के बावजूद वे नहीं माने, जिस पर लड़की पक्ष के लोगों ने उन्हें जबरन बाहर निकाल दिया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई।



मारपीट इतनी बढ़ गई कि डंडे और कुर्सियां चलने लगीं। कई कुर्सियां टूट गईं और बारातियों की एक बोलेरो, एक अर्टिका और दो स्कॉर्पियो गाड़ियों के शीशे फोड़ दिए गए। इस झड़प में दर्जनों लोग घायल हो गए। मारपीट देखकर दूल्हा भी आगबबूला हो गया और जयमाला के दौरान ही दुल्हन से कह दिया कि शादी के बाद घर चलो, तब तुम्हें ठीक कर देंगे। इस घटना के बाद माहौल और बिगड़ गया। इधर, शादी का सारा खाना भी पड़ा रह गया और किसी ने भोजन नहीं किया।

घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के बुलाने पर वर पक्ष भी थाने पहुंचा, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश शुरू हुई।

लड़का शादी के लिए तैयार था, लेकिन दुल्हन ने साफ तौर पर शादी से इंकार कर दिया। लड़की पक्ष का कहना था कि उन्होंने एक लाख पचहत्तर हजार रुपये नकद, 30 भर चांदी, ढाई भर सोना समेत करीब 9 लाख रुपये खर्च किए हैं। वहीं, वर पक्ष का दावा था कि उनका भी 10 लाख रुपये से अधिक खर्च हुआ है।

पुलिस ने आधार कार्ड की जांच के बाद बताया कि लड़की बालिग नहीं है, इसलिए शादी नहीं हो सकती। साथ ही लड़की भी इस शादी के लिए इच्छुक नहीं थी। दोनों पक्षों के संभ्रांत लोगों ने घंटों मशक्कत के बाद यह निर्णय लिया कि शादी रद्द कर दी जाए और दोनों पक्ष अपने-अपने घर लौट जाएं। लड़की पक्ष को पैसा वापस करने के लिए बॉन्ड भी बनवाया गया है।

# हिंदी अल्बम "कल से दारू बंद है" का भव्य लॉन्चिग, दर्शकों ने किया जमकर सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** भीएस एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित हिंदी अल्बम कल से दारू बंद है का भव्य लॉन्च आज मुंबई के अंधेरी स्थित इम्पास सिनेमा हॉल में किया गया। इस अवसर पर अल्बम से जुड़े सभी टेक्नीशियन और कलाकार मौजूद थे।

इस अल्बम के निर्माता गौरव पंचोली ने बताया कि कल से दारू बंद है एक ऐसा गाना है जो लोगों को सोचने पर मजबूर करेगा। उन्होंने कहा कि इस अल्बम के लिए हमने बहुत मेहनत की है और हमें उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा।

अल्बम के गीतकार और कंपोजर प्रणव वत्स ने बताया कि यह गाना उनके दिल की बात कहता है। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि इस गाने को दर्शकों ने इतना प्यार दिया है। सिंगर नमन श्रीवास्तव ने बताया कि कल से दारू बंद है एक ऐसा गाना है जो लोगों को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि वह



खुश हैं कि इस गाने का हिस्सा बने हैं। खुशबू मोहारकर ने बताया कि यह गाना उनके करियर में एक नए अध्याय की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि इस गाने को दर्शकों ने इतना प्यार दिया है।

डांस मास्टर देव थापे ने बताया कि कल से दारू बंद है एक ऐसा गाना है जो लोगों को नाचने पर मजबूर करेगा। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि इस गाने का हिस्सा बने हैं।

इस अल्बम के डीओपी यूनुस चीची ने बताया कि उन्होंने इस अल्बम के लिए बहुत मेहनत की है और उन्हें उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा।

संजय भूषण पटियाला ने बताया कि वह खुश हैं कि इस अल्बम का हिस्सा बने हैं और उन्हें उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा। अल्बम ₹कल से दारू बंद है₹ अब सभी प्रमुख ऑडियो म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। भी एस एंटरटेनमेंट यूट्यूब म्युजिक पर वीडियो रिलीस किया गया है। इस गाने में हमारे प्रतिभाशाली कलाकार नमन श्रीवास्तव, ने अपनी आवाज दी है, जिनमें प्रणव वत्स, खुशबू मोहारकर, ने अभिनय कर के चार चांद लगा दिए हैं और डांस मास्टर देव थापे ने कोरियोग्राफर किया हैं। इस अल्बम के छायांकन यूनुस चीची ने किया हैं।

## मामूली विवाद ने लिया खूनी रुप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत सिरारी थाना क्षेत्र के अकौना गांव में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। ईंट पर ट्रैक्टर चढ़ाने को लेकर हुए झगड़े में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे की है।

घटना में 75 वर्षीय पूना यादव उर्फ परमेश्वर यादव के सिर में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 30 वर्षीय संतोष यादव उर्फ प्रेम यादव को पेट में गोली लगी। उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल शेखपुरा से पावापुरी रेफर किया गया, जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात गांव के खलिहान में राजेश यादव का ट्रैक्टर रबी फसल की दौनी के लिए जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर के ईंट पर चढ़ जाने को लेकर अमृत यादव से विवाद हो गया। शोर-शराबा सुनकर पूना यादव बीच-बचाव करने पहुंचे, तभी फायरिंग शुरू हो गई और दोनों को गोली लग गई।

# इलाज के दौरान मरीज की मौत, हंगामा व तोड़फोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शुक्रवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई और अस्पताल के कर्मी, डॉक्टर और मृतक के परिजन आपस में भिड़ गए। इस दौरान अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तोड़फोड़ भी की गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

कांटी थाना क्षेत्र के कोठिया निवासी 26 वर्षीय संतोष पासवान कल बोचहा थाना क्षेत्र के सरफुद्दीनपुर में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए रङटउळ में भर्ती कराया था, जहां आज इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार, अस्पताल में संतोष का इलाज चल रहा था और एक इंजेक्शन देने के बाद आज सुबह अचानक उनकी मृत्यु हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन रोने-बिलखने लगे। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ ने उन्हें रोने से मना किया। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस घटना में परिजन पक्ष के दो लोग घायल हो गए।

पूरी घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ देर तक तनाव बना रहा।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं, इस घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। एहतियात के तौर पर अस्पताल में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# सड़क हादसे में दो युवकों की गयी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र में फूलतोड़ स्टेट हाईवे-56 पर उसरी घाट गांव के पास शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर के कारण हुआ। मृतकों की पहचान नदी थाना क्षेत्र के कोला गांव निवासी शिवन निषाद के पुत्र विद्यानंद निषाद और स्वतंत्र कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायलों में समस्तीपुर जिले के विथान थाना क्षेत्र निवासी ब्रह्मदेव साह के पुत्र स्वतंत्र कुमार और नदी थाना क्षेत्र के सोमन कुमार राय शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि मृतक विद्यानंद निषाद आंध्र प्रदेश में रहकर एक निजी कंपनी में काम करता था। उसकी शादी 30 अप्रैल को होने वाली थी, जिसके लिए वह करीब 10 दिन पहले ही अपने गांव आया था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और खुशियों का माहौल था।

शुक्रवार की शाम वह अपने दोस्त के साथ बाइक से अपनी बुआ के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में विद्यानंद समेत तीनों युवक

### दो की हालत गंभीर

गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को कुशेश्वरस्थान पीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने विद्यानंद को मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद मृतक के घर और उसके होने वाले ससुराल में कोहराम मच गया है। मां हीरा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बार-बार अपने बेटे का नाम लेकर बेहोश हो जा रही हैं। परिजन और आसपास के लोग उन्हें ढांढस बंधाने में लगे हुए हैं। बताया जाता है कि विद्यानंद दो भाइयों में छोटा था। इधर, घायल युवकों को बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच (दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल) रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान दूसरे युवक स्वतंत्र कुमार की भी मौत हो गई।

इस संबंध में नदी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। वहीं, दोनों घायलों को भी इलाज के लिए डीएमसीएच भेजा गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बाइक को जब्त कर लिया है और उसके मालिक की तलाश की जा रही है।

# फोम फैक्ट्री में लगी आग, मजदूरों में भगदड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** हाजीपुर के औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। एक फोम फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग लगते ही फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों में अफरातफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।

घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पूरे इलाके में धुएं का गुबार फैल गया। लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

स्थानीय लोग आग बुझाने में भी मदद करने लगे। स्थिति को संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है ।घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने इलाके को घेरकर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश शुरू की।

सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को दूर रहने की हिदायत दी गई। घटना के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। फिलहाल प्राथमिक जांच जारी है ।आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग अलर्ट हो गया। कई दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य जारी है। आग की लपटें लगातार तेज हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार फैक्ट्री पासवान चौक से चाणक्य कॉलोनी रोड पर स्थित है। आग अचानक लगी और तेजी से पूरे परिसर में फैल गई।

फोम सामग्री होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप लिया। स्थिति को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

दमकल और स्थानीय प्रशासन लगातार प्रयास में जुटे हैं। आग पर पूरी तरह काबू पाने में समय लग सकता है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस के लोग, सरकारी सहायता में देरी पर जताई नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के बोरज गांव में हाल ही में हुए हृदयविदारक हादसे के बाद बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान विधान परिषद सदस्य डॉ. मदन मोहन झा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने सुदर्शन झा एवं उनकी पत्नी आशा देवी के घर जाकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवार को ढांढस बंधाया विदित हो कि कुछ दिन पूर्व सुदर्शन झा के तीनों पुत्र नदी में नहाने के दौरान डूब गए थे, जिससे उनकी असामयिक मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। घटना के लगभग 15 दिन बीत जाने के बावजूद पीड़ित परिवार को अब तक सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता नहीं मिलने पर डॉ. झा ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मोबाइल के माध्यम से बातचीत की और सहायता राशि में हो रही देरी पर सवाल उठाया। संबंधित अधिकारी द्वारा दो दिनों के भीतर समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया ।डॉ. झा ने कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी पूरी जिम्मेदारी के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। वहीं प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों के भीतर उचित व्यवस्था नहीं की गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे इस अवसर पर बाबू साहेब कुमार, कमलकांत कुमार, नेवल झा, संजय झा, फुल झा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# संपादकीय

## पश्चिम एशिया तनाव का असर-महंगाई और गरीबी बढ़ने का बड़ा खतरा

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का अगर जल्द समाधान नहीं तलाश गया, तो इसके व्यापक एवं दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। इससे न केवल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाएगा, बल्कि खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे सीधे तौर पर आम आदमी का जीवन स्तर प्रभावित होगा। इसका सबसे ज्यादा असर भारत समेत उन देशों पर पड़ेगा, जो अपनी जरूरतों के लिए आयात पर अधिक निर्भर हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की ओर से जारी एक रपट में कहा गया है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव से उत्पन्न हालात के कारण भारत में पच्चीस लाख लोगों के गरीबी की जद में आने का खतरा है। इस आकलन का आधार यह है कि होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से जहां ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ रही है, वहीं लोगों की आजीविका कमजोर हो रही है, घरेलू क्रय शक्ति घट रही है और खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। ऐसे में अगर होर्मुज जलमार्ग लंबे समय तक बंद रहा, तो इसका असर दुनिया भर में ऊर्जा के गंभीर संकट के रूप में सामने आएगा। भारत की बात की जाए, तो वह अपनी नब्बे फीसद से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का चालीस फीसद से अधिक तथा एलपीजी का नब्बे फीसद आयात पश्चिम एशिया से किया जाता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का पैंतालीस फीसद से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि भारत के कुल निर्यात का चौदह फीसद और आयात का करीब इक्कीस फीसद व्यापार पश्चिम एशिया से जुड़ा है। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं होगा कि आने वाले दिनों में देश में किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती है। अमेरिका और ईरान के अड़ियल रवैये से पश्चिम एशिया में युद्ध के मोर्चे दोबारा खुलने की आशंकाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 23.9 फीसद से बढ़कर 24.2 फीसद हो सकती है। जबकि वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं, जिनमें भारत समेत दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे। इस संकट के बाद देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो पहले 35.15 करोड़ थी।जाहिर है कि देश की आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए जीवन-यापन से संबंधित नई मुसीबतें खड़ी हो जाएंगी। इसमें दोराय नहीं कि देश में मौजूदा परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इससे निश्चित तौर पर सरकारी बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है और ऐसे में ज्यादा दिन तक स्थिति को संभालना आसान नहीं होगा। ऐसे में जरूरी है कि सरकार ऊर्जा के नए स्रोत तलाशने के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करे, ताकि संभावित संकट के असर को कम किया जा सके।

# वैश्विक तनाव के बीच भारत की सधी हुई चाल, ऑस्ट्रिया के साथ सहयोग बढ़ाकर मोदी ने किया कमाल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चांसलर स्टॉकर का स्वागत करते हुए इसे विशेष अवसर बताया और इस बात पर जोर दिया कि यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए भारत को चुनना ऑस्ट्रिया की भारत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बाद आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए अवसर सामने आए हैं।**

(नीरज कुमार दुबे)

भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध पहले से ही अवसंरचना, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में मजबूत रहे हैं। दिल्ली मेट्रो और अटल सुरंग जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में ऑस्ट्रिया की तकनीकी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

भारत और ऑस्ट्रिया के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाली एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल के तहत ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा ऐतिहासिक मानी जा रही है। लगभग चार दशकों के बाद किसी ऑस्ट्रियाई चांसलर का भारत आगमन न केवल द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती का संकेत है, बल्कि यह वैश्विक परिदृश्य में बदलती प्राथमिकताओं के बीच नई साझेदारी के निर्माण का भी प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चांसलर स्टॉकर का स्वागत करते हुए इसे विशेष अवसर बताया और इस बात पर जोर दिया कि यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए भारत को चुनना ऑस्ट्रिया की भारत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बाद आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए अवसर सामने आए हैं।

भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध पहले से ही अवसंरचना, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में मजबूत रहे हैं। दिल्ली मेट्रो और अटल सुरंग जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में ऑस्ट्रिया की तकनीकी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा रेलवे परियोजनाओं, रोपवे, स्वच्छ ऊर्जा और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में भी ऑस्ट्रियाई कंपनियों की सक्रिय भागीदारी रही है।

### दोनों देशों के बीच हुए 15 करार

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुल पंद्रह महत्वपूर्ण समझौते और पहलें सामने आईं, जो रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, नवाचार और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों को कवर करती हैं। इनमें सबसे प्रमुख है आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह की स्थापना का प्रस्ताव, जो वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा।

रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग को नई गति देने के लिए सैन्य मामलों में सहयोग पर एक आशय पत्र पर सहमति बनी है। इसके तहत रक्षा उद्योग, नीति संवाद, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। यह पहल भारत और यूरोप के बीच हाल ही में हुए सुरक्षा सहयोग को भी मजबूती प्रदान करेगी।

आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक फास्ट ट्रैक तंत्र स्थापित करने की घोषणा की गई है, जिससे दोनों देशों की कंपनियों और निवेशकों को आने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सकेगा। इससे व्यापार को सुगम बनाने और निवेश को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए ऑडियो विजुअल सह उत्पादन समझौता किया गया है, जिससे दोनों देशों के फिल्म उद्योग के बीच संयुक्त निर्माण और सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिसके तहत वैज्ञानिक सहयोग, मानकों के आदान प्रदान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जाएगा। इससे कृषि और खाद्य उत्पादों के व्यापार को भी मजबूती मिलेगी।

इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें प्रशिक्षुता प्रणाली, ज्ञान साझा करने और योग्यता की पारस्परिक मान्यता पर जोर दिया गया है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए संरचित संवाद शुरू करने और तकनीकी विश्वविद्यालयों के माध्यम से भारतीय छात्रों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने की पहल भी की गई है।

इस यात्रा के दौरान स्टार्टअप सहयोग को बढ़ाने, साइबर सुरक्षा संवाद शुरू करने, अंतरिक्ष उद्योग में संयुक्त सेमिनार आयोजित करने और वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम को लागू करने जैसी घोषणाएं भी की गईं। उच्च प्रौद्योगिकी जैसे क्वांटम तकनीक, मशीन लर्निंग, जल शोधन और सामग्री विज्ञान में संयुक्त अनुसंधान को साझेदारी का मुख्य आधार बनाया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर यह भी कहा कि भारत की प्रतिभा और ऑस्ट्रिया की नवाचार क्षमता मिलकर वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला विकसित कर सकती है। उन्होंने रक्षा, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और क्वांटम क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। इसके अलावा, मानव संसाधन के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाया है। वर्ष 2023 में हुए प्रवासन और गतिशीलता समझौते के तहत अब नर्सिंग क्षेत्र में भी सहयोग को विस्तार दिया जाएगा। युवा आदान प्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।



साथ ही वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि सैन्य संघर्ष किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। चाहे यूक्रेन का संकट हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, दोनों देशों ने स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया। साथ ही वैश्विक संस्थाओं में सुधार और आतंकवाद के पूर्ण उन्मूलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

हम आपको एक बार फिर बता दें कि ऑस्ट्रिया भारत के लिए एक महत्वपूर्ण यूरोपीय साझेदार है। यह मध्य और पूर्वी यूरोप में प्रवेश का एक प्रमुख द्वार है और हरित प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा तथा उन्नत इंजीनियरिंग में इसकी विशेषज्ञता भारत के विकास कार्यक्रमों के लिए उपयोगी है। दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है और यह लगभग तीन अरब डॉलर के स्तर तक पहुंच चुका है।

### वैश्विक परिदृश्य पर क्या असर पड़ेगा?

देखा जाये तो भारत और ऑस्ट्रिया के बीच मजबूत होते संबंधों का प्रभाव वैश्विक भू-राजनीति पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यूरोप के मध्य में स्थित ऑस्ट्रिया, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सेतु का काम करता है, जिससे भारत को यूरोप के बाजारों, तकनीक और निवेश तक बेहतर पहुंच मिलती है। इस सहयोग से भारत की वैश्विक आपूर्ति शृंखला में भूमिका और अधिक मजबूत होगी, विशेषकर उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। इसके साथ ही, ऑस्ट्रिया का भारत के प्रति समर्थन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्थिति को सुदृढ़ करेगा, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता जैसे मुद्दों पर। दक्षिण एशिया के संदर्भ में यह साझेदारी भारत की रणनीतिक बढ़त को और मजबूत करेगी, क्योंकि उन्नत तकनीक, रक्षा सहयोग और आर्थिक निवेश के माध्यम से भारत क्षेत्रीय नेतृत्व को और प्रभावी ढंग से स्थापित कर सकेगा। इससे न केवल भारत की सुरक्षा क्षमताएं बढ़ेंगी, बल्कि वह क्षेत्र में स्थिरता, विकास और संतुलन बनाए रखने में भी अधिक सक्षम भूमिका निभा सकेगा।

बहरहाल, ऑस्ट्रिया के चांसलर की भारत यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों देशों के संबंध अब पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर नवाचार केंद्रित और भविष्य उन्मुख साझेदारी की ओर अग्रसर हैं। दोनों देशों ने मिलकर एक ऐसे सहयोग मॉडल की नींव रखी है जो न केवल द्विपक्षीय हितों को साधेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी स्थिरता और प्रगति में योगदान देगा। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# हर सवाल जरूरी नहीं- निजता की सीमा लांघते सवालों से कैसे प्रभावित होता है आत्मसम्मान

(मेघा राठी)

हम ऐसे समाज में रहते हैं, जहां लोग एक-दूसरे के जीवन में बहुत रुचि लेते हैं। यह रुचि कई बार अपनापन लगती है, लेकिन कई बार यही दखलंदाजी बन जाती है। जब कोई सार्वजनिक जगह पर रिश्तों का सहारा लेकर किसी से उसके जीवन के फैसलों पर सवाल करता है, तो वह केवल एक साधारण बात नहीं होती। वह उस व्यक्ति के आत्मसम्मान को छू जाती है। हर इंसान का जीवन उसका अपना होता है।

उसमें उसके सपने होते हैं, उसकी मेहनत होती है, उसकी विफलताएं होती हैं और उम्मीदें भी। हर किसी की गति अलग होती है। कोई जल्दी सफलता पा लेता है, कोई देर से। कोई अपनी राह खुद चुनता है, कोई परिवार की अपेक्षाओं के साथ चलता है। समस्या यह है कि समाज सबके लिए एक ही तरह के मापदंड बना देता है। ऐसे में जो उससे अलग चलता है, वह सवालों के घेरे में आ जाता है।

अक्सर लोग बिना सोचे पूछ लेते हैं- अब तक क्या किया? आगे की क्या योजना है? इतनी उम्र हो गई, अभी तक? ये सवाल सुनने में साधारण लग सकते हैं, पर कई बार ये सामने वाले को असहज कर देते हैं। खासकर तब, जब ये बातें सबके सामने कही जाएं। उस समय व्यक्ति को लगता है कि उसे अपने जीवन का हिसाब देना पड़ रहा है। कई बार सवाल पूछने वाले का इरादा बुरा नहीं होता। वह बस जिज्ञासु होता है या अपने अनुभव के आधार पर सलाह देना चाहता है। मगर हर जिज्ञासा जरूरी नहीं होती। हर बात पूछना आवश्यक नहीं होता। कुछ बातें ऐसी होती हैं, जो व्यक्ति अपने समय पर ही साझा करना चाहता है या नहीं भी करना चाहता है। जब हम बिना सोचे-समझे किसी की निजी बातों में दखल देते हैं, तो हम उसकी सीमा पार कर देते हैं।

सार्वजनिक प्रश्न केवल शब्द नहीं होते, वे संकेत भी होते हैं। वे यह जताते हैं कि समाज को हमारे जीवन की प्रगति पर नजर रखने का अधिकार है। धीरे-धीरे व्यक्ति यह मानने लगता है कि उसे लगातार साबित करना है कि वह पीछे नहीं है। यह मानसिक दबाव अदृश्य होता है, पर बहुत गहरा होता है। कई लोग बाहर से मुस्कुरा देते हैं, हल्का-सा जवाब दे देते हैं, पर भीतर एक चुभन रह जाती है। इस तरह की टिप्पणियां धीरे-धीरे व्यक्ति के मन पर असर डालती हैं। वह अपने फैसलों पर शक करने लगता है। उसे लगता है कि शायद वह पीछे रह गया है। वह दूसरों से अपनी तुलना करने लगता है। कई बार वह अपने ही घर में अपने निर्णयों के लिए सफाई देने लगता है। यह स्थिति उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है।

हम 'मौन' की अहमियत नहीं समझते जब व्यक्ति बार-बार अपने अस्तित्व को सही ठहराने की कोशिश करता है, तो उसके भीतर की सहजता कम होने लगती है। समस्या यह भी है कि हम 'मौन' की अहमियत नहीं समझते। हमें लगता है कि हर बात पर राय देना जरूरी है, लेकिन कई बार चुप रह जाना ही सबसे अच्छा व्यवहार होता है। अगर कोई अपनी जिंदगी के बारे में खुद बात नहीं करना चाहता, तो हमें उसका सम्मान करना चाहिए। सम्मान का मतलब केवल अच्छा व्यवहार करना नहीं है, बल्कि यह समझना भी है कि सामने वाले की एक निजी दुनिया है, जहां हमें बिना बुलाए प्रवेश नहीं करना चाहिए।

हर व्यक्ति अपने जीवन की परिस्थितियों से गुजर रहा होता है। हमें बाहर से सब कुछ साफ दिखाई नहीं देता। जो हमें ठहराव लगता है, वह शायद उसके लिए सीखने का समय हो। जो हमें विफलता दिखती है, वह उसके लिए नई शुरुआत की तैयारी हो सकती है। जो हमें देर लगती है, वह उसके लिए सही समय का इंतजार हो सकता है। इसलिए किसी पर टिप्पणी करने से पहले यह सोचना जरूरी है कि हमारे शब्द उसे कैसा महसूस कराएंगे। भीड़ में पूछे गए प्रश्न अक्सर चिंता से अधिक तुलना का रूप ले लेते हैं।

वह व्यक्ति को यह महसूस कराती है कि उसका मूल्य उसके वर्तमान से नहीं, बल्कि दूसरों से तुलना करके तय किया जा रहा है। दूसरी ओर, व्यक्ति को भी अपने आत्मसम्मान की रक्षा करना सीखना चाहिए। हर सवाल का जवाब देना जरूरी नहीं है। अगर कोई प्रश्न असहज करता है, तो विनम्रता से विषय बदलना या सीमित उत्तर देना ठीक है।

अपनी सीमाएं तय करना गलत नहीं है। यह आत्मसम्मान का हिस्सा है। जो व्यक्ति अपनी सीमाएं स्पष्ट करता है, वह असम्मान नहीं करता, बल्कि केवल अपनी गरिमा की रक्षा करता है। हमें बच्चों और युवाओं को भी यह सिखाना चाहिए कि उनकी कीमत केवल उपलब्धियों से नहीं तय होती। वे जैसे हैं, अपनी पूरी कोशिश के साथ वैसे ही सम्मान के योग्य हैं। जीवन कोई दौड़ नहीं है, जिसमें सबको एक ही समय पर एक ही स्थान पर पहुंचना हो। हर व्यक्ति की यात्रा अलग होती है और वही उसकी खूबसूरती है। सफलता का एक ही स्वरूप नहीं होता। संतोष, संतुलन और आत्मस्वीकृति भी जीवन की उपलब्धियां हैं। समाज अगर अपने सदस्यों का पूर्ण विकास चाहता है, तो सबसे पहले उसे संवेदनशील बनना होगा। प्रश्न पूछने से पहले ठहरना होगा। यह समझना होगा कि हर जिज्ञासा साझा करने योग्य नहीं होती। कुछ बातें समय पर छोड़ देनी चाहिए। जब हम दूसरों की सीमाओं का सम्मान करना सीखेंगे, तभी हम ऐसे संबंध बना पाएंगे.

# तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर भारत, लेकिन रास्ते में ये बड़ी चुनौतियां

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की एक रपट के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3.7 ट्रिलियन डालर था। वर्तमान में अमेरिका और चीन क्रमशः पहली और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। आर्थिक विशेषज्ञों और संस्थाओं के आकलन के अनुसार, भारत वर्ष 2030 में जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। मगर इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत के सामने अनेक अवसरों के साथ-साथ कई चुनौतियां भी मौजूद हैं।**

(अजय जोशी)

भारत की आधुनिक आर्थिक प्रगति की शुरुआत वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों से मानी जाती है। उस समय देश गंभीर भुगतान संतुलन संकट से जूझ रहा था और विदेशी मुद्रा भंडार केवल कुछ सप्ताह के आयात के बराबर ही रह गया था।

वैश्विक परिदृश्य में भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। बढ़ता उपभोक्ता बाजार, आर्थिक वृद्धि में इजाफा और तकनीकी प्रगति से देश विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सम्मिलित हो चुका है। भारत ने जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल कर लिया है और अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की एक रपट के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3.7 ट्रिलियन डालर था। वर्तमान में अमेरिका और चीन क्रमशः पहली और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। आर्थिक विशेषज्ञों और संस्थाओं के आकलन के अनुसार, भारत वर्ष 2030 में जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। मगर इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत के सामने अनेक अवसरों के साथ-साथ कई चुनौतियां भी मौजूद हैं।

भारत की आधुनिक आर्थिक प्रगति की शुरुआत वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों से मानी जाती है। उस समय देश गंभीर भुगतान संतुलन संकट से जूझ रहा था और विदेशी मुद्रा भंडार केवल कुछ सप्ताह के आयात के बराबर ही रह गया था। इस स्थिति से उबरने के लिए सरकार ने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियां अपनाईं। इन सुधारों के परिणामस्वरूप विदेशी निवेश बढ़ा, उद्योगों को नई ऊर्जा मिली और भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ाव मजबूत हुआ। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 1991 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 270 अरब डालर था, जो वर्ष 2000 में करीब 470 अरब डालर तक पहुंच गया। वर्ष 2010 में यह लगभग 1.7 ट्रिलियन डालर हो गया। जबकि 2020 में भारत की अर्थव्यवस्था करीब 2.9 ट्रिलियन डालर थी। इस तरह वर्ष 2024 में यह लगभग 3.7 ट्रिलियन डालर के आसपास पहुंच चुकी है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि पिछले तीन दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ी है।

भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना के पीछे मजबूत आधार है। देश में विशाल जनसंख्या के अनुरूप बड़ा उपभोक्ता बाजार है। भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। अर्थव्यवस्था में मध्यम वर्ग की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। 'मैकेंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट' की एक रपट के अनुसार, भारत का मध्य वर्ग तेजी से बढ़ रहा है और अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इस वर्ग की संख्या पचास करोड़ से अधिक हो सकती है। इसके अलावा भारत के सकल घरेलू उत्पाद में निजी उपभोग का योगदान लगभग साठ फीसद है, जो आर्थिक वृद्धि का महत्त्वपूर्ण आधार है। देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवा है। विश्व बैंक की रपट के अनुसार, भारत की करीब पैंसठ फीसद आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। इसलिए यदि भारत अपने युवा कार्यबल को उचित शिक्षा और कौशल प्रदान करे, तो यह आर्थिक विकास के लिए बड़ा अवसर बन सकता है।

देश में डिजिटल क्रांति ने आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान की है। ट्राई और इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन आफ इंडिया के अनुसार, भारत में 85 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं और यह संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके अलावा यूपीआइ की डिजिटल भुगतान प्रणाली ने वित्तीय लेन-देन को बहुत आसान बना दिया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2023 मे डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से करीब 180 लाख करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन हुआ।

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल भुगतान बाजारों में से एक है। यहां नवउद्यम भी तेजी से विकसित हुआ है। देश में दिसंबर, 2025 तक डीपीआइआइटी-मान्यता प्राप्त नवउद्यमों की संख्या दो लाख से अधिक हो गई है और इस मामले में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर आता है। इन नवउद्यमों ने लगभग 21 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और इनमें 'यूनिकार्न्स' की संख्या 120 से ऊपर पहुंच गई है। फिनटेक, ई-वाणिज्य, स्वास्थ्य, तकनीक और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में नवउद्यम तेजी से नवाचार कर रहे हैं। देश में बुनियादी ढांचे के विकास में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 के आम बजट में लगभग 11.1 लाख करोड़ रुपए आधारभूत ढांचे के विकास के लिए आबंटित किए गए। आधारभूत ढांचे की उपलब्धता और इससे जुडी भावी परियोजनाओं की दृष्टि से भी भारत का तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की संभावनाओं को बल मिलता है।

सड़क परिवहन मंत्रालय और भारतीय रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, देश में 1.46 लाख किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग हैं। रेलवे नेटवर्क लगभग 68,000 किलोमीटर लंबा है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए भी कई उपाय किए गए हैं। 'मेक इन इंडिया' और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन की योजनाओं के माध्यम से सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही है। इतना सब कुछ होते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत की राह में बाधाएं भी कम नहीं हैं।

इनमें बेरोजगारी और रोजगार सृजन एक बड़ी चुनौती है। देश में हर वर्ष लगभग एक से डेढ़ करोड़ युवा रोजगार बाजार में प्रवेश करते हैं। सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी के अनुसार, भारत की बेरोजगारी दर सात से आठ फीसद के आसपास रहती है। अगर पर्याप्त रोजगार सृजन नहीं होता है, तो यह एक बड़ी आर्थिक और सामाजिक चुनौती बन जाएगी। देश की लगभग 42 फीसद आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान केवल 15-16 फीसद ही है। आज भी सिंचाई और आधुनिक तकनीक की कमी कृषि क्षेत्र में उत्पादन को प्रभावित करती है। देश में आर्थिक विकास के बावजूद आय असमानता बढ़ रही है। आक्सफैम की समानता रपट के अनुसार, भारत के शीर्ष दस फीसद लोग देश की लगभग 70 फीसद संपत्ति को नियंत्रित करते हैं, जबकि निचले तीस फीसद लोगों के पास बहुत कम संपत्ति है। यह असमानता भी सामाजिक और आर्थिक संतुलन के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। भारत में साक्षरता दर लगभग 77 फीसद है, जबकि उच्च शिक्षा में नामांकन दर करीब 28 फीसद है। कई उद्योगों का कहना है कि बड़ी संख्या में स्नातक युवाओं के पास आवश्यक कौशल की कमी है। इसलिए कौशल विकास कार्यक्रमों को मजबूत करना आवश्यक है। इसके अलावा तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण पर्यावरणीय समस्याएं भी लगातार बढ़ रही हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में कई भारतीय शहर भी शामिल हैं। नीति आयोग की जल रपट (2018) के आंकड़ों से पता चलता है कि देश के लगभग साठ करोड़ लोग जल संकट का सामना कर सकते हैं। यह समस्या भी तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह में बाधा पैदा कर सकती है। यही नहीं, अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध की स्थिति विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रही है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। इस पहलू पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। कुल मिलाकर देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए शिक्षा और कौशल विकास में निवेश को बढ़ावा देना, विनिर्माण और निर्यात को प्रोत्साहित करना, कृषि सुधार और ग्रामीण विकास, तकनीकी नवाचार, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार तथा पर्यावरणीय संतुलन एवं टिकाऊ विकास की दिशा में प्रभावी कदम उठाने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जीआर राशि दिलाने के एवज में अवैध वसूली के आरोप में उप मुखिया गिरफ्तार

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी प्रखंड क्षेत्र में गत वर्ष बाढ -बरसात के दौरान व्यापक क्षति हुई थी। इसका अधिकांश पंचायत व आवादी बाढ से प्रभावित था। लोगबाग अपनी घर बार छोडकर ऊंचे स्थलों पर पनाह ले रखी थी। सरकार व सामाजिक संगठनों की ओर से जगह जगह कम्युनिटी किचन के माध्यम से इन बाढ पीडितों को तब भोजन उपलब्ध करायी गयी थी। किसानों के फसलों, गृह व अन्य क्षति के मद्देनजर सरकार द्वारा सहायता राशि भी वितरित किये गये थे. इसमें बाढ पीडितों की पहचानकर उनके बीच जीआर राशि का भी वितरण किया गया था। कई पंचायतों से अपात्रलोगों को भी जीआर राशि से लाभांन्वित किये जाने की शिकायतें आयीं थीं। इनमें कुमारीपुर पंचायत के उप मुखिया गणेश पासवान पर उसी पंचायत के कुछ



ग्रामीणों ने जीआर राशि वितरण में अवैध वसूली की शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी मनिहारी से की थी। एसडीएम ने जांच दल गठितकर जांचोपरांत समुचित कार्रवाई की थी। इस संदर्भ में मनिहारी थानाकांड संख्या 242/25 दर्ज कर उप मुखिया गणेश पासवान के विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई में पुलिस जूट गयी थी।कुमारीपुर के ग्रामीणों द्वारा उप मुखिया गणेश पासवान पर जीआर राशि उपलब्ध कराने के बदले प्रति लाभुक एक हजार राशि की अवैध लसूली की शिकायत दर्ज करायी गयी थी.। 16 अप्रैल की रात में मनिहारी पुलिस ने उक्त आरोपी उप मुखिया को गिरफ्तार कर लिया है। उसे निगरानी कोर्ट भागलपुर को सुपुर्द कर दिया गया।

### कटिहार को मिली समर स्पेशल ट्रेनों की सौगात

**कटिहार (नबिटासं)।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को स्पेशल ट्रेन के रूप में बड़ी राहत दी है। इस बार कटिहार रेलखंड को प्राथमिकता देते हुए आनंद विहार-जोगबनी समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया जा रहा है, जो कटिहार होकर गुजरेगी।इस स्पेशल ट्रेन 04008/04007 का परिचालन 18 अप्रैल से 11 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। यह ट्रेन प्रत्येक शनिवार को आनंद विहार से सुबह 8.30 में खुलेगी और रविवार को दिन 11.00 बजे कटिहार पहुंचकर आगे जोगबनी की और रवाना होगी जो पुनः जोगबनी से वापसी में संध्या 18.30 में खुलकर कटिहार होते हुए आगे की और परिचालित होगी। यह ट्रेन अप डाउन में मुरादाबाद, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, मानसी, कटिहार, पूर्णिया, अररिया कोर्ट आदि निर्धारित महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकते हुए अप डाउन में आनंदविहार और जोगबनी के बीच परिचालित होगी। जिससे सीमांचल के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। वही इसके अलावा नई दिल्ली-सुपौल तथा सहरसा-यशवंतपुर के बीच भी समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।कटिहार होकर चलने वाली इस स्पेशल ट्रेन से दिल्ली और उत्तर भारत की यात्रा अब और आसान हो जाएगी। इसके परिचालन से यात्रियों को भीड़भाड़ से राहत मिलेगी । जिससे यात्रियों में हर्ष व्याप्त है।

### स्व गणना को लेकर नगर पंचायत कर्मियों का प्रशिक्षण

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** जिला पदाधिकारी से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में मनिहारी नगर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान ने कार्यालय कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को मोबाईल एप के माध्यम से स्व गणना की तकनीकि पहलुओं से अवगत कराया।श्री पासवान ने नगरवासियो से भी मोबाईल एप के माध्यम से स्वगणना की अपील की है. कहा कि थोडे से प्रयास से आमलोग भी मोबाईल एप के माध्यम से स्वगणना कर सकते हैं।यह भी जानकारी दी कि दो चरणों में नगर पंचायत के लिए निर्धारित प्रगणकों एवं



पर्यवेक्षकों को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में 19 अप्रैल से प्रशिक्षण दी जाएगी। जो घर घर जाकर मकान सूचीकरण व गणना कार्य करेंगें। नगर पंचायत में स्वगणना के दौरान वार्ड पार्षद श्रवण कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी आरुष कुमार, सत्यम कुमार,संजय कुमार झा, काजल कुमारी,शैलेश शर्मा, नूतन कुमारी, जेई अभिषेक कुमार ,अमर ठाकुर,नीतीश कुमार, हासिम खान सहित अन्य मौजूद रहे ।

### उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल में 55 छात्राओं की एनीमिया की जांच

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल मोहनपुर में प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मिश्र की अगुवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के द्वारा एक दिवसीय एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 55 छात्राओं का एनीमिया की जांच हुई। इस शिविर में टेस्ट,टॉक एवं ट्रीटमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के एएनएम के द्वारा सभी छात्राओं की जांच की गई जिसमें एक छात्राओं का



एनीमिया के थोड़ा सा लक्षण पाए गए जिसे उनके पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के माध्यम से विशेष निगरानी में देखभाल करने की बात कही गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मिश्र,नोडल शिक्षक स्वाति कुमारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के सीएचओ श्रवण पुरी गोस्वामी,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम,बीएमई गौतम कुमार मंडल,एएनएम रानू प्रिया,उषा पासवान,लवली कुमारी,आशा फैसिलेटर शीला कुमारी,सुधा कुमारी उपस्थित रहे । वहीं विद्यालय के अध्यापक अंजनी कुमार,माला कुमारी,चंदन कुमार,स्वीटी कुमार तथा लिपिक विश्वनाथ मरांडी मौजूद रहे।

### नामांकन अभियान के तहत यूथ क्लब के छात्र-छात्राओं के द्वारा निकाली गई रैली

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के मध्य विद्यालय मोहनपुर में नामांकन अभियान को लेकर यूथ क्लब के छात्र - छात्राओं के द्वारा एक रैली निकाली गई जो विद्यालय के पोषक क्षेत्र बड़ी मोहनपुर एवं छोटी मोहनपुर के कई गली मोहल्ले एवं टोलों का भ्रमण किया । इस बीच यूथ क्लब के छात्र - छात्राओं के द्वारा नामांकन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए अभिभावक को नारे लगाकर प्रेरित किए । इस रैली का नेतृत्व एवं अगुवाई विद्यालय के शिक्षक मो. मुश्फिक आलम एवं विद्यालय के रसोइया सह सहायक की एक समूह कर रहे थे



। रैली में मुख्य रूप से विद्यालय के बाल संसद के प्रधानमंत्री अभिषेक कुमार वर्ग आठ एवं उप प्रधानमंत्री महमूदा प्रवीण वर्ग आठ तथा मीणा मंत्री रेशम कुमारी वर्ग सात शामिल थे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गया हैं छः वर्ष से लेकर 14 वर्ष के छात्र - छात्राओं का शत प्रतिशत नामांकन विद्यालय में किया जाना हैं,इसको लेकर यूथ क्लब के छात्र - छात्राओं के द्वारा पोषक क्षेत्र में रैली निकाली गई अभिभावक से अपील की गई अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य करवाएं।

# निलंबित होमगार्ड जवान की गला रेतकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरारी (कटिहार) ।** प्रखंड के सेमापुर थाना क्षेत्र के कावर पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर झाड़ी टोला में शुक्रवार देर रात एक निलंबित होमगार्ड जवान की घर में घुसकर चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना को पुराने विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। मृतक की पहचान उमेश यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह पिछले करीब दो वर्षों से किसी कारणवश निलंबित चल रहे थे और घर पर ही रह रहे थे।

शनिवार रात वह अपने घर में सोए हुए थे। इसी दौरान देर रात हमलावर घर में घुसा और उन पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में उमेश यादव के गले पर गंभीर वार किया गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी विमली देवी और बहू मौसम कुमारी ने बताया कि देर रात अचानक चीखने की आवाज सुनाई दी। जब वे लोग दौड़कर कमरे में पहुंचे, तो उमेश यादव खून से लथपथ जमीन पर पड़े थे। यह मंजर देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि गांव के ही सुनील यादव ने पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। सूचना मिलते ही सेमापुर ओपी प्रभारी रमाशंकर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया है। वहीं, घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुनील यादव को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। इधर मृतक के परिजन आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे हैं। गांव में पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# मिड डे मील अनियमितता पर फिर जांच, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

- यूएमएस शिवानंदपुर में उपस्थिति से ज्यादा हाजरी बनाने का खेल
- 600 बच्चों की उपस्थिति पर 4 डब्बा ही एनजीओ द्वारा खाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोइ (कटिहार)।** बारसोई प्रखंड में मिड डे मील योजना की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला प्रबंधक ने एक बार फिर विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना और उत्क्रमित मध्य विद्यालय मालापाड़ा में ग्रामीणों ने पदाधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई और व्यवस्था में सुधार की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद विद्यालयों में अनियमितता थमने का नाम नहीं ले रही है। बच्चों की उपस्थिति के अनुरूप भोजन नहीं दिया जा रहा है। जिससे छात्रों को परेशानी हो रही है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवानंदपुर में जांच के दौरान चौंकाने वाला मामला सामने आया। जहां भोजन की मात्रा कम जबकि उपस्थिति अधिक पाई गई। इस पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद सरफुदीन ने बताया कि स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर नेशनल डेवलपमेंट इनिसिएटिव द्वारा मात्र 4 डब्बा ही मिड डे मील उपलब्ध कराया जाता है जो पर्याप्त नहीं है। जबकि किचन प्रबंधक ने कहा कि एक डब्बे 50 बच्चों का मिड डे मील मामले में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर किसकी मिलीभगत से उपस्थिति बढ़ाने और भोजन आपूर्ति में गड़बड़ी का खेल चल रहा है। इस संबंध में बिधौर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुजफ्फर हुसैन ने उपस्थित पदाधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि एमडीएम का खाना काफी निम्न किस्म का दिया जा रहा है। एमडीएम के खाने में सुधार अगर नहीं हुई तो आने वाला दिन बच्चों के अभिभावक एजेंसी के विरुद्ध बड़े आंदोलन करेंगे। इसलिए आज से ही खाने में सुधार लाने का निर्देश संवेदक को दिया जाए।मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर तुरंत रिपोर्ट देने को कहा। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है और व्यवस्था में कब तक सुधार आता है।



# न्यूनतम शुल्क देकर सार्वजनिक शौचालय की सुविधा ले सकेंगें आमजन : कार्यपालक पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मनिहारी (कटिहार)।** समुचित देखरेख व प्रबंधन के साथ बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक शौचालय की सुविधा का लाभ आमजन न्यूनमत राशि खर्चकर उठा सकेगें। उक्त जानकारी नगर कार्यपालक पदाधिकारी मनिहारी अरविंद पासवान ने दी है।

श्री पासवान ने जानकारी दी कि मनिहारी बस स्टैंड स्थित अम्बेदकर चौक सार्वजनिक शौचालय का जीर्णोद्धार कर आमजन के लिए उपयोगी बनाया गया है। मनिहारी से साहिबगंज एवं जिला मुख्यालय की ओर जाने सहित स्थानीय स्तर पर चौक पर फल, सब्जी, कपडे की दूकानदारों, आम राहगीरों की सुविधा के लिहाज से दो अदद सार्वजनिक शौचालय निर्मित है।इसकी संचालन, साफ सफाई व उपयोग अनुकूल बानाये रखने के लिए पर्याप्त देखरेख के लिए कोई केयर टेकर सामने नहीं आने पर थोडा विलंब हुआ है। श्री पासवान के अनुसार अब इसके संचालन को लेकर केयर टेकर के साथ एकरारनामा प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही न्यूनतम शुल्क भुगतान कर इसके तलबगार सुविधा ले सकेगें।

### दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार) ।** पोठिया थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। भंगहा कोऑपरेटिव गोदाम के समीप दो बाइकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गयी। एक बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास मौजूद स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और जख्मी युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलका पहुंचाया। वहां चिकित्सकों द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी की पहचान अंजनी कुमार( 30) के रूप में हुई है। जो मलहरिया गांव के निवासी हैं। घायल अंजनी कुमार ने बताया कि वह किसी जरूरी कार्य से फलका प्रखंड कार्यालय जा रहे थे।

# डीएम और एसपी ने वेयर हाउस में इवीएम वीवीपैट का लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सदर मुख्यालय परिसर स्थित वेयर हाउस जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी पहुंचे। दोनों पदाधिकारी ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से इवीएम वीवीपैट, वेयर हाउस एवं गार्ड रूम का निरीक्षण किये। साथ ही सीसीटीवी एवं इलेक्ट्रिक उपकरणों आदि की एक्टिविटी चेक की। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक धरोहरों को डिजिटल रूप देने की पहल : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** जिलाधिकारी कटिहार आशुतोष द्विवेदी ने बरारी प्रखंड के सरदार नगर लक्ष्मीपुर स्थित श्री गुरु तेग बहादुर ऐतिहासिक गुरुद्वारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा परिसर के डिजिटलीकरण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बताया कि भारत सरकार के दिशा-निदेर्शो के तहत देशभर में पांडुलिपियों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और डिजिटलीकरण का कार्य चलाया जा रहा है।



इस पहल का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा को सुरक्षित रखना और उसे आम लोगों तक पहुंचाना है। इस मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान द्वारा डीएम को सम्मान स्वरूप ह्यसिरोपाह्व भेंट किया गया। वहीं गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी द्वारा डीएम को हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब जी का दर्शन कराया गया। जिसे देख डीएम ने इसे ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए इसके संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पांडुलिपियों एवं ऐतिहासिक स्थलों का डिजिटलीकरण किए जाने से यह अमूल्य धरोहर शोधकताओं, आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सकेगी। वही डीएम ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को गुरुद्वारा के विकास के लिए क्या कार्य होगा उसका मैप तैयार करने को कहा है। इस दौरान अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, ओएसडी अभिषेक किशोर, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमारी रीना गुप्ता, उप प्रमुख प्रतिनिधि अमरिंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरजीत सिंह,भगत सिंह, गुलविंदर सिंह, सन्नीदर सिंह, माल सिंह, बाले सिंह, परविंदर सिंह, रिशु सिंह, जगदीप सिंह एवं यदुवीर सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कंरट की चपेट में आने से किसान पति-पत्नी की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार ग्रामीण।** शनिवार को जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र के नारायणपुर पंचायत चिकनी बहियार में कंरट लगने से कृषक दम्पति की दर्दनाक मौत हो गयी। मुखिया प्रतिनिधि सुभाष मंडल व परिजनों ने जानकारी दी कि नारायणपुर वार्ड संख्या दो चिकनी गांव निवासी रंजन ठाकुर पिता रामकिशोर ठाकुर व उनकी पत्नी रंजना देवी अपने खेत में सिंचाई के लिए गये थे।

सिंचाई के दौरान बिजली का करंट लगने से गंभीर रुप से जख्मी हो गये। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों के सहयोग से गंभीर अवस्था में दोनों को ईलाज हेतु मनिहारी अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौके पर मनिहारी थानाध्यक्ष पंकज आनंद अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया । ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को इस घटना के लिए जिम्मेवार बताया है। मनिहारी विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अभिजीत कुमार ने इस बाबत पूछे जाने पर बताया कि दो लोगों की बिजली करंट लगने से मौत हुई है। कहा कि मृतकों के आश्रितों के प्रति पूरी संवेदना है। मृतक दम्पति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने पर विभाग द्वारा तय मानकों के अनुसार विभाग द्वारा पीडित परिवार को आर्थिक मदद दिये जाने का भरोसा दिलाया है।

# बाल कल्याण समिति की टीम पहुंची उनासोपचगाछी पंचायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कदवा (कटिहार)।** बाल कल्याण समिति कटिहार प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी का पीठ प्रखंड के उन्नासोपचगाछी पंचायत पहुंची । समिति अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सदस्य अरुण कुमार चौबे एवं लता कुमारी ने पंचायत के मुखिया मो. एजाजुल हक को पंचायत स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति जिसके अध्यक्ष मुखिया होते हैं,के उद्देश्य कर्तव्यों तथा कार्यों को बताते हुए पंचायत अंतर्गत देखभाल एवं संरक्षण हेतु बालकों , बालिकाओं के पुनर्वास के संबंध में समझाते हुए जागरूक किया तथा ग्रामीणों को बच्चों के लिए माता पिता के दायित्व, कानूनी पहलुओं तथा जवाबदेही एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों से अवगत कराया गया।

समिति बालिका के पुनर्वास को सफल बनाने हेतु विशेष अभियान के तहत पहुंचीं थी। इस अवसर पर वार्ड मेंबर सहित ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने पर बल दिया गया। समिति द्वारा अनाथ बच्चे जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है या असाध्य रोग से पीड़ित बच्चे या अभिभावक, जिन बच्चों के माता-पिता एचआईवी, एड्स ,कुष्ठ रोग या अन्य किसी गंभीर एवं असाध्य बीमारी से पीड़ित हैं या जेल में बंद माता पिता के बच्चे ,उनके लिए परवारिश योजना के बारे में बताया गया ,जिसके तहत प्रति बालक, बालिका 1000- रुपए प्रतिमाह 18 वर्ष तक दिया जाता है।

# मैट्रिक व इंटर में सफल छात्रों को विधायक ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** प्रखंड के पिरमोकाम पंचायत के दरमाही गांव में मैट्रिक व इंटर में सफल छात्रों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में कोढ़ा विधायक कविता पासवान शामिल रही। मेडल, प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता सतीश मंडल ने की।



संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार मंडल, नेवल रविदास ने किया। विधायक कविता पासवान ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। अजय कुमार, अभिषेक कुमार, शंभुनाथ चौधरी, रमण झा, मुखिया राजेश रंजन, विनोद मिर्धा, पूर्व प्रमुख सतीश मंडल, लखनदेव ठाकुर, मुरारी ऋषि, पूर्णेदु भूषण गुप्ता, निरंजन कुमार निषाद, उपेंद्र रमानी, विनोद मुनी, उमेश मुनी, राजेंद्र ठाकुर, रामलाल किस्कू, कुदन हांसदा, लाल हांसदा,दिनेश मंडल, संजय मंडल,संतोष आदि मौजूद रहे।

# आरआईटीएम ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फारबिसगंज (अररिया)।** शनिवार को रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ऑफ मैनेजमेंट फारबिसगंज के द्वारा 10वीं और 12वी के मेधावी छात्र छात्राओं के लिए एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर 10 वीं और 12 वी के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे सीनियर आईपीएस ऑफिसर लेट्स इंस्पायर के बिहार संयोजक विकास वैभव ने अपने ओजस्वी संबोधन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो अपने सपनों को जुनून के साथ साकार करने का साहस रखते हैं। समारोह के दौरान ट्रस्ट के चेयरमैन एम पी रूंगटा ने कहा कि जीवन में चुनौतियां आएगी लेकिन आपका आत्मविश्वास और आपकी शिक्षा ही आपका सबसे बड़ा हथियार होगी। असफलता से घबराए नहीं बल्कि, उन्हें सीखने का अवसर माने। मार्गदर्शन और विजन की सराहना की गई जिनके नेतृत्व में संस्थान नए आयाम स्थापित कर रहा है। निर्देशक एमडीएमएस संजय प्रधान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि शिक्षा के साथ साथ अपने मूल्यों और संस्कारों को कभी नहीं भूले।



आपकी सफलता तभी सार्थक है जब वह आपके माता पिता आपके गुरुजनों और आपके संस्थान आरआईटीएम का नाम रौशन करे। प्रधानाचार्य डॉक्टर राशिद हुसैन ने अपने संस्थान की शैक्षणिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल आपको साक्षर बनाना नहीं है बल्कि आपको उन पंखों से लैस करना है जिससे आप वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सके। आप अपने रूचि में जुनून के साथ आगे बढ़े। वहीं प्रशासनिक अधिकारी एस बी कुमार ने छात्रों की परिश्रम और अनुशासन की प्रशंसा करते उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उक्त समारोह में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, अभिभावक और अतिथिगण मौजूद रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन में मोहम्मद शहबाज, नटवर कल, संजय मेहता, वरुण कुमार, सुरेंद्र कुमार, नितेश झा, मोना झा, स्नेहलता चौरसिया, प्रतीक प्रज्ञा, अभिषेक शर्मा, पंकज झा, नियाज अहमद, गौरव कुमार, इंदु कुमारी, अंजली कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## 11 लाख करोड़ का फायदा, 24 घंटे में क्रिप्टो बाजार की लंबी उड़ान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिप्टोकरेंसी में शुक्रवार शाम गजब की तेजी आई। देखते ही देखते रात 8 :30



बजे ग्लोबल मार्केट कैप बढ़कर 2.63 ट्रिलियन डॉलर हो गया। पिछले 24 घंटे में इसमें 4.70 प्रतिशत की तेजी आ गई। वहीं लगभग सभी क्रिप्टो हरे निशान पर पहुंच गईं। इस दौरान पाई नेटवर्क कॉइन ने लंबी छलांग मारी और बिटकॉइन को पीछे छोड़ दिया। रात 8 :30 बजे बिटकॉइन करीब 77772 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। पिछले 24 घंटे में इसमें करीब 5 फीसदी की तेजी आई है। काफी दिनों बाद बिटकॉइन इस स्तर पर पहुंचा है। वहीं पाई नेटवर्क कॉइन 0.1808 डॉलर पर था। 24 घंटे में यह करीब 6.70 प्रतिशत उछल गया है। ऐसे में पिछले 24 घंटे में तेजी के मामले में पाई नेटवर्क कॉइन ने बिटकॉइन को पीछे छोड़ दिया है। 24 घंटे बिटकॉइन के अलावा और भी दूसरी क्रिप्टो में जबरदस्त तेजी आई है। इथेरियम 5 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 2445 डॉलर पर पहुंच गया है। रिपल ने भी 5 फीसदी से ज्यादा की छलांग लगाई और यह 1.49 डॉलर पर आ गया। सोलाना 4 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ करीब 90 डॉलर पर है। डॉजकॉइन में भी 5 फीसदी की तेजी आई और यह 0.1010 डॉलर पर पहुंच गया। कार्डानो में 6 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। इस बढ़त के साथ यह 0.2650 डॉलर के पार चला गया। स्टेलर में 8 फीसदी से ज्यादा, केंटन में 2 फीसदी से ज्यादा, लाइटकॉइन में करीब 3 फीसदी और शिबा इनु में करीब 6 फीसदी की तेजी आई। क्रिप्टोकरेंसी में जबरदस्त तेजी के बाद भी कई क्रिप्टो में 24 घंटे में गिरावट आई। ट्रॉन करीब 0.66 फीसदी गिरकर 0.3247 डॉलर पर आ गई। निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न देने वाली क्रिप्टो में भी मामूली गिरावट आई। वर्ल्डकॉइन 2 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गई। क्रिप्टो मार्केट में पिछले कुछ समय से लगातार तेजी आई है। इससे फीयर एंड ग्रीड इंडेक्स ने भी लंबी छलांग लगाई है। यह अभी 64 पर है। कल यानी गुरुवार को यह 56 और पिछले हफ्ते 49 था। इसमें लगातार आ रही तेजी इस बात का संकेत है कि क्रिप्टोकरेंसी में निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा है।

## केंद्रीय कर्मचारियों ने आठवें वेतन आयोग के आगे रखी डिमांड

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों ने आठवें वेतन आयोग के सामने अपनी सैलरी, पेंशन और काम करने की शर्तों में बड़े बदलाव की मांग रखी है। उन्होंने सुझाव दिया है कि न्यूनतम बेसिक सैलरी को बढ़ाकर 69,000 रुपये किया जाए। फिटमेंट फैक्टर 3.83 रखा जाए और जैसे ही महंगाई भत्ता 25 प्रतिशत तक पहुंचे, उसे बेसिक पे में शामिल करने की पुरानी व्यवस्था फिर से शुरू की जाए। इससे पहले सातवें वेतन आयोग ने 2.57 का फिटमेंट फैक्टर लागू किया था, जिससे न्यूनतम बेसिक सैलरी 7,000 रुपये से बढ़कर 17,990 रुपये हो गई थी। श्वज्ञ के मुताबिक, नैशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी के कर्मचारियों की ओर से 14 अप्रैल को आठवें वेतन आयोग को एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें सिर्फ सैलरी बढ़ाने की बात नहीं है, बल्कि पदों के ढांचे को सुधारने, सालाना इंक्रीमेंट बढ़ाने और सभी पेंशनभोगियों को एक जैसा लाभ देने की भी मांग की गई है। इसमें इंक्रीमेंट की दर को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत करने का सुझाव दिया गया है। सैलरी के अलावा, कर्मचारी संगठनों ने पे-मैट्रिक्स को भी आसान बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने सुझाव दिया है कि ऊंचे और नीचे पदों के बीच के कई स्तरों को आपस में मिला देना चाहिए। इसका मकसद प्रमोशन में होने वाली देरी को कम करना और करियर की राह में आने वाली रुकावटों को खत्म करना है। सरकार से ऐसी नीतियां बनाने को कहा गया है जो कर्मचारियों के परिवार के लिए मददगार हों।

# अब नहीं होगी तेल, एलपीजी और फर्टिलाइजर की कोई कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होर्मुज स्ट्रेट के पूरी तरह खुलने से भारतीय तेल कंपनियों के साथ-साथ आयातकों और निर्यातकों के चेहरे खिल गए हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था और उसी दिन ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया था। इससे हाहाकार मच गया था क्योंकि दुनिया का 20 फीसदी तेल और करीब एक तिहाई गैस इसी रास्ते से गुजरती है। लेकिन इसके खुलने से अब दुनिया ने राहत की सांस ली है। भारत आ रहे 41 जहाज अब होर्मुज स्ट्रेट को पार करने को तैयार हैं। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक इन जहाजों में कच्चा तेल, एलपीजी, फर्टिलाइजर और एलएनजी भरा है। इन जहाजों में 26 विदेशी और 15 भारतीय हैं। इनमें से एक दर्जन से अधिक जहाजों में फर्टिलाइजर भरा है जो कि भारत के लिए बहुत जरूरी है। देश में खरीफ की बुवाई अगले कुछ महीनों में शुरू होने वाली है। भारतीय जहाजों में 10 में कच्चा तेल, चार में एलपीजी और तीन में एलएनजी है। होर्मुज स्ट्रेट के खुलने की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमत में भी भारी गिरावट आई है।

**कच्चे तेल में भारी गिरावट:** शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 9 फीसदी से ज्यादा गिरावट के साथ 90.38 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 11.5 फीसदी गिरावट के साथ 87.9 डॉलर तक आ गया था। अमेरिकी

### होर्मुज से भारत आने को तैयार हैं 41 जहाज

बेंचमार्क डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 11.45 फीसदी गिरावट के साथ 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। कारोबार



के दौरान यह 80 डॉलर तक गिर गया था। पिछले 9 कारोबारी दिनों में इसमें 30 फीसदी से अधिक गिरावट आई है। जानकारों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमत में गिरावट से फ्रेट रेट्स में भी कमी आएगी। इससे सभी सेक्टर्स को फायदा होगा। निर्यातकों को उम्मीद है कि होर्मुज स्ट्रेट में जल्दी ही स्थिति सामान्य हो जाएगी। अमृतसर की कंपनी डीआरआरके फूड्स के एमडी अमित मारवाह ने उम्मीद जताई कि पश्चिम एशिया से डिमांड बढ़ेगी। उनकी कंपनी का 18,000 टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा हुआ है जो अब आगे बढ़ सकता है।

**होर्मुज के पार जहाजों का इंतजार:** होर्मुज स्ट्रेट के पार 41 जहाज कर रहे हैं भारत आने का इंतजार इनमें से कुल 15 जहाज भारतीय हैं जबकि 26 जहाज विदेशी हैं इनमें से एक दर्जन से अधिक जहाजों में फर्टिलाइजर भरा हुआ है भारतीय जहाजों में 10 में क्रूड, 4 में एलपीजी और तीन में स्हत्त है

**क्या होगा फायदा?:** मारवाह ने कहा, 'हम पश्चिम एशिया से बल्क डिमांड की उम्मीद कर रहे हैं। कच्चे तेल की कीमत में गिरावट से फ्रेट रेट में कमी आने की उम्मीद है।' कंपनी जेद्दा पोर्ट तक सामान पहुंचाने के लिए हर कंटेनर पर 700 डॉलर दे रही थी लेकिन ईरान युद्ध के कारण यह चार से पांच गुना तक बढ़ गया था। निर्यातकों के संगठन फियो के डायरेक्टर जनरल अजय सहाय ने कहा, 'हम न केवल पश्चिम एशिया को सामान भेज पाएंगे, बल्कि यूरोप सामान भेजने के लिए भी रूट शॉर्ट हो जाएगा।' होर्मुज स्ट्रेट खुलने से हम न केवल पश्चिम एशिया को सामान भेज पाएंगे, बल्कि यूरोप सामान भेजने के लिए भी रूट शॉर्ट हो जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि करीब दो दर्जन जहाज मिडिल ईस्ट जाने के लिए भारतीय बंदरगाहों पर खड़े हैं। एक सरकारी बंदरगाह के अधिकारी ने कहा कि अगले कुछ दिनों में तस्वीर साफ हो जाएगी जब ज्यादा जहाज होर्मुज से गुजरेंगे।

## 10 प्रतिशत बैंक लोन और चुकाया, अब 90 प्रतिशत से ज्यादा लोन चुकता, कर्ज-मुक्त होने की तैयारी में है कंपनी

**मुंबई, एजेंसी।** ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर ने शुक्रवार को बताया है कि कर्ज घटाने से जुड़ी अपनी मौजूदा योजना के तहत उसने कंसोर्शियम लेंडर्स के साथ अपने ज्वाइंट सेटलमेंट एग्रीमेंट के मुताबिक बकाया बैंक कर्ज का करीब 10 पर्सेंट और चुका दिया है। पीसी ज्वैलर लिमिटेड ने बताया है कि इस हालिया कर्ज कटौती के बाद सेटलमेंट एग्रीमेंट होने से लेकर अब तक उसने अपने बकाया बैंक कर्ज का 90 पर्सेंट से ज्यादा चुका दिया है। पीसी ज्वैलर के शेयर शुक्रवार को 9.58 रुपये पर बंद हुए हैं। पीसी ज्वैलर बोनस शेयर देने के साथ ही अपने शेयरों का बंटवारा भी कर चुकी है। ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर लिमिटेड ने बताया है कि मौजूदा प्रगति कर्ज-मुक्त होने का दर्जा हासिल करने के उसके लक्ष्य के मुताबिक है। पीसी ज्वैलर ने कहा है कि वह अपनी फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग प्रोसेस पूरा करने की दिशा में बढ़ रही है। ज्वैलरी कंपनी ने कहा है कि वह निकट भविष्य में कर्ज-मुक्त पोजिशन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीसी ज्वैलर ने पिछले हफ्ते बताया था कि मार्च 2026 तिमाही में उसके स्टैंडअलोन रेवेन्यू में सालाना आधार पर 32 पर्सेंट का उछाल आया है। वित्त वर्ष 2026 के लिए कंपनी ने कहा था कि उसका रेवेन्यू सालाना आधार पर 49 पर्सेंट बढ़ा है। ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर लिमिटेड अपने शेयर का बंटवारा कर चुकी है। यानी, कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1-1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा।

### दिग्गज अर्थशास्त्री की चेतावनी

## भारत 1990 के दशक जैसा कमजोर नहीं, लेकिन अब मंडरा रहा है बड़ा खतरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके असर को लेकर जाने-माने अर्थशास्त्री स्वामीनाथन अय्यर ने बड़ी चेतावनी दी है। उनका मानना है कि भारत फिलहाल इस संकट का सामना करने में सक्षम है, लेकिन आने वाले समय में महंगाई का दूसरा चरण देश को परेशान कर सकता है। अय्यर के अनुसार अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें करीब 33 प्रतिशत और डीजल 25 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। इससे आम जनता, ट्रांसपोर्ट और मैन्युफैक्चरिंग लागत पर सीधा असर पड़ रहा है। अमेरिका में मिड-टर्म चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप पर राजनीतिक दबाव बढ़ेगा। अय्यर ने उम्मीद जताई है कि एक या दो हफ्ते में इस संकट का कोई समाधान निकल सकता है। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने का ऐलान किया है। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा है कि लेबनान संघर्ष विराम के बाद अब होर्मुज पूरी तरह से सभी व्यापारिक जहाजों के लिए खोल दिया गया है। अय्यर ने कहा कि 1973-74 के संकट में तेल की कीमतें 4 गुना बढ़ी थीं, जबकि अभी यह बढ़ोतरी केवल 50 प्रतिशत के आसपास है। उनके मुताबिक भारत अब 1990 के दशक जैसा कमजोर नहीं है। भारत ने कोविड और वैश्विक मंदी जैसी आपदाओं का बिना किसी बाहरी मदद के सामना किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर युद्ध 3-4 महीने और खिंचता है, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती है। भारत विशेष रूप के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है, जहां आपूर्ति बाधित होने का खतरा है। अय्यर ने कहा कि भले ही युद्ध कल रुक जाए, लेकिन कुछ नुकसान पहले ही हो चुके हैं जो आने वाले समय में दिखेंगे। खाद की कीमतें बढ़ने से सरकार को फसलों का समर्थन मूल्य पड़ेगा, जिससे अनाज महंगा होगा। एल्युमीनियम और गैस पर निर्भर रहने वाले छोटे उद्योगों (जैसे सिरेमिक और केमिकल) की लागत बढ़ जाएगी। महंगाई दर के 4 प्रतिशत के लक्ष्य को पार कर 5 से 6 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। चुनावों के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है। अय्यर के मुताबिक सरकार इस झटके से निपटने के लिए 1 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत अतिरिक्त खर्च कर सकती है। ऐसे में एक साल के लिए फिस्कल डेफिसिट 5.5 प्रतिशत तक जा सकता है।

## इस बार भी अक्षय तृतीया के मौके पर सोना खरीदने का उत्साह दिखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर साल की तरह इस बार भी आम लोगों में अक्षय तृतीया के मौके पर सोना खरीदने का उत्साह दिख रहा है। हालांकि, अब सोना सिर्फ ज्वेलरी तक सीमित नहीं रह गया है। इसके अलावा भी कई विकल्प हैं जिसके जरिए सोने की खरीदारी कर सकेंगे। इनमें तीन विकल्प- डिजिटल गोल्ड, गोल्ड इटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड हैं। ऐसे में अब सवाल है कि सोना की किस तरीके से खरीदारी करना ज्यादा अच्छा है। डिजिटल गोल्ड, गोल्ड इटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की बात करें तो इन तीनों विकल्पों का संबंध सोने की कीमत से होता है लेकिन इनके काम करने का तरीका अलग-अलग है। डिजिटल गोल्ड आसानी से मोबाइल ऐप के जरिए खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे छोटे निवेशक भी इसमें आसानी से शुरुआत कर सकते हैं। वहीं गोल्ड उन लोगों के लिए बेहतर हैं जिनके पास डिमैट अकाउंट है और जो शेयर बाजार की समझ रखते हैं। अगर सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की बात करें तो इसमें सरकार की गारंटी के साथ-साथ ब्याज का भी फायदा मिलता है। बता दें कि बेहद कम पैसे में भी डिजिटल गोल्ड में निवेश किया जा सकता है। डिजिटल गोल्ड को आप कभी भी बेच सकते हैं, जबकि इटीएफ शेयर बाजार में ट्रेड होते हैं। वहीं सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में लॉक-इन पीरियड होता



है। टैक्स के लिहाज से भी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड सबसे आगे हैं। बता दें कि भारत में फिजिकल गोल्ड का भावनात्मक महत्व आज भी बना हुआ है लेकिन अब लोग डिजिटल और वित्तीय विकल्पों को भी अपनाने लगे हैं। बहरहाल, शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 5,700 रुपये टूटकर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि सोना 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,700 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,600 रुपये यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा।

## 35वीं बार डिविडेंड देने जा रही है कंपनी, इस बार होगा हर शेयर पर 320 प्रतिशत का फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिविडेंड देने वाली कंपनियों के शेयरों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। निवेशकों को डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी शेयर बाजार में 35वीं बार एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने जा रहा है। इस बार कंपनी ने योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 320 प्रतिशत का डिविडेंड देने का ऐलान किया है। शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया है कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 16 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। यानी हर एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 320 प्रतिशत का फायदा होगा। बता दें, इससे पहले पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने एक शेयर पर 8 रुपये का डिविडेंड दिया था। शेयर सबसे पहली बार 2001 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 2 रुपये का डिविडेंड मिला था। इसके बाद कंपनी ने 6 साल के बाद 2007 में निवेशकों को डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 4.5 रुपये का डिविडेंड दिया था। बता दें, आखिरी बार यह स्टॉक 30 जनवरी 2026 को एक्स-डिविडेंड ट्रेड किया था। तब योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 8 रुपये का फायदा हुआ था। शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर बीएसई में यह स्टॉक 2.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 1744.90 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने में शेयरों का भाव 19.37 प्रतिशत बढ़ा है।

## पेट्रोल 78.05, डीजल 82.64 रुपये में, 10 प्रतिशत तक गिरा तेल का रेट, आधी रात को कम हुआ दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली थी। लेकिन इसके बाद भी घरेलू बाजार में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पुरानी कीमतों को ही बरकरार रखा है। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का रेट 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल का रेट 87.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। बता दें, बीते दिनों शेल इंडिया और नायरा ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया था। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 78.05 रुपये और डीजल 82.64 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। जोकि अन्य शहरों की तुलना में काफी कम है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से ग्लोबल शिपिंग कार्गो के लिए खोलने का संकेत दिया है। इसी वजह से कल क्रूड ऑयल का रेट इटरनेशनल मार्केट में 10 प्रतिशत की गिरावट के बाद 90 डॉलर के नीचे आ गया। शेल इंडिया ने 7.41 रुपये पेट्रोल और 25.01 रुपये डीजल का बढ़ाया रेट प्राइवेट तेल बेचने वाली कंपनी शेल इंडिया ने 1 अप्रैल को पेट्रोल के रेट में 7.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल के रेट में 25.01 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया था। इससे पहले नायरा ने मार्च के महीने में पेट्रोल और डीजल के रेट को बढ़ाया था। तब नायरा ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 रुपये तक का इजाफा किया था। 1 अप्रैल को इंडियन ऑयल ने पेट्रोल के रेट में 11 रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया था।

## मुंबई का मोतीलाल नगर बनेगा '15-मिनट सिटी', फ्री मिलेंगे 1600 वर्ग फुट के मकान

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के गोरेगांव (पश्चिम) स्थित मोतीलाल नगर पुनर्विकास परियोजना का मास्टर प्लान आज शुक्रवार को महाराष्ट्र गृहनिर्माण क्षेत्र



विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और सीईओ संजय जायसवाल ने प्रस्तुत किया। मुंबई बोर्ड द्वारा लागू की जा रही 143 एकड़ में फैली यह परियोजना भारत की अब तक की सबसे बड़ी शहरी पुनर्विकास पहल मानी जा रही है। इस विशाल परियोजना को अडानी ग्रुप द्वारा कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट एजेंसी मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। सरकार ने म्हाडा को इस प्रोजेक्ट के लिए विशेष नियोजन प्राधिकरण का दर्जा दिया है। म्हाडा ने लक्ष्य रखा है कि ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट मिलने के अगले 7 वर्षों के भीतर इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। इस पुनर्विकास की सबसे बड़ी विशेषता पुनर्वास घरों का आकार है, जो मुंबई के इतिहास में अभूतपूर्व है।

3702 पात्र परिवारों को करीब 1600 वर्ग फुट के बड़े और आधुनिक घर मुफ्त मिलेंगे।

लगभग 1600 झुग्गीवासियों को नियमों के तहत 300 वर्ग फुट के घर मिलेंगे। मास्टर प्लान के अनुसार, मोतीलाल नगर को एक आधुनिक टाउनशिप के रूप में विकसित किया जाएगा जहां '15-मिनट सिटी' का कॉन्सेप्ट लागू होगा।

## सुबह ट्रैक्टर, शाम को आटा चक्की... इस महिला ने 40 साल की उम्र में दिखाया दम, रोजाना हजारों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की एक महिला ने खेती-किसानी से जुड़ी पुरानी रूढ़ियों को तोड़कर सफलता की एक नई इबारत लिखी है। अक्सर खेतों में बुवाई से लेकर कटाई तक का कठिन काम करने के बावजूद महिलाओं को किसान के रूप में पहचान नहीं मिलती, लेकिन कल्पना मिश्रा ने इस सोच को बदल दिया है। कौशांबी जिले के छिमिरछा गांव की रहने वाली 40 वर्षीय कल्पना हर सुबह अपने ट्रैक्टर का स्टीयरिंग संभालती हैं और थ्रेशर के साथ खेतों में फसलों की कटाई के लिए निकल पड़ती हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक शाम को वह गांव वालों के लिए आटा चक्की चलाती हैं। इससे उन्हें अतिरिक्त इनकम होती है।

### कितनी होती है कमाई?

कल्पना दिन भर खेतों में ट्रैक्टर चलाकर 3000 से 4000 रुपये तक कमा लेती हैं। काम खत्म कर जब वह शाम को घर लौटती हैं, तो वह गांव वालों के लिए आटा चक्की चलाती हैं। खास बात यह है कि उन्होंने सरकारी मदद से उसी ट्रैक्टर इंजन का उपयोग कर आटा चक्की भी सेटअप किया है, जिससे उनकी अतिरिक्त आय होती है। कल्पना के परिवार में पांच सदस्य हैं। उनके पति अस्थायी



रूप से डेटा एंट्री का काम करते हैं। परिवार की सीमित आय के बावजूद वह अपने तीनों बच्चों की पढ़ाई का खर्च खुद उठाती हैं। कल्पना ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 5 लाख रुपये का लोन लिया। इस रकम से उन्होंने एक ट्रैक्टर खरीदा और आटा चक्की लगाई। आज यह ट्रैक्टर और कारोबार गांव में उनकी पहचान बन चुका है। कल्पना बताती हैं कि उनके दूर-दराज के गांव में महिलाओं के पास घर के काम के अलावा कमाई का कोई साधन नहीं था। इस स्थिति को बदलने के लिए उन्होंने 'जय मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह' का गठन किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक दिव्यांश सिंह के अनुसार, कल्पना ने आटा चक्की चलाने का प्रशिक्षण लिया और उद्योग विभाग के माध्यम से लोन प्राप्त किया। इस योजना के तहत सूक्ष्म उद्योगों के लिए 10 से 25 लाख रुपये तक का लोन 25 प्रतिशत सब्सिडी के साथ मिलता है। कल्पना के इस साहसिक कदम ने गांव की अन्य महिलाओं को भी जागरूक किया है। अब गांव की कई अन्य महिलाएं भी सूक्ष्म उद्योगों में रुचि दिखा रही हैं और प्रशिक्षण ले रही हैं। कल्पना की यह कहानी ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।

## 8 ग्राम सोना देने की घोषणा करने वाले थलापति विजय की नेटवर्थ 620 करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। इस चुनाव में अभिनेता से नेता बने थलापति विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) भी मैदान में है। उन्होंने चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया है। इसमें उन्होंने जनता से कई वादे किए हैं। इनमें महिलाओं को 8 ग्राम सोना देने का भी वादा शामिल है। फिल्मी दुनिया से राजनीति में आए थलापति विजय का असली नाम जोसफ विजय चंद्रशेखर है। विजय तमिलनाडु की पेरम्बूर और तिरुचि ईस्ट सीटों से चुनाव लड़कर अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने पेरम्बूर सीट के लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया है। चुनावी हलफनामे के मुताबिक वह करोड़ों रुपये की संपत्ति के मालिक हैं।

चुनावी हलफनामे के अनुसार थलापति की नेटवर्थ 620 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें चल संपत्ति, सोना और अन्य संपत्तियां



शामिल हैं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 184.53 करोड़ रुपये की इनकम बताई है, जिसमें परिवार के सदस्यों को दिए गए लोन और ट्रस्टों में निवेश शामिल हैं।

विजय थलापति रियल एस्टेट के भी हैं। इससे वह बड़ी कमाई करते हैं। साल 2024 में उनकी नाम से मूवी भी आ चुकी है, जिसने जबरदस्त कमाई की थी। इसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया गया था। थलापति विजय का रियल एस्टेट पोर्टफोलियो इस प्रकार है चेन्नई में टी नगर, नीलंकराई और आसपास के इलाकों सहित 10 रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी शामिल हैं। साथ ही इसमें करीब 82.8 करोड़ रुपये मूल्य की कई कमर्शियल प्रॉपर्टी भी हैं।

कोडाईकनाल में जमीन और संपत्ति के मालिक हैं। इसमें खेती की जमीन भी शामिल है।

चुनावी हलफनामे के मुताबिक करीब 404.58 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। इसमें बैंक बैलेंस, लग्जरी कारें और आभूषण शामिल हैं।

करीब 220.15 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है, जिसमें कई प्रॉपर्टी भी शामिल हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 में उनकी इनकम 184.53 करोड़ रुपये रही। यह इनकम बिजनेस, ब्याज और किराये से प्राप्त हुई।

उनके पास 530, टोयोटा लेक्सस, टोयोटा वेलफायर और जैसी महंगी गाड़ियां हैं।

विजय के पास 883 ग्राम सोना और चांदी के आभूषण हैं, जिनकी कीमत करीब 15 लाख रुपये है। परिवार के सदस्यों को लोन दिया है। पिता को 3.02 करोड़ रुपये और पत्नी को 12.6 करोड़ रुपये का लोन भी शामिल है। चुनावी हलफनामे के अनुसार विजय पर कोई कर्ज नहीं है। फिल्मों के अलावा ब्याज और संपत्तियों से मिलने वाला किराया उनकी कमाई का मुख्य जरिया है। साथ ही वह ब्रांड एंडोर्समेंट से भी कमाई करते हैं।

एपैरल ग्रुप के ब्रांड विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया ने

# तृप्ति डिमरी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**ग्लोबल फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी, अपैरल ग्रुप ने तृप्ति डिमरी को विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया का पहली ब्रांड एंबेसडर बनाया है।विक्टोरिया सीक्रेट, जिसमें इसके प्रमुख ब्रांड्स विक्टोरिया सीक्रेट और पिंक शामिल हैं, ने भारत में अपना समर सिग्नेचर कैंपेन लॉन्च किया है। ये ब्रांड्स आत्मविश्वास, खुशी और आकर्षण को बढ़ावा देने पर फोकस करते हैं।**

इस कैंपेन में जानी-मानी भारतीय अभिनेत्री और नई ब्रांड एंबेसडर तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। समर सिग्नेचर कलेक्शन में आरामदायक और आसानी से पहनने वाली लॉन्जरी और स्लीपवियर शामिल हैं, जिनमें ब्रांड का सिग्नेचर स्ट्राइप डिज़ाइन देखने को मिलता है। इस कलेक्शन की सादगी और ग्लैमर के साथ तृप्ति का सहज आत्मविश्वास इस कैंपेन को और भी खास बनाता है।इस कलेक्शन में सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो टी-शर्ट, वायरलेस ब्रा और सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो पैंटी जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जो रोज़मर्रा के आराम के लिए बनाए गए हैं। वहीं, स्लीपवेयर में सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन स्लिप और सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन लॉन्ग पायजामा सेट शामिल हैं, जो आराम के साथ हल्कापन और लक्ज़री एहसास देते हैं। इसके साथ ही समर सिग्नेचर के साथ कूल एयर कलेक्शन और कैंपेन भी लॉन्च किया गया है, जिसमें तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी ने कहा, 'विक्टोरिया सीक्रेट के साथ जुड़कर मैं बेहद उत्साहित हूँ। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो हर महिला की अपनी पहचान को सेलिब्रेट करता है और उसे आत्मविश्वास के साथ खुद को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। सिग्नेचर कूलब्रा और समर सिग्नेचर कलेक्शन खास तौर पर आराम और सहजता पर आधारित हैं और यही बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई। '





रोहित शेट्टी केसः

## यूपी एसटीएफ और मुंबई क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, आगरा से पंद्रहवां आरोपी भी अरेस्ट

मुंबई में चर्चित रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को इस मामले में फरार चल रहे आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ गाठ को उत्तर प्रदेश के आगरा से गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी यूपी एसटीएफ और मुंबई क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई के तहत की गई। मुंबई क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ गाठ फायरिंग की घटना के समय मौके पर मौजूद था और वारदात के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उसकी तलाश में पुलिस कई दिनों से जुटी हुई थी और आखिरकार उसे आगरा से पकड़ लिया गया। इस गिरफ्तारी के साथ ही रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में अब तक कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे पहले पुलिस 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें शूटर, हथियार सप्लाई करने वाले और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वाले लोग शामिल हैं। क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के मुताबिक फायरिंग के समय प्रदीप कुमार उर्फ गाठ भी मौजद था। घटना के बाद से फरार था जिसकी तलाश मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही थी। आपको बताते चलें, 31 जनवरी की देर रात जुहू स्थित रोहित शेट्टी के घर पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। हमलावरों ने इमारत की पहली मंजिल को निशाना बनाते हुए कई राउंड गोलियां चलाई थीं। इस घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी। घटना के तुरंत बाद मुंबई पुलिस हरकत में आई और इस पूरे मामले की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इस हमले के पीछे उगाही का मकसद था। आरोपियों को पैसों का लालच देकर इस वारदात के लिए तैयार किया गया था। मुख्य शूटर दीपक शर्मा को 15 लाख रुपए देने का वादा किया गया था, जिसमें से 50 हजार रुपए एडवांस दिए गए थे।

'जगधात्री' में माया का किरदार मेरे जैसा ही

# परिवार के लिए कुछ भी कर सकती हूं: सायंतनी घोष



**टेलीविजन** की दुनिया में कई ऐसे किरदार होते हैं, जो दर्शकों के दिलों में बस जाते हैं। खासतौर पर जब कोई किरदार भावनाओं, रिश्तों और संघर्षों से भरा हो, तो वह लोगों को अपनी जिंदगी से जुड़ा हुआ महसूस होता है। ऐसे ही एक मजबूत किरदार को इन दिनों दर्शक टीवी शो 'जगधात्री' में देख रहे हैं, जिसे अभिनेत्री सायंतनी घोष निभा रही हैं। इस बीच उन्होंने अपने किरदार और उससे जुड़ी भावनाओं को साझा किया। शो की कहानी इन दिनों एक अहम मोड़ पर है, जहां रिश्तों, सच्चाई और धोखे के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। हाल के एपिसोड्स में रुद्र (आयुष श्रीवास्तव) शिवाय पर गोली चला देता है। शिवाय का किरदार फरमान हैदर निभा रहे हैं। वहीं जगधात्री (सोनाक्षी बत्रा) को पूरा यकीन होता है कि इस हमले के पीछे रुद्र ही है। वह सच्चाई सामने लाने की कोशिश करती है, लेकिन उसके पास पुख्ता सबूत नहीं होते, क्योंकि रुद्र बेहद चालाकी से अपने सारे निशान मिटा देता है। इसी बीच माया देशमुख (सायंतनी घोष) का किरदार कहानी में एक अहम मोड़ लेकर आता है। माया, जो रुद्र की बहन है, अपने भाई के खिलाफ लगे आरोपों को मानने से साफ इनकार कर देती है। वह अपने परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रहती है और किसी भी हाल में उसे टूटने नहीं देना चाहती। माया के दिल में जगधात्री और शिवाय के लिए भी इमोशन्स हैं, लेकिन इसके बावजूद वह अपने परिवार को प्राथमिकता देती है।

***शो की कहानी इन दिनों एक अहम मोड़ पर है, जहां रिश्तों, सच्चाई और धोखे के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। हाल के एपिसोड्स में रुद्र (आयुष श्रीवास्तव) शिवाय पर गोली चला देता है। शिवाय का किरदार फरमान हैदर निभा रहे हैं। वहीं जगधात्री (सोनाक्षी बत्रा) को पूरा यकीन होता है कि इस हमले के पीछे रुद्र ही है।***

सायंतनी घोष ने कहा, ''माया का रोल मेरे करियर के सबसे खास अनुभवों में से एक है। यह किरदार सिर्फ ऊपर से मजबूत नहीं दिखता, बल्कि इसके अंदर कई तरह की भावनाएं और उलझनें हैं।



# मृणाल और सिद्धांत का देखिए जादू

## अब ओटीटी पर 'दो दीवाने सहर में' का उठाएं लुत्फ

सिनेमा में अक्सर परफेक्ट लव स्टोरी दिखाई जाती है। लेकिन, असल जिंदगी इससे बिल्कुल अलग होती है। वास्तव में कोई इतना परफेक्ट नहीं होता है। इसी सच्चाई को फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में दिखाया गया है। इस फिल्म के जरिए अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर पर्दे पर साथ में नजर आए थे। फिल्म को वेलेंटाइन वीके के दौरान रिलीज किया गया था। इसे दर्शकों ने खूब सराहा था। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा सकी थी, लेकिन लोगों ने सिद्धांत और मृणाल की जोड़ी को खूब पसंद किया था। मेकर्स ने बताया कि अब घर बैठे भी फिल्म का आनंद ले सकेंगे क्योंकि इसे ओटीटी पर स्ट्रीम किया जाएगा। अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया और लिखा, 'फिल्म 17 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी। ' फिल्म एक आधुनिक रोमांटिक ड्रामा है। यह फिल्म दो ऐसे लोगों की कहानी है, जो यह सिखाती है कि हर वक्त परफेक्ट होना जरूरी नहीं है। फिल्म की कहानी मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह आधुनिक शहर की भागदौड़ में पर्सनल इनसिक्योरिटी (हकलाना, बॉडी इमेज) से जूझते दो लोगों की कहानी है। शशांक (सिद्धांत चतुर्वेदी) एक कॉरपोरेट पेशेवर है जो बोलने की समस्या (हकलाने) से जूझता है, और रोशनी (मृणाल ठाकुर) अपनी शारीरिक छवि को लेकर असुरक्षित है। दोनों मुंबई के तनावपूर्ण जीवन में एक-दूसरे के सहारे खुद को तलाशते हैं। फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है। वहीं, संजय लीला भंसाली के साथ प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार मिलकर इसे प्रोड्यूस किया है। मृणाल और सिद्धांत के अलावा, फिल्म में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता, आयेशा रजा, संदीपा धर समेत कई कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## 'मैं एक बहुत ही सेक्युलर पर्सन हूं'

चाहत खन्ना ने शादी से पहले इस्लाम कुबूल करने और अपने सेक्युलर होने को लेकर भी बातें कीं। उन्होंने बताया कि इस्लाम कुबूल करने का फैसला उनका अपना था। उन्होंने कहा कि वो हर धर्म में यकीन करती हैं।

चाहत खन्ना ने इस्लाम धर्म को कुबूल करने पर एक बार फिर से अपनी बात रखी है। उन्होंने ये भी कहा कि अक्सर उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया जाता है।'बड़े अच्छे लगते हैं' फेम चाहत ने अपनी शादी से पहले इस्लाम धर्म अपनाने के अपने फैसले से लेकर इसके बाद पैदा हुई गलतफहमियों पर बातें कीं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि इस्लाम धर्म अपनाने का फैसला उनका अपना था।

बातचीत में चाहत खन्ना ने अपने धर्म परिवर्तन को लेकर उठे विवाद पर बातें की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ये उनका पर्सनल डिसिजन था। बता दें कि चाहत ने फरहान मिर्जा से शादी से पहले इस्लाम धर्म अपनाया था और फिर बाद में वो हिंदू धर्म में वापस लौट आईं। अपनी इस लेटेस्ट बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी बातों को अक्सर गलत संदर्भ में लिया जाता है, जिससे गलत खबरें फैलती हैं।

### धर्म परिवर्तन का फैसला चाहत खन्ना का अपना था

उन्होंने कहा, 'मेरे शब्दों का अक्सर गलत अर्थ निकाला जाता है। अभी भी, अगर मैं कुछ कहती हूं तो एक वाक्य चुनकर कहीं और अलग संदर्भ में जोड़ दिया जाता है।' फरहान मिर्जा से शादी से पहले अपने धर्म परिवर्तन पर चल रही बातों पर एक्ट्रेस ने साफ-साफ कहा कि ये फैसला पूरी तरह से उनका अपना था। उन्होंने कहा, 'मैं सेक्युलर पर्सन हूं। मैं ईद और दिवाली दोनों ही सेलिब्रेट करती हूं। चाहे वो शादी के दौरान हो या बाद में, हां मैंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया था। कई लोगों ने कहा कि मुझे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया था लेकिन मैंने ये बातें कभी कही ही नहीं।' खन्ना ने कहा कि वो हर धर्म में यकीन करती हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस्लाम में विश्वास रखती हूं और मैं सनातन धर्म में भी विश्वास रखती हूं। लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि मैं बाकी धर्मों में यकीन नहीं करती। मैं एक बहुत ही सेक्युलर पर्सन हूं।'



भूत बंगला में अक्षय के प्रैंक से

# कर्जदार बनीं वामिका-मिथिला





हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' की स्टार कास्ट में शामिल वामिका गब्बी और मिथिला पालकर ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत में अपने शूटिंग अनुभव साझा किए हैं। दोनों ने बताया कि सेट पर जहां एक तरफ प्रोफेशनल डिसिप्लिन था, वहीं दूसरी तरफ मस्ती और हल्के-फुल्के माहौल की कोई कमी नहीं थी। अक्षय कुमार के मजेदार प्रैंक्स और पूरी टीम की बॉन्डिंग ने शूट को यादगार बना दिया। साथ ही, दोनों अभिनेत्रियों ने अपनी जर्नी, शुरुआती संघर्ष और इंडस्ट्री में अपने अनुभवों पर भी खुलकर बात की है।

### फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट का माहौल कैसा था?

वामिका गब्बी- बिल्कुल, बाहर से देखने पर यही लगता है कि सब कुछ मस्ती-मजाक में हुआ होगा। लेकिन असल में सेट पर बहुत सीरियस काम भी चल रहा था। हां, मस्ती बहुत होती थी और वही माहौल हमें और सहज बना देता था। मेरे लिए तो ये एक फैमिली जैसा एक्सपीरियंस बन गया था।

### आपका किरदार कैसा है? क्या ये एक टिपिकल बहन है या उसमें कोई ट्विस्ट भी देखने को मिलेगा?

मिथिला पलकर- मैं ज्यादा कुछ बताना नहीं चाहूंगी, वो तो आपको फिल्म देखकर ही पता चलेगा। लेकिन हां, ये एक ऐसी बहन है जिसकी कोई भी जिद हो, उसका भाई उसे जरूर पूरा करता है उनके रिश्ते में वही खूबसूरती है।

### इतने बड़े कलाकारों के साथ काम करना जैसे अक्षय कुमार, परेश रावल और निर्देशक प्रियदर्शन कैसा अनुभव रहा?

वामिका गब्बी- शुरुआत में थोड़ा इंटिमिडेशन था क्योंकि मैंने उन्हें हमेशा स्क्रीन पर देखा है। लेकिन सेट पर उन्होंने माहौल इतना आसान और कम्फर्टेबल बना दिया कि कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं इतने बड़े लोगों के साथ काम कर रही हूं। हर कोई बहुत सपोर्टिव था। इतने टैलेंटेड लोगों के बीच रहना ही अपने आप में एक सीख है। उनकी एनर्जी, उनका काम करने का तरीका सब कुछ बहुत इंस्पायरिंग था।

### अपने किरदार की तैयारी के दौरान कोई चैलेंज आया?

मिथिला पलकर- नहीं, क्योंकि प्रियदर्शन सर ने सब कुछ बहुत आसान बना दिया। उन्होंने मुझे हर चीज में गाइड किया, जैसे हैंड-होल्डिंग करते हुए। मेरा सिर्फ एक ही डर था इतने बड़े कलाकारों के सामने परफॉर्म करना, लेकिन उन्होंने वो भी आसान कर दिया।

### इतने बड़े स्टार कास्ट के साथ काम करने का अनुभव और आपकी पर्सनल जर्नी यूट्यूब से फिल्मों तक, आप इसे कैसे देखती हैं?

मिथिला पलकर- सच कहूं तो विश्वास ही नहीं होता है। इतने लेजेंड्स के साथ काम करना एक सपना जैसा है। शुरुआत में थोड़ा डर था, लेकिन सभी ने बहुत प्यार से अपनाया। जहां तक मेरी जर्नी की बात है, मेरा हमेशा से एक ही गोल था एक अच्छा एक्टर बनना। इंटरनेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और उसी की वजह से मुझे ये मौका भी मिला। मैं बस अच्छा काम करना चाहती हूं, चाहे वो किसी भी भाषा या प्लेटफॉर्म पर हो।

### सेट पर अक्षय कुमार के मशहूर प्रैंक्स का अनुभव कैसा रहा? क्या आप भी कभी उनका शिकार बनीं?

वामिका गब्बी- एक सीन था जहां मुझे टेबल पर जंप करना था। मैं पूरी तैयारी के साथ शॉट दे रही थी, तभी अक्षय सर ने मुझे हल्का सा पुश कर दिया और मैं पूरी तरह चौंक गई! सब लोग हंसने लगे और मुझे तब समझ आया कि ये एक प्रैंक था। इसके अलावा हम सब सेट पर कार्ड्स, लूडो और अलग-अलग गेम्स खेलते थे। एक लेजर गेम भी खेलते थे, जिसमें ऊपर लगे बॉक्स पर निशाना लगाना होता था। उसमें तो मैं हारते-हारते करीब 12,000 रुपये की 'कर्जदार' हो गई थी! मिथिला पलकर- नहीं, मेरे साथ उन्होंने कोई प्रैंक नहीं किया। शायद वो एक प्रोटेक्टिव भाई की तरह थे।

# अमेरिका में लोकेश सत्यनाथन ने लॉन्ग जंप में गोल्ड जीता

## ● 8.21 मीटर छलांग लगाई ● नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन डिवीजन-आई खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय

**अर्कांसस (एजेंसी)।** भारतीय लॉन्ग जंपर लोकेश सत्यनाथन ने अमेरिका के अर्कांसस में आयोजित एनसीएए (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन) डिवीजन-आई




चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। लोकेश ने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर न केवल अपना पिछला इंडोर नेशनल रिकॉर्ड (8.01 मीटर) तोड़ा, बल्कि वे यह खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं।

**केजीएफ के डायलॉग से मिलती है प्रेरणा** – टेक्सास के टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी में हेल्थ साइंस की पढ़ाई कर रहे लोकेश अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद को देते हैं। वे फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 के उस दृश्य को याद करते हैं जिसमें नायक अपनी मां से कहता है,यही तुम्हारा सपना था और अब मैं इसे जीतकर दिखाऊंगा।' लोकेश के मुताबिक, अपनी मां के त्याग और उनके शब्दों को याद करने पर आज भी उनके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। हादसे में चेहरे पर आई थीं गंभीर चोटें, फिर भी नहीं हारी हिम्मत लोकेश की यह कामयाबी आसान नहीं थी। साल 2022 में अमेरिका जाने से पहले बेंगलुरु में उनका एक भयानक एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। चोटों, दर्द और करियर में आए उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्होंने अपने पिता की ताकत और मां के विश्वास के दम पर मैदान पर वापसी की।

**ऑल टाइम लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंचे** – इस शानदार जीत के साथ लोकेश सत्यनाथन अब भारत के ऑल टाइम लॉन्ग जंपर्स की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे अब केवल जेस्विन एल्ड्रिन और मुरली श्रीशंकर जैसे स्थापित नाम ही हैं।

# नोवाक जोकोविच चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटे



**मैड्रिड (एजेंसी)।** विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने लंबे समय से चली आ रही चोट के कारण मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच ने इंडियन वेल्स में आयोजित बीएनपी परीबस ओपन के बाद से कोई प्रतियोगिता नहीं खेली है। वह दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन से बाहर रहे थे और मोंटे कार्लो मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लिया। जोकोविच ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, दुर्भाग्यवश, मैं इस साल मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा। मैं जल्द वापसी के लिए अपनी रिकवरी जारी रखे हुए हूं। हस्ता प्रोंतो (जल्द ही फिर मिलेंगे)। जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रह चुके हैं। टूर्नामेंट की ओर से जारी बयान में कहा गया, हम उम्मीद करते हैं कि आप जल्द ही यहां वापसी करेंगे, ताकि हम काजा मागिका (मैंड्रिड ओपन की मेजबानी करने वाले स्टेडियम) में एक बार फिर आपके खेल का आनंद ले सकें। जैसा कि हमने पहले कई बार किया है।

# आज अजेय पंजाब किंग्स के सामने लखनऊ सुपर जाइंट्स

## पंत की चोट से जूझ रही है लखनऊ सुपर जाइंट्स

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स रविवार को मुल्लांपुर में खेले जाने वाले आईपीएल मुकाबले में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। पंजाब इस सीजन में शानदार फॉर्म में है, जबकि लखनऊ संघर्ष करता नजर आ रहा है। कप्तान ऋषभ पंत की चोट ने एलएसजी की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, जिससे यह मुकाबला और भी अहम बन गया है।

**पंजाब किंग्स का दमदार प्रदर्शन** – पंजाब किंग्स इस सीजन में अब तक अजेय रही है और टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था। कप्तान श्रेयर्स अय्यर की अगुवाई में टीम का नेट रन रेट +1.067 है, जो उनकी मजबूत बल्लेबाजी और शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है।

**लक्ष्य का पीछा करने में माहिर पंजाब** – पंजाब किंग्स ने 2025 से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए 11 में से 9 मुकाबले जीते हैं, जो टीम की बेहतरीन रणनीति और आत्मविश्वास को दिखाता है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह बात साफ नजर आई, जहां टीम ने दबाव में शानदार खेल दिखाया।

**लखनऊ के लिए बढ़ी मुश्किलें** – लखनऊ सुपर किंग्स फिलहाल अंक




तालिका में सातवें स्थान पर है और लगातार दो हार के बाद दबाव में है। टीम का प्रदर्शन इस सीजन में उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिससे खिलाड़ियों पर दबाव साफ दिखाई दे रहा है।

**पंत की चोट बनी चिंता** – पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत महज तीन गेंद खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, हालांकि बाद में वह बल्लेबाजी के लिए लौटे लेकिन उनकी कोहनी पर पट्टी बंधी थी। ऐसे में उनकी फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है, जो टीम के लिए बड़ी चिंता है।

**लखनऊ की बल्लेबाजी कमजोर कड़ी** – आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में एसएलजी केवल 146 रन ही बना सकी थी, जहां मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। पूरे सीजन में टीम अभी तक 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है, जो उसकी बल्लेबाजी की कमजोरी को दिखाता है।

### पंजाब की बल्लेबाजी शानदार

इसके विपरीत पंजाब किंग्स ने इस सीजन में दो बार 200 से ज्यादा रन बनाए हैं और मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में टीम 16.3 ओवर में 198/3 तक पहुंच गई थी। प्रभसिमरन सिंह ( 211 रन) और श्रेयस अय्यर ( 203 रन) शानदार फॉर्म में हैं और दोनों का स्ट्राइक रेट भी काफी प्रभावशाली रहा है। प्रिंस यादव 9 विकेट के साथ टीम के सबसे सफल गेंदबाज हैं, जबकि आवेश खान ( 5 विकेट) और मोहम्मद शमी ( 4 विकेट) उनका साथ दे रहे हैं। हालांकि पिछले मैच में शमी विराट कोहली और रजत पाटीदार के सामने संघर्ष करते दिखे, वहीं दिग्वेश राठी भी महंगे साबित हुए।

### बल्लेबाजों से उम्मीदें

मुकुल चौधरी, एडेन मार्करम, मिचेल मार्श और आयुष बदोनी ने अब तक रन बनाए हैं, लेकिन टीम को वापसी के लिए ज्यादा आक्रामक खेल दिखाना होगा। खास तौर पर मार्श, मार्करम और निकोलस पूरन से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

# पैरालिंपिक चैंपियन सुमित अंतिल का कोच पर उत्पीड़न का आरोप

## ● स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया में शिकायत दी ● ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा भी समर्थन में आए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के पैरालिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल ने द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और गाली-गलौज के आरोप लगाए हैं। सुमित ने साई (स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया) में शिकायत दी है। इस शिकायत का ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने भी समर्थन किया है।

**परिवार को दी गालियां, ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजकर किया परेशान** – टोक्यो और पेरिस पैरालिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल का आरोप है कि कोच नवल सिंह ने न केवल उन्हें, बल्कि नीरज चोपड़ा को भी निशाना बनाया। सुमित के मुताबिक, कोच ने पेशेवर मर्यादाएं लांघते हुए उनके परिवारों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। सुमित ने




बताया कि कोच जानबूझकर अपनी गाली-गलौज वाली ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके मैनेजरों को भेजते थे, ताकि वे उन तक पहुंच सकें और उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा सके।

**नीरज चोपड़ा समेत कई एथलीट्स ने सुमित का साथ दिया** – सुमित की इस शिकायत को जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, पैरा एथलीट नवदीप सिंह और संदीप चौधरी ने भी अपना समर्थन दिया है। सुमित का कहना है कि वे लंबे समय तक इस व्यवहार को नजरअंदाज करते रहे, लेकिन जब पानी सिर से ऊपर चला गया, तब उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।

**कोच पर सचिन यादव को आगे बढ़ाने के लिए साजिश का आरोप** – सुमित ने कोच की मंशा पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नवल सिंह शायद इसलिए ऐसा कर रहे हैं क्योंकि वे अपने शिष्य सचिन यादव को नीरज चोपड़ा से आगे देखना चाहते हैं। पिछले साल वर्ल्ड चैंपियनशिप में सचिन यादव चौथे स्थान पर रहे थे, जबकि चोट से जूझ रहे नीरज चोपड़ा आठवें स्थान पर आए थे। सुमित ने शक जताया है कि कोच के इस व्यवहार के पीछे कम्पेटिटिव इंटरेस्ट जुड़े हो सकते हैं।

### साई और टॉप की कार्यप्रणाली पर खड़े किए सवाल

सुमित अंतिल ने अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शिकायत दर्ज कराए एक हफ्ता बीत चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें कोई रसीद नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) के सीईओ पहली सुनवाई में ही समझौता कराना चाहते थे। सुमित ने सवाल उठाया कि अगर उनके जैसे कद के एथलीटों की बात नहीं सुनी जा रही, तो अन्य खिलाड़ी क्या उम्मीद कर सकते हैं।

● **साई ने दी सफाई- नवल सिंह हमारे कर्मचारी नहीं** – साई ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। हालांकि, संस्थान ने साफ किया है कि नवल सिंह उनके कर्मचारी नहीं हैं। वे वर्तमान में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के हिस्से के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

# गिल की फिफ्टी से गुजरात लगातार तीसरा मैच जीता

## कोलकाता आईपीएल सीजन में 5वां मैच हारी, रबाडा ने 3 विकेट झटके




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 5 विकेट से हराया। अहमदाबाद में 181 रन का टारगेट गुजरात ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता 20 ओवर में 180 रन पर ऑलआउट हो गई। जीटी की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, केकेआर सबसे निचले पायदान पर है। टीम को पहली जीत की तलाश है।

### गिल ने लगातार तीसरे मैच में फिफ्टी बनाई

गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने रन चेज को एकतरफा कर दिया। उन्होंने 50 बॉल पर 86 रन की पारी खेली। वे साई सुदर्शन के साथ ओपन करने उतरे। दोनों ने 31 बॉल पर 57 रन की ओपनिंग साझेदारी की। गिल ने बटलर के साथ 38 और सुंदर के साथ 46 रन की साझेदारी की। गिल के अलावा, साई सुदर्शन ने 22, बटलर ने 25 और सुंदर ने 13 रन बनाए। वरुण चक्रवर्ती को 2 विकेट मिले।

### ग्रीन की फिफ्टी काम न आई

टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी कोलकाता की ओर से कैमरन ग्रीन ने 55 बॉल पर 7 चौके और 4 छक्के के सहारे 79 रन की पारी खेली। टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका।

### रबाडा ने 3 विकेट झटके

कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और अशोक शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान को एक-एक विकेट मिला।

# विराट कोहली के लाइक पर जर्मन मॉडल ने तोड़ी चुप्पी

## कहा- मुझे उनके लिए बुरा लगा, इतना बड़ा मुद्दा कैसे बन गया, समझ नहीं आया

**मुंबई (एजेंसी)।** जर्मन मॉडल लिजलाज की फोटो को कथित रूप से लाइक करने को लेकर विराट कोहली चर्चा में आ गए। शुक्रवार को लिजलाज ने इस पर रिएक्ट करते हुए बताया कि उन्हें इस बारे में खबरों से पता चला। मीडिया से बात करते हुए लिजलाज ने कहा, 'मैं सुबह उठी तो देखा कि मैं खबरों में हूं। मुझे नहीं पता था कि विराट ने कब फोटो लाइक की। लोगों ने अलग-अलग प्लेटफॉर्म की खबरें मुझे भेजीं। मुझे बहुत सारे मैसेज मिले और लोग काफी उत्साहित थे।' उन्होंने बताया कि भारत यात्रा के दौरान उन्हें क्रिकेट के बारे में पता चला, जब वह पहली बार भारत आई थीं और यहां कई महीनों तक रहीं। इस दौरान उन्होंने साउथ इंडिया, गोवा, मैसूर, कुर्ग, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद समेत कई जगहों की यात्रा की। लिजलाज ने कहा कि आईपीएल के दौरान उन्होंने अपने बेंगलुरु के दोस्तों के साथ मैच देखना शुरू किया और वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की फैन बन गईं। इसी दौरान उन्होंने विराट कोहली को खेलते देखा और उन्हें पसंद किया।



बाद में विराट द्वारा फोटो अनलाइक किए जाने पर लिजलाज ने कहा, 'मुझे उनके लिए थोड़ा बुरा लगा। मुझे खुशी थी कि उन्होंने लाइक किया, लेकिन यह इतना बड़ा मुद्दा कैसे बन गया, समझ नहीं आया। शायद उनका ऐसा इरादा नहीं था, फिर भी मैं उनके सपोर्ट की सराहना करती हूं।'

**लिजलाज का दावा- वायरल होने के बाद बढ़े ऑफर्स** – लिजलाज ने दावा किया कि इस घटना के बाद उन्हें काम के कई ऑफर्स मिले, लेकिन वह फिलहाल सोच-समझकर फैसला लेना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह म्यूजिक और व्लॉगिंग को लेकर सीरियस हैं और भारत में मौके मिलने पर फिर से आने पर विचार कर सकती हैं।

# साउथ अफ्रीका ने टीम इंडिया को 5 विकेट से हराया

## डरबन टी-20 में 159 का टारगेट 5 बॉल रहते चेज किया; सीरीज में 1-0 की बढ़त

**डरबन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। डरबन में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 158 रन बनाए थे, जिसे साउथ अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट की 51 रनों की पारी के दम पर आसानी से हासिल कर लिया। यह साउथ अफ्रीका का टी-20 इंटरनेशनल में अब तक का पांचवां सबसे सफल रन चेज है। इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

**आखिरी 5 ओवर में भारत के 4 विकेट गिरे** – टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी। जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर ने तीसरे विकेट के लिए 51 गेंदों पर 71 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर तक भारत का स्कोर 2 विकेट पर 119 रन था और लग रहा था कि टीम 180 के पार जाएगी। हालांकि, आखिरी 5 ओवरों में टीम इंडिया ने सिर्फ 33 रन जोड़े और 4 विकेट गंवा दिए, जिससे टीम 160 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकी।

**शेफाली वर्मा की तेज शुरुआत, शॉर्ट बॉल पर हुईं आउट** – भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा ने आते ही आक्रामक रुख अपनाया और 17




गेंदों पर 34 रन बनाए। उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। हालांकि, साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों ने उन्हें शॉर्ट बॉल पर फंसाने की रणनीति अपनाई। खाका की शॉर्ट बॉल पर वे एक बार बचीं, लेकिन अंत में तुमी सेखुखुने की शॉर्ट पिच गेंद पर कैच थमा बैठीं। वहीं स्मृति मंधाना सिर्फ 7 रन बनाकर खाका का शिकार बनीं।

**अयाबोंगा खाका ने 16 रन देकर लिए 3 विकेट लिए** – साउथ अफ्रीका की जीत की नींव गेंदबाज अयाबोंगा खाका ने रखी। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पैल में केवल 16 रन देकर 3 विकेट चटकाए। खाका इस साल फुल मेंबर देशों के खिलाड़ियों में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनी हुई हैं। उनके अलावा तुमी सेखुखुने ने भी दो सफलताएं हासिल कीं।अयाबोंगा खाका ने 4 ओवर के स्पैल में केवल 16 रन देकर 3 विकेट लिए।

**वोल्वाड्ट की कप्तानी पारी, डेर्कसेन ने मैच फिनिश किया** – लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत शानदार रही। ओपनिंग पर लौटीं कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने 39 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में ऑन-साइड पर शानदार खेल दिखाते हुए 35 रन बटोरे।

वोल्वार्ट ने एनरी डेर्कसेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी की। डेर्कसेन ने 34 गेंदों पर नाबाद 44 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। अंत में क्लो ट्रायोन ने विजयी छक्का लगाकर टीम को सीरीज में 1-0 से बढ़त दिलाई।

# अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार वापसी, सीरीज 2-2 से ड्रॉ

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** ब्यूनस आयर्स में खेली गई चार मैचों की श्रृंखला में भारतीय महिला हॉकी टीम ने दमदार जज्बा दिखाते हुए अर्जेंटीना के खिलाफ सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। शुरुआती दो मुकाबले हारने के बाद टीम इंडिया ने जबरदस्त वापसी करते हुए आखिरी दो मैच जीतकर सीरीज ड्रॉ कर ली। इस प्रदर्शन ने टीम की मानसिक मजबूती और जुझारूपन को दर्शाया।

**पहले दो मैचों में अर्जेंटीना का दबदबा** – श्रृंखला की शुरुआत 13 अप्रैल को हुई, जहां पहले मैच में अर्जेंटीना ने भारत को 4-2 से हराया। भारत के लिए नवनीत कौर और अन्नु ने गोल किए, लेकिन मेजबान टीम की आक्रामकता के सामने यह नाकाफी साबित हुआ। जूलिएटा जांकुनास ने दो गोल दागकर मैच का रुख तय किया।

दूसरे मैच में भी अर्जेंटीना ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत के लिए इशिका ने एकमात्र गोल किया,



जबकि आगस्टिना गोर्जेलानी ने दो गोल कर अपनी टीम को लगातार दूसरी जीत दिलाई। इस हार के बाद भारत पर सीरीज गंवाने का खतरा मंडराने लगा था।

**तीसरे मैच से भारत की दमदार वापसी** –16 अप्रैल को खेले गए तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। नवनीत कौर और नेहा ने गोल कर टीम को मजबूती दी। इस जीत ने भारत को सीरीज में वापसी का मौका दिया और खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया। भारतीय टीम ने इस मैच में आक्रामक और संतुलित खेल दिखाया, जिससे अर्जेंटीना की टीम दबाव में नजर आई।

**आखिरी मैच में शूटआउट से जीती टीम इंडिया** – 17 अप्रैल को खेले गए चौथे और आखिरी मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को कोई मौका नहीं दिया।इसके बाद मैच का फैसला शूटआउट से हुआ, जहां भारत ने 3-2 से जीत हासिल कर सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। यह जीत टीम की मानसिक मजबूती और संयम का बेहतरीन उदाहरण रही।

**कप्तान नवनीत कौर का बयान** – कार्यवाहक कप्तान नवनीत कौर ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा, पहले दो मैच हारने के बाद जिस तरह से टीम ने वापसी की, उससे मैं बहुत खुश हूं। अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीम के खिलाफ वापसी करना आसान नहीं होता, लेकिन हमने शानदार जज्बा दिखाया। उन्होंने आगे कहा, इससे साबित होता है कि भारतीय महिला हॉकी टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और हम बड़े मुकाबलों में दबाव को संभाल सकते हैं।

# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, रोहित शर्मा को पीछे छोड़ बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**डरबन (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 मैच में बड़ा इतिहास रच दिया। भले ही वह इस मैच में सिर्फ 13 रन बनाकर आउट हो गईं, लेकिन उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया।



**रोहित का रिकॉर्ड किया पार** – रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास लिया था और उनके नाम 159 मैचों में 4231 रन थे। उन्होंने 5 शतक और 32 अर्धशतक लगाए थे। अब मंधाना उनसे आगे निकलकर भारत की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, चाहे पुरुष क्रिकेट हो या महिला।

## संक्षिप्त समाचार

### 'लव जिहाद' और मतांतरण के खिलाफ सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व बजरंग दल के इंद्रप्रस्थ प्रांत ने देश में बढ़ती



लव जिहाद और मतांतरण की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया। रोहिणी, डीयू मेट्रो स्टेशन के बाहर और राजा गार्डन चौक समेत दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन करते हुए मतांतरण कराने वाले लोगों के खिलाफ नारेबाजी की गई। साथ ही इस पर प्रशासन से कठोरता से कार्रवाई करने की मांग की। विहिप के प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि देश में बढ़ती घटनाएं अब चेतावनी नहीं, बल्कि गंभीर संकट का संकेत हैं। संगठित रूप से समाज की आस्था, संस्कृति और सामाजिक संरचना पर प्रहार किए जा रहे हैं। इन्हें अब किसी भी स्थिति में अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि मतांतरण और लव जिहाद जैसी गतिविधियों पर समय रहते कठोर और निर्णायक कार्रवाई नहीं की गई, तो इसके दूरगामी परिणाम देश और समाज के लिए घातक सिद्ध होंगे। गुप्ता ने महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक असंतुलन और बढ़ती असुरक्षा की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज के अस्तित्व और सम्मान का प्रश्न बन चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसा जब होता है कि जब जब धार्मिक आयोजनों पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाए जाते हैं और दूसरी ओर विघटनकारी तत्वों के प्रति नरमी बरती जाती है। उन्होंने हिंदू समाज को भी कठोर संदेश देते हुए कहा कि अब उदासीनता का समय समाप्त हो चुका है। चुप्पी अब विकल्प नहीं है। जागरूकता और सक्रियता ही समाधान है। इसलिए संगठित होकर इसके खिलाफ आवाज उठाए।

### फरीदाबाद से गुरुग्राम-नोएडा का सफर होगा सुपरफास्ट

**फरीदाबाद, एजेंसी।** पूर्वी-पश्चिमी शहर की कनेक्टिविटी के लिए एलिवेटेड और गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा की कनेक्टिविटी वाली नमो भारत रैपिड रेल परियोजना का रूट समानांतर रहेगा। यानी बाटा रेलवे पुल के पास से ही दोनों परियोजनाओं के लिए एलिवेटेड रूट तय होगा। परियोजना को देख रहे फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस रूट का सर्वे कर लिया है। बाटा पुल के पास दोनों परियोजनाएं एक-एक पिलर पर आएंगी, मौके पर इतनी जगह तलाश ली जाएगी। अब अगले सप्ताह प्राधिकरण के अधिकारी रेल परियोजना विभाग के अधिकारियों संग बैठक करेंगे। उन्हें भी मौका मुआयना कराया जाएगा। इसके बाद यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो जुलाई या अगस्त में इस परियोजना के टेंडर किए जा सकते हैं। यानी इस बड़ी परियोजनाओं पर इसी साल काम शुरू करने की कवायद चल रही है। ताकि सीएम की अध्यक्षता में होने वाली प्राधिकरण की अगली बैठक में इस परियोजना को शुरू करने का श्रेय लिया जा सके। नमो भारत रैपिड रेल परियोजना के तहत गुरुग्राम से फरीदाबाद होते हुए रैपिड रेल नोएडा के सेक्टर 142 और सूरजपुर तक जाएगी। जिले में इस परियोजना की लागत करीब 3700 करोड़ आएगी। प्रस्तावित रूट के तहत सैनिक कॉलोनी से अनखीर चौक, बड़खल चौक और फिर ग्रेटर फरीदाबाद होते हुए आगे नोएडा तक है। उधर, पूर्वी-पश्चिमी शहर की कनेक्टिविटी के लिए एलिवेटेड पुल की शुरुआत सैनिक कॉलोनी से होते हुए मस्जिद चौक को पार कर प्याली-हार्डवेयर चौक से होते हुए सीधे बाटा रेलवे पुल को पार कर कोर्ट रोड से होते हुए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगा।

इस परियोजना पर 682.48 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस परियोजना से शहर में एक स्थान से दूसरी जगह जाना बेहद आसान हो जाएगा। पूर्वी-पश्चिमी फरीदाबाद कनेक्टिविटी वाली परियोजना की डीपीआर तो बीते साल ही बन गई थी। इसके बजट को भी मुख्यमंत्री स्वीकृति दे चुके हैं। बाटा रेलवे पुल के पास से ही दोनों परियोजनाओं का रूट तय किया जा सकता है।

**बोले- अपनी बहन प्रियंका गांधी से कुछ सीखें नेता प्रतिपक्ष**

# सदन में राहुल के व्यवहार पर भड़के अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण का विधेयक पास होने के लिए विपक्ष को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया। लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है और उन्हें मातृशक्ति के आक्रोश का सामना करना होगा। वहीं, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के असंसदीय व्यवहारों पर तीखी आपत्ति जताते हुए अमित शाह ने उन्हें अपनी बहन प्रियंका गांधी से सीखने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने साफ किया कि मोदी सरकार महिला आरक्षण को लागू करने के लिए लड़ाई जारी रखेगी और इसे देकर रहेगी। परिसीमन को संवैधानिक बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके नहीं होने से जनसंख्या के अनुरूप अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सीटें नहीं बढ़ पा रही हैं। इसके लिए भी विपक्ष दोषी है। अमित शाह के अनुसार जो विपक्षी दल आज महिला आरक्षण के खिलाफ खड़ी है, वहीं पिछले 30 सालों से इसे रोकने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह दल हैं जो 1996 से लगातार किसी न किसी बहाने महिलाओं के आरक्षण के रास्ते में रोड़ा अटकाती रही हैं। उन्होंने कांग्रेस को भी इस साजिश में शामिल बताया। 2010 में राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पास होने के बावजूद लोकसभा में नहीं आने के पीछे कांग्रेस और संप्रग में उनके सहयोगियों को जिम्मेदार



ठहराया। शाह ने कहा कि भाजपा हमेशा से महिला आरक्षण का समर्थन करती आई है। लेकिन उस समय कांग्रेस ने अपने सभी सहयोगियों को इसके विरोध में आगे कर इसे रोका था। 2027 के परिसीमन के आधार पर महिलाओं को आरक्षण देने लिए विपक्षी और खासकर कांग्रेस की ओर से दिये गए दलील को बड़ी साजिश बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा इसीलिए किया जा रहा है ताकि 2029 के लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण नहीं हो सके।

उन्होंने परिसीमन में लगने वाले लंबे समय के व्यावहारिक दिक्कत का उल्लेख करते हुए कहा कि 2029 तक यह पूरा नहीं हो पाएगा और इस कारण महिला आरक्षण का मामला भी अटक जाएगा। लेकिन साथ ही उन्होंने आश्वस्त भी किया कि मोदी सरकार महिलाओं को आरक्षण देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उसे देकर रहेगी।अमित शाह ने परिसीमन पर विपक्ष की ओर से हो रही सबसे अधिक आपत्तियों का भी विस्तार से जवाब दिया। शाह ने बताया कि इससे एक व्यक्ति, एक वोट और एक मूल्य के संविधान की भावना का पालन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि किस तरह से देश में 127 ऐसी लोकसभा सीटें हैं, जहां मतदाताओं की संख्या 20 लाख से अधिक हैं। इनमें आंध्रप्रदेश के मल्कानगिरी संसदीय क्षेत्र में 48 लाख मतदाता हैं। इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं तक सांसद का पहुंचना और मतदाताओं का सांसद तक पहुंचना बहुत कठिन है।

### संविधान में समय-समय पर परिसीमन की व्यवस्था की है

इसीलिए संविधान में समय-समय पर परिसीमन की व्यवस्था की है, जो आपातकाल के दौरान 2026 में फ्रीज किये जाने के बाद नहीं बढ़ी है। जबकि देश की जनसंख्या 1976 की 56.89 करोड़ की तुलना में 140 करोड़ हो गई है। जनसंख्या के अनुपात में एससी और एसटी के लिए सीटों का आरक्षण भी जुड़ा है। एससी, एसटी की जनसंख्या बढ़ने के बावजूद उनकी सीटें नहीं बढ़ पा रही हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि परिसीमन का विरोध करते हुए असल में एससी एसटी का भी कर रहे हैं। अमित शाह ने सीटों की संख्या बढ़ाए बिना ही महिला आरक्षण देने की विपक्ष की मांग को भी अव्यवहारिक बताया। शाह के अनुसार बिना सीटें बढ़ाए आरक्षण देने से तमिलनाडु की 39 में से 13 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएगी। वहीं 50 फीसद सीटें बढ़ाने की स्थिति में 59 सीटों में 20 सीट आरक्षित होने के बावजूद 20 सीटें खुली रहेंगी।

## लापरवाही नहीं कर पाएंगे पुलिसवाले! फरीदाबाद में स्मार्ट ई-बीट सिस्टम से होगी पल-पल की ट्रैकिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फील्ड में गश्त के लिए तैनात पुलिसकर्मियों पर अब ड्यूटी में लापरवाही नहीं कर पाएंगे। अधिकारी अपने कार्यालय में बैठे-बैठे देख सकेंगे कि पुलिसकर्मी तय जगह गश्त पर है या नहीं। जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को आधुनिक बनाने के लिए स्मार्ट ई-बीट सिस्टम लागू कर दिया गया है। इस डिजिटल प्रणाली के लागू होने के बाद अब बीट पर तैनात पुलिसकर्मियों की गतिविधियों और गश्त की रियल-टाइम मॉनिटरिंग शुरू हो गई है। यह सिस्टम हरियाणा सरकार की स्मार्ट पुलिसिंग पहल का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत पहले गुरुग्राम में की गई थी, बाद में इसे पंचकूला में लागू किया गया। अब फरीदाबाद सहित अन्य जिलों में भी इसे लागू कर पुलिस व्यवस्था को तकनीक से जोड़ा जा रहा है। ई-बीट सिस्टम एक मोबाइल एप आधारित प्लेटफॉर्म है, जिसे हरियाणा पुलिस ने बेंगलूरू की आईटी कंपनी के साथ मिलकर तैयार किया है। ई-बीट एप पुलिसकर्मी के मोबाइल में डाउनलोड कराकर उसमें लॉग-इन करा दिया जाता है। इसके जरिए बीट पर तैनात पुलिसकर्मी अपनी हाजिरी दर्ज करते हैं और गश्त के दौरान उनकी रियल टाइम लोकेशन ट्रैक होती है। इससे वरिष्ठ अधिकारी किसी भी समय पुलिसकर्मियों



की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे। इस प्रणाली में शहर के संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया जाता है, जहां नियमित गश्त सुनिश्चित की जाती है। इनमें एटीएम, पेट्रोल पंप, स्कूल, धार्मिक स्थल और वरिष्ठ नागरिकों के घर शामिल हैं, जिससे अपराध पर नियंत्रण मजबूत होता है। पहले बीट सिस्टम पूरी तरह मैनुअल था, जिससे निगरानी सीमित रहती थी, लेकिन अब डिजिटल व्यवस्था लागू होने से जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ेगी। यह सिस्टम पुलिस की मौजूदगी को फील्ड में बढ़ाने के साथ-साथ अपराध पर त्वरित प्रतिक्रिया देने में भी मदद करेगा। ई-बीट सिस्टम में पुलिस अधिकारियों को यह जानकारी रहती है कि इस वक्त पुलिसकर्मी किस जगह मौजूद है। अगर कोई घटना होती है और वहां पुलिसकर्मियों को तुरंत भेजे जाने की जरूरत है तो अधिकारी ई-बीट प्लेटफॉर्म पर यह देख सकते हैं कि घटनास्थल के सबसे नजदीक कौन-कौन पुलिसकर्मी तैनात है। उन्हें तुरंत घटनास्थल पर भेजा जा सकता है। इससे पुलिस का रिस्पांस टाइम और घटेगा। इस सिस्टम को भविष्य में एमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम से जोड़ा जाएगा ताकि फोन नंबर-112 पर मिलने वाली कॉल पर ईआरवी के अलावा आस-पास मौजूद राइडर भी मदद के लिए पहुंच सके।

**पहले भी कई बार हो चुका था विवाद**

## दिल्ली के सीआर पार्क में लेनदेन के विवाद में पिता-पुत्र का हत्यारा गिरफ्तार, पहले भी हो चुकी थीं झड़पें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीआर पार्क थाना क्षेत्र में शुक्रवार देररात तारा अपार्टमेंट में एक ही परिवार के दो लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक पिता-पुत्र क्रमशः राकेश सूद व करण सूद की इस वारदात में मौके पर ही मौत हो गई थी।दरअसल, रुपयों के लेनदेन के विवाद में एक युवक ने करण पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। पिता राकेश सूद बचाने आए तो आरोपित उनपर भी ताबड़तोड़ वार करने से पीछे नहीं हटा। इससे पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए था। बीएनएस की संबंधित धारा में केस दर्ज कर आरोपित की तलाश में छापेमारी करते हुए तारा अपार्टमेंट्स में ही रहने वाले आरोपी असद को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक करण सूद अपने परिवार के साथ सीआर पार्क के तारा अपार्टमेंट में रहते थे। करण प्रॉपर्टी के कारोबार से जुड़ा हुआ था। यह उसके पिता राकेश सूद का कारोबार है, जिसमें वह मदद करता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित और पीड़ितों के बीच लंबे समय से रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। इस बीच आरोपित ने गुस्से में आकर धारदार हथियार निकाल लिया और पहले करण पर हमला किया। राकेश अपने बेटे को बचाने आए तो आरोपित उन पर भी टूट पड़ा। आरोपित ने दोनों पर आधा दर्जन से ज्यादा वार किए हैं। अचानक हुए इस हमले से दोनों गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका था, पर इस बार मामला हत्या तक पहुंच गया।

## पीएम नेतन्याहू का बड़ा बयान, लेबनान सीजफायर के बाद बोले- हिजबुल्लाह का काम पूरा नहीं हुआ

**नेतन्याहू ने कहा है कि हिज़्बुल्लाह मिशन अभी खत्म नहीं हुआ है**

**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायल और लेबनान के बीच एक अस्थायी सीजफायर लागू होने के बाद मध्य पूर्व के हालात कुछ शांत दिख रहे हैं। लेकिन इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने एक कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि हिज़्बुल्लाह मिशन अभी खत्म नहीं हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष अनुरोध पर इस संघर्ष विराम को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दी गई थी। नेतन्याहू ने पूरी दुनिया को साफ किया है कि हिजबुल्लाह को पूरी तरह नष्ट करने का उनका बड़ा लक्ष्य अभी भी बाकी है।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को दावा किया कि उनकी सेना ने लेबनान में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि इजरायल ने हिजबुल्लाह के करीब 90 प्रतिशत मिसाइल और रॉकेट भंडारों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। इसके बावजूद उन्होंने यह साफ किया कि इस आतंकवादी समूह को जड़ से खत्म करने का काम अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू का यह सख्त बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक अहम सोशल मीडिया पोस्ट के ठीक बाद सामने आया है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में कहा था कि अमेरिका ने इजरायल को लेबनान पर आगे और बमबारी करने से पूरी तरह रोक दिया है। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने



यह भी साफ तौर पर कहा कि दोनों देशों के बीच यह खूनी युद्ध अब बहुत हो गया है।

इस सीजफायर के बीच लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने भी अपने देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राजधानी बेरूत समेत पूरे गवर्नररेट पर बहुत ही जल्द पूरी तरह से अपना कंट्रोल वापस ले लेगी। इसके बाद लेबनान में हथियारों का इस्तेमाल सिर्फ सरकारी फौजों तक ही सीमित रहेगा ताकि निर्दोष नागरिकों की पूरी रक्षा हो सके।

दूसरी ओर लेबनान के हथियारबंद गुट हिजबुल्लाह ने पूरी सावधानी बरतते हुए इस नए संघर्ष विराम का कुछ हद तक समर्थन किया है। उन्होंने शर्त रखी है कि सीजफायर लेबनान के पूरे क्षेत्र को कवर करे और इजरायल की सेना वहां से पूरी तरह वापस चली जाए। इस समूह ने यह भी दावा किया है कि यह संघर्ष विराम मुख्य रूप से उनके सहयोगी देश ईरान के भारी दबाव के कारण ही संभव हो सका है।

लेबनान में 2 मार्च से इजरायली हमलों के कारण भारी तबाही हुई है और आम लोगों को बहुत ही ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इन भयंकर हमलों में अब तक मारे गए लोगों की संख्या 2,294 तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा इस भीषण युद्ध के दौरान पूरे लेबनान में कम से कम 7,544 लोग बुरी तरह से घायल भी हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। हिजबुल्लाह ने लेबनानी सरकार द्वारा इजरायल के साथ सीधी बातचीत शुरू करने की कड़ी निंदा करते हुए अपनी गहरी नाराजगी जताई है। उनका मानना है कि इजरायल के साथ किसी भी तरह की सीधी कूटनीतिक बातचीत उनके संगठन के मूल सिद्धांतों के बिल्कुल खिलाफ है। इसलिए मध्य पूर्व में हालात अभी भी काफी नाजुक बने हुए हैं और भविष्य में कभी भी हालात बदलकर फिर से युद्ध में बदल सकते हैं।

## ट्रंप से नहीं डरा श्रीलंका! ईरान के 238 नाविकों को भेजा घर

**कोलंबो, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच श्रीलंका ने बड़ा फैसला लिया है। श्रीलंका में दो ईरानी नौसैनिक जहाजों के 238 नाविकों को स्वदेश भेज दिया गया है। इनमें से एक पर अमेरिकी पनडुब्बी ने हमला किया था और दूसरे का इंजन फेल हो गया था। यह जानकारी यहां रक्षा अधिकारियों ने बुधवार को दी।




### ईरानी युद्धपोत को अमेरिकी पनडुब्बी ने बनाया था निशाना

रिपोर्ट के मुताबिक, 4 मार्च को आईरिस डेना नामक ईरानी युद्धपोत को अमेरिकी पनडुब्बी ने निशाना बनाया था। यह जहाज भारत में हुए एक नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था। इस हमले में बड़ी संख्या में नाविकों की मौत हुई, जबकि कई घायल हो गए। श्रीलंकाई नौसेना ने बचाव अभियान चलाकर 32 नाविकों को जिंदा बचाया और करीब 87 शव बरामद किए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा, एक अन्य ईरानी जहाज तकनीकी खराबी के कारण श्रीलंका के बंदरगाह पर लाया गया, जिसे फिलहाल तिरुक्कोणमलै में रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बचाए गए सभी नाविकों को कुछ समय तक श्रीलंका में रखा गया, जिसके बाद उन्हें विशेष विमान से ईरान भेज दिया गया। अमेरिका ने श्रीलंका से क्या कहा था? इससे पहले भीषण संघर्ष के दौरान अमेरिका के कोलंबो स्थित दूतावास के प्रभारी जयने होवेल ने 6 मार्च को श्रीलंका सरकार से अपील की थी कि वह ईरान के जिंदा बचे नौसैनिकों को वापस तेहरान नहीं भेजे। इन नौसैनिकों के कानूनी दर्जे को लेकर भी संदेह है। ये सभी नौसैनिक कोई युद्धबंदी नहीं हैं। वहीं अमेरिका का कहना है कि ये नौसैनिक खुफिया अधिकारी हो सकते हैं और उनके ईरान लौटने से अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंच सकता है।

### खुल गया स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

वहीं, अमेरिका-ईरान संघर्ष के 49 दिन बीत जाने के बाद आखिरकार स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोल दिया गया है। ईरान ने कहा है कि इजरायल-लेबनान सीजफायर के बाद होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह से खोल दिया गया है। इजरायल-अमेरिका ने ईरान पर 28 फरवरी 2026 को हमला किया था। इसके बाद से ही होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही बाधित हो गई थी।

## गालिबाफ बोले- भ्रम फैलाना बंद करें, होर्मुज बंद हो सकता है; ट्रंप के दावों पर ईरान का पलटवार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि क्षेत्रीय हालात को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों को पूरी तरह गलत बताया। गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका के दावों में कोई सच्चाई नहीं है और इस तरह की बयानबाजी से न तो युद्ध में कोई बढ़त मिली है और न ही बातचीत में कोई फायदा होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समुद्री नाकाबंदी जारी रहती है, तो होर्मुज जलडमरूमध्य खुला रहना मुश्किल हो जाएगा।

तेहरान से आई ताजा बयानबाजी ने एक बार फिर वैश्विक समुद्री व्यापार को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ईरान ने साफ कर दिया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही अब पूरी तरह उसके नियंत्रण में होगी। बिना अनुमति और तय किए गए मार्ग के किसी भी जहाज को गुजरने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ईरान ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर कोई पारंपरिक शुल्क नहीं लगाएगा। हालांकि, देश अब एक नई व्यवस्था पर काम कर रहा है, जो सुरक्षा समन्वय से जुड़ी होगी। अल जजीरा की

**● ईरान बोला- हमारी अनुमति और तय मार्ग से ही होगा जहाजों का संचालन**



रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहीम रेजाएई ने बताया कि तेहरान एक ऐसा विधेयक तैयार कर रहा है, जिसमें सामान्य ट्रांजिट शुल्क के बजाय जलमार्ग की सुरक्षा से जुड़े शुल्क शामिल किए जा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज बोले - अब स्थिरता बनी रहनी चाहिए ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने होर्मुज जलडमरूमध्य के दोबारा खुलने पर संतोष जताया है, लेकिन साथ ही चेतावनी भी दी है कि अगर क्षेत्र में तनाव लंबा खिंचता है, तो इसका गंभीर असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा बाजारों पर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में वे एक वर्चुअल लीडर्स समिट में शामिल हुए, जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सह-मेजबानी की। इस बैठक में होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति को स्थिर करने और समुद्री मार्ग की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। अल्बानीज ने दोहराया कि ऑस्ट्रेलिया लगातार इस संघर्ष को समाप्त करने की अपील करता रहा है। उनका कहना है कि जैसे-जैसे यह टकराव लंबा चलेगा, वैसे-वैसे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर इसका असर और गहरा होगा, साथ ही मानवीय नुकसान भी बढ़ेगा।उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि क्षेत्रीय अस्थिरता का असर ऑस्ट्रेलिया के आम लोगों तक पहुंच चुका है। ईंधन की आपूर्ति और कीमतों में उतार-चढ़ाव से लोग प्रभावित हो रहे हैं और सरकार इस प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठा रही है।

डोनाल्ड ट्रंप बोले- जब जरूरत थी, तब नाटो से नहीं मिली मदद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो को लेकर भी अहम बयान दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति लगभग खत्म हो रही है, तब उन्हें नाटो से मदद का प्रस्ताव मिला। लेकिन उन्होंने कहा कि जब जरूरत थी, तब मदद नहीं मिली, और अब उन्हें उनकी मदद की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि नाटो को अमेरिका की ज्यादा जरूरत है, न कि अमेरिका को उनकी। लेबनान के दक्षिणी हिस्से में कई तेज धमाकों की खबर सामने आई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युद्धविराम के बावजूद इस्राइल की सेना उन सीमावर्ती इलाकों में घरों को विस्फोट कर उड़ा रही है, जिन पर उनका अभी भी नियंत्रण है। लेबनान की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजराइल की सेना जानबूझकर सीमावर्ती कस्बों में घरों को तबाह कर रही है, ताकि वहां के लोग वापस न लौट सकें। इस्राइल के कुछ अधिकारियों के बयान के अनुसार, उनका मकसद इन इलाकों को पूरी तरह खाली और नष्ट करना है।

# जहां आधार कवरेज कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य हासिल करें : डीडीसी

## नए पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** शनिवार को जिले के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत उपायुक्त अजय नाथ झा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जिले की विधि-व्यवस्था, विकास कार्यों तथा प्रशासनिक समन्वय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने नए पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया एवं बेहतर कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने जिले में चल रहे प्रमुख कार्यक्रमों, संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति तथा आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी विचार-विमर्श किया।

## नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने पदभार किया ग्रहण




**बोकारो।** नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने आज बोकारो जिले के 42वे पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व निवर्तमान पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यभार सौंपा।

## संत जेवियर्स स्कूल में 'एचिवर्स डे' का हुआ आयोजन



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 1 स्थित, संत जेवियर्स विद्यालय में आज अचीवर्स डे के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक के विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और गर्व का वातावरण व्याप्त हो गया। कार्यक्रम में फादर प्रिंसिपल अरुण मिंज, एसजे की विशिष्ट उपस्थिति रही। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट अंकों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुष्का दत्ता एवं रुद्रांश झा द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया तथा अंत में मंच संचालको ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर समारोह का समापन किया। मौके पर फादर मनोज, फादर निर्मल, सिस्टर नैंसी, सिस्टर जेन्सी, सिस्टर सुनिता, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ा दिया। समग्र रूप से यह समारोह विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ और सभी उपस्थित जनों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

## प्रतियोगिता परीक्षा आज

**बोकारो।** संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी) भर्ती प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2025 रविवार को जिले के विभिन्न 29 परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराई जाएगी। परीक्षा दो अलग-अलग पालियों में आयोजित होगी, जिसके लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए परीक्षार्थियों को सुबह 08:00 बजे तक परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।दूसरी पाली की परीक्षा 02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक ली जाएगी। इसके लिए परीक्षार्थियों को अपराह्न 02:30 बजे तक परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पहले केन्द्र पर पहुंचना होगा तथा परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा।परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त बनाने के लिए सभी केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस बल एवं उड़नदस्ता टीमों की तैनाती की गई है।

## जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** जिले में आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों की समीक्षा को लेकर शनिवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने की। बैठक में 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण शिविर आवश्यक रूप से लगाने का निर्देश दिया।

मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक आबिद हुसैन, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी शैलेंद्र मिश्रा, यूआईडी क्षेत्रीय कार्यालय रांची के प्रतिनिधि हरबीर सिंह सहित नामांकन एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में सभी प्रखंडों में आधार पंजीकरण केंद्रों की उपलब्धता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा किया गया। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी आधार कीट को सक्रिय करने हेतु विभाग से पत्राचार करें। ताकि जल्द से जल्द केंद्र सुचारू रूप से शुरू किया जा सके।



उन्होंने कहा कि साथ ही आई पी पी बी के प्रतिनिधि को 0-5 वर्ष के बच्चों के पंजिकरण हेतु कैम्प लगाने तथा कैम्प की अवधि को सुबह 10:00 से अपराह्न 03:00 बजे तक करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जिले में आधार नामांकन, मोबाइल नंबर एवं पता अपडेट, बायोमेट्रिक अद्यतन तथा लंबित आवेदनों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।

उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने सभी प्रखंडों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में आधार कवरेज अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि आधार कार्ड आज सभी सरकारी योजनाओं का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है, इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कोई भी पात्र व्यक्ति आधार से वंचित न रहे। विशेष रूप से नवजात बच्चों, स्कूली छात्रों, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के आधार नामांकन एवं अपडेट पर प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया।

उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आधार केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर आवश्यक संसाधन एवं कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने सेवा की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता पर विशेष जोर देते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि आधार सेवाओं को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से लागू करना जिला प्रशासन की प्राथमिक प्राथमिकता है।

## सरकार ने जिस उद्देश्य से पदस्थापित किया है उसे पूरा करने की होगी कोशिश : आईजी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** पुष्पा हत्याकांड मामले को लेकर बोकारो के आईजी का भी तबादला राज्य सरकार ने कर दिया है। नव पदस्थापित आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने आज उत्तरी छोटा नागपुर प्रक्षेत्र के 14 वें आईजी के रूप में पदभार ग्रहण किया। राज्य सरकार ने सुनील भास्कर का तबादला देर रात कर दिया था।

योगदान देने के बाद अपनी प्राथमिकताओं को लेकर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हमारी क्या रणनीति होगी इसका खुलासा हम सार्वजनिक नहीं कर सकते हैं। लेकिन क्राइम क्रिमिनल नक्सली को लेकर टीम वर्क के साथ हमारे सभी जिला के एसपी के साथ काम करेंगे। काम का तरीका टीम वर्क होगा ।

लोगों के लिए सरल सुलभ उपलब्ध रहना जरूरी है, क्योंकि राज्य सरकार ने जिस उद्देश्य के साथ मुझे यहां पर पदस्थापित किया है। लोगों की सेवा है और उनके समस्या का समाधान करना है।

## पेटरवार गेस्ट हाउस में मुख्य न्यायाधीश को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, किया पौधारोपण





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** शनिवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति महेश शरदचन्द्र सोनकको पेटरवार स्थित गेस्ट हाउस परिसर में पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर पूरा वातावरण गरिमामय बना रहा।

मुख्य न्यायाधीश ने अपनी धर्मपत्नी के साथ गेस्ट हाउस परिसर में पौधरोपण किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रतीक मानी गई।

**जिला बॉर्डर पर हुआ आत्मीय स्वागत-** इससे पूर्व, पेटरवार जिला बॉर्डर पर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथु सिंह मीणा ने पौधा भेंट कर माननीय मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया।

मुख्य न्यायाधीश के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।**देवघर दौरे के क्रम में हुआ ठहराव-** उल्लेखनीय हो कि मुख्य न्यायाधीश अपने देवघर दौरे के क्रम में कुछ समय के लिए परिवारजनों के साथ पेटरवार स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में ठहरे थे। मौके पर जिला - अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## राज्य बार काउंसिल का सदस्य चुने जाने पर मौली सिन्हा का तेनुघाट में स्वागत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेनुघाट (बोकारो)।** झारखंड राज्य बार काउंसिल के सदस्य पद पर निर्वाचित अधिवक्ता मौली सिन्हा के तेनुघाट आगमन पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने उन्हें गर्म जोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में अधिवक्ता मौली सिन्हा को बुके और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। स्थानीय अधिवक्ताओं ने भी उन्हें फूलमाला पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यवहार न्यायालय तेनुघाट के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि, अधिवक्ता मौली सिन्हा झारखंड हाईकोर्ट रांची में प्रैक्टिस करतीं हैं। बार काउंसिल चुनाव 2026-2031 में शानदार जीत दर्ज करने के बाद वे तेनुघाट पहुंची थी। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि मौली सिन्हा की जीत पूरे झारखंड के वकील समुदाय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि मौली सिन्हा बार काउंसिल में अधिवक्ताओं के हितों, न्याय व्यवस्था और पेशेवर मुद्दों पर मजबूती से काम करेंगे। अधिवक्ता मौली सिन्हा ने सभी उपस्थित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नई जिम्मेदारी में वे वकीलों के अधिकारों की रक्षा और न्यायपालिका को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। स्वागत करते समय वरीय अधिवक्ता राम विश्वास महथा, राम बल्लभ महतो, अरुण कुमार सिन्हा, बद्री नारायण पोद्दार, सुरेश कुमार तिवारी, डी एन तिवारी, मो मोबीन, वकील महतो, जनार्दन प्रसाद, बीरेंद्र प्रसाद, पूनम कुमारी, गीता सिन्हा, रमेंद्र कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, वेंकट हरि विश्वनाथन, शंकर ठाकुर, आनंद कुमार श्रीवास्तव, रतन कुमार सिन्हा, मनोज कुमार, बीरेंद्र कुमार सिन्हा, रोहित पराशर, जीवन सागर, प्रताप कुमार, रवींद्र नाथ बोस, पी सी दास, मनोज चौबे, राजकुमार यादव, तेजू करमाली, अजय अंबष्ट आदि शामिल थे।

## बीएसएल के कोक ओवन की विभागीय समस्याओं को लेकर विचार विमर्श

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन विभागीय कमिटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विभागीय अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। संचालन यूनियन के मंत्री हसनैन बाबू ने किया।

बैठक मे विभागीय समस्या पर विशेष रूप से चर्चा हुई। प्लांट मे सुरक्षा, इंसेंटिव रिवॉर्ड ,विभाग में ठेका मजदूरों को मिनिमम वेज तथा सभी को सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराना आदि विषयों पर चर्चा की गई।



यूनियन के महामंत्री विनोद कुमार ने में कहा कि कोक ओवन विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मेहनत और लगन से अब तक का अत्यधिक ओवन पुशिंग का रिकॉर्ड बनाया है। उन्हें इस उपलब्धि के बदले प्रोत्साहन के रूप में सेलम का स्टील सेट बर्तन दिया जाना चाहिए, ताकि कर्मचारी अपनी कार्य कुशलता के दम पर कंपनी को और भी ऊंचाई तक पहुंचाने में अपनी सहभागिता इसी प्रकार निभाते रहें। उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारियों को समय पर सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करा दिया जाए ताकि वह अपने कार्यस्थल पर सुरक्षा पूर्वक कार्य कर सके। कई वर्षों से इनसेंटिव रिवॉर्ड रिवाइज नहीं हुआ है। उसमें सुधार की जरूरत है।

महामंत्री विनोद कुमार ने कोक ओवन की बैठक में अपने कार्यकताओं को बताया कि जल्द ही सीजीएम और उच्च अधिकारियों से बैठक कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। ऐसा नहीं होने पर मजदूर हित में जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

# लापता लैब टेक्नीशियन संतोष का अभी तक पता नहीं, परिजनों ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप

## कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** विगत 27 अगस्त 2025 से लापता लैब टेक्नीशियन संतोष कुमार का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

सेक्टर 6 थाना क्षेत्र से 27 अगस्त 2025 से लापता लैब टेक्नीशियन संतोष कुमार का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। महीनों बीत जाने के बाद भी बोकारो पुलिस उसे खोजने में नाकाम रही है। परिजनों ने संतोष की बरामदगी या उसके बारे में पुख्ता सूचना देने वालों के लिए 2 लाख रुपये के इनाम की भी घोषणा की है। इसके बावजूद मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है।

संतोष के लापता होने के बाद से परिवार की आर्थिक स्थिति बुरी तरह बिगड़ चुकी है। देहरादून में पढ़ रही उनकी बेटी की पढ़ाई पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। रिटायर्ड पिता लक्ष्मी सिंह की 3,000 रुपये मासिक पेंशन से ही किसी तरह घर का खर्च चल रहा है।

परिजनों ने पुलिस पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस सिर्फ आश्वासन देती है और उल्टे घरवालों पर ही संतोष को गायब करने के आरोप लगाकर धमकाती है। परिवार का



आरोप है कि जांच की दिशा शुरू से ही संदिग्ध रही है।

परिवार के अनुसार, संतोष 27 अगस्त की सुबह लगभग 6:00 बजे घर से यह कहकर निकले थे कि जल्द लौटकर ड्यूटी के लिए जाएंगे, लेकिन वे न तो घर लौटे और न ही उस दिन ड्यूटी पर पहुंचे। इसके बाद परिजनों ने खुद जांच-पड़ताल शुरू की।

परिजनों ने सेक्टर 11 स्थित एक पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें संतोष आखिरी बार एक महिला उर्मिला के साथ पेट्रोल पंप के पास देखे गए। फुटेज में संतोष के पीछे बाइक पर बैठी एक महिला जाती दिखाई दी। बाद में पड़ताल में वही बाइक सेक्टर 11 के ही निचले ब्लॉक में खड़ी मिली।




परिजनों का आरोप है कि जिस महिला उर्मिला के साथ संतोष सीसीटीवी फुटेज में दिखे थे, उसे सेक्टर 6 पुलिस ने पहले पूछताछ के लिए थाने लाकर छोड़ दिया और बाद में किसी अन्य मामले में जेल भेज दिया। परिवार का कहना है कि उस महिला को पकड़कर थाने लाने के लिए सेक्टर 6 थाना पुलिस ने उनसे ही किराये की गाड़ी मंगवाकर उसका खर्च भी उनसे वसूल किया। पुलिस की ओर से कथित तौर पर यह तर्क दिया गया कि अगर महिला को जल्द लाना है तो सरकारी पचड़े से बचने के लिए ऐसा करना होगा। पुलिस ने डॉग स्क्वाड और तकनीकी अनुसंधान की मदद लेने की बात जरूर कही, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।

परिजनों का आरोप है कि थाना प्रभारी ने जेल में बंद महिला का नार्को टेस्ट कराने की बात कही थी, साथ ही संतोष की पत्नी का भी नार्को टेस्ट कराने की बात कहकर उन्हें धमकाया जा रहा है।

इस पूरे मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मामले में हस्तक्षेप किया था और वरीय अधिकारियों से बात भी की थी, लेकिन ठोस परिणाम सामने नहीं आया।

परिजन अब यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या उन्हें भी पुष्पा कुमारी मामले की तरह संतोष को खोजने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा, तभी पुलिस सक्रिय होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com